3 राजधानी
झूम के बरसे बदरा, टूटा 20 साल का रिकॉर्ड

6 प्रादेशिकी
तालाब में डूबे पांच मासूम, मौत

10 विदेश
यूक्रेन को क्लस्टर बम मुहैया कराएगा अमेरिका

11 राष्ट्रीय
महाराष्ट्र में पद के लिए पाला बदल रहे नेता

RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 11 अंक 242
नई दिल्ली, रविवार, 9 जुलाई, 2023
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित
# पायनियर
www.dailypioneer.com



सिंधु कनाडा ओपन के सेमीफाइनल में
स्पोर्ट्स-12

# बंगाल पंचायत चुनाव में हिंसा, 12 की मौत

## मारे गए लोगों में टीएमसी के आठ, भाजपा, माकपा, कांग्रेस और आईएसएफ के एक-एक कार्यकर्ता शामिल

- मतपेटियों की चोरी, जलाए जाने व राजनीतिक कार्यकर्ताओं के खिलाफ जनता में गुस्सा भी देखा गया
- विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी ने राज्य में राष्ट्रपति शासन लागू करने की मांग की



पश्चिम बंगाल में उत्तर 24 परगना के बारासात जिले में पंचायत चुनाव के दौरान भिड़ते प्रतिद्वंदी गुटों के कार्यकर्ता।

**पायनियर समाचार सेवा।** कोलकाता

**पश्चिम** बंगाल में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के दौरान व्यापक हिंसा में 12 लोग मारे गए। हिंसा के कारण राजनीतिक दलों के बीच आरोप-प्रत्यारोप शुरू हो गया है।

अधिकारियों ने बताया कि मध्यरात्रि से हिंसा में मारे गए लोगों में सत्तारूढ़ दल तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के आठ सदस्य, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा), मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा), कांग्रेस और इंडियन सेक्युलर फ्रंट (आईएसएफ) के एक-एक कार्यकर्ता शामिल है। चुनाव को विश्लेषकों द्वारा 2024 के संसदीय चुनावों के लिए परीक्षा के रूप में देखा जा रहा है। शनिवार को मतदान के दौरान मतपेटियों की चोरी और जलाए जाने तथा राजनीतिक कार्यकर्ताओं के खिलाफ जनता के गुस्से के दृश्य भी देखे गए। मुर्शिदाबाद, नदिया और कूच बिहार जिले के अलावा दक्षिण 24 परगना के भांगर और पूर्वी मेदिनीपुर के नंदीग्राम में हिंसा हुई है।

अधिकारियों ने बताया कि राज्य के ग्रामीण इलाकों की 73,887 सीटों पर सुबह सात बजे मतदान शुरू हुआ और 5.67 करोड़ मतदाता लगभग 2.06 लाख उम्मीदवारों की किस्मत का फैसला करेंगे। मतदान के गति पकड़ने के साथ राजनीतिक दलों ने एक दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप लगाए। टीएमसी की वरिष्ठ मंत्री शशि पांजा ने कहा, बीती रात से चौंकाने वाली घटनाओं की सूचना मिल रही है। भाजपा, माकपा और कांग्रेस ने साठगांठ की थी। उन्होंने केंद्रीय बलों की भूमिका (शेष पेज 9)

## भाजपा ने टीएमसी पर बोला तीखा हमला

- कहा- हत्याओं को सत्ता की गारंटी समझती है तृणमूल कांग्रेस



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**भारतीय** जनता पार्टी (भाजपा) ने शनिवार को पश्चिम बंगाल में पंचायत चुनाव में हिंसा के लिए राज्य की तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि वह हत्याओं को सत्ता की गारंटी समझती है तथा राज्य की बम संस्कृति से भारत और उसका लोकतंत्र दुनियाभर में शर्मसार हो रहा है।

केंद्रीय मंत्री एवं भाजपा नेता अनुराग ठाकुर ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर हमला बोलते हुए कहा कि वह राज्य में एक भी चुनाव हत्याओं और अराजकता के बिना नहीं करा सकतीं। उन्होंने कहा, पंचायत चुनाव में अपनी पार्टी का प्रभुत्व स्थापित करने के लिए वह कितना नीचे जाएंगी। भाजपा के एक अन्य नेता रविशंकर प्रसाद ने पश्चिम बंगाल में हिंसा पर चुप्पी के लिए कांग्रेस और वाम दलों को आड़े हाथ लेते हुए कहा कि ममता बनर्जी और ये दल लोकतांत्रिक (शेष पेज 9)

### राज्य में चुनाव के दौरान हिंसा का रहा है लंबा इतिहास

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में त्रिस्तरीय पंचायत चुनावों में हिंसा की परंपरा रही है जो शनिवार को मतदान के दौरान भी बरकरार दिखी जहां 12 लोगों की जान चली गई और इस तरह चुनाव की घोषणा के बाद एक महीने में हिंसा में कुल 30 लोगों की जान जा चुकी है। हालांकि पिछले पंचायत चुनावों की तुलना में यह आंकड़ा अपेक्षाकृत कम है। 2003 के पंचायत चुनाव के दौरान हिंसा में 76 लोगों (शेष पेज 9)

## 25 फीसदी तक घटेगा एसी चेयरकार व ईसी का किराया



- जिन ट्रेनों में पिछले महीने 50 फीसदी सीटें भरी, उनमें लागू होंगी रियायती दरें

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**रेलवे** बोर्ड ने एक आदेश में कहा है कि वंदे भारत और अनुभूति तथा विस्टाडोम बोगियों वाली सभी ट्रेन में एसी चेयर कार (सीसी)और एग्जीक्यूटिव श्रेणी (ईसी) के किराए में यात्रियों की संख्या के आधार पर 25 फीसदी तक की कटौती की जाएगी। आदेश के मुताबिक, किराए में रियायत परिवहन के प्रतिस्पर्धी माध्यमों के किराए पर भी निर्भर करेगी।

रेल सेवाओं के अधिकतम इस्तेमाल को ध्यान में रखते हुए रेल मंत्रालय ने रेलवे मंडलों के प्रधान मुख्य वाणिज्यिक प्रबंधकों को एसी सीट वाली ट्रेन के किराए में रियायत देने की शक्तियां प्रदान करने का फैसला किया है। रेलवे बोर्ड के आदेश में कहा गया है, अनुभूति और विस्टाडोम बोगियों समेत एसी सीट वाली सभी ट्रेन की एसी चेयर कार और एग्जीक्यूटिव श्रेणी में यह योजना लागू होगी। इसमें कहा गया है, रियायत मूल किराए पर अधिकतम 25 प्रतिशत तक हो सकती है। आरक्षण शुल्क, सुपरफास्ट सरचार्ज, जीएसटी जैसे अन्य शुल्क अलग से लिए जा सकते हैं। यात्रियों की संख्या के आधार पर किसी भी श्रेणी या सभी श्रेणियों में रियायत दी जा सकती है।

आदेश में यह भी कहा गया है कि पिछले 30 दिन के दौरान 50 फीसदी से कम यात्रियों वाली श्रेणियों पर विचार किया जा सकता है। इसमें कहा गया (शेष पेज 9)

# देश का कोई भी कोना विकास की दौड़ में पीछे न छूटेः मोदी

**भाषा।** वारंगल



**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को तेलंगाना में लगभग 6,100 करोड़ रुपए की कई महत्वपूर्ण अवसंरचना विकास परियोजनाओं की आधारशिला रखी और कहा कि 21वीं सदी के इस तीसरे दशक के हर पल का पूरा इस्तेमाल करना है, ताकि देश का कोई भी कोना तेज विकास की दौड़ में पीछे न छूटे। इस अवसर पर आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि आज जब भारत दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी आर्थिक शक्ति बना है, तो उसमें तेलंगाना के लोगों की बड़ी भूमिका है।

तेलंगाना में सत्तारूढ़ भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) ने इस कार्यक्रम का बहिष्कार किया। प्रधानमंत्री ने कहा, आज जब पूरी दुनिया भारत में निवेश के लिए आगे आ रही है, विकसित भारत को लेकर इतना उत्साह है, तब तेलंगाना के सामने अवसर ही अवसर हैं। मोदी ने कहा कि आज हर प्रकार से बुनियादी अवसंरचना के लिए पहले से कई गुना तेजी से काम हो रहा है और पूरे देश में राजमार्गों के साथ ही आर्थिक व औद्योगिक गलियारों का जाल बिछाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आज का नया भारत, युवा भारत है और वह ऊर्जा से भरा हुआ है। 21वीं सदी के इस तीसरे दशक में हमारे पास ए स्वर्णिम समय आया है। हमें इस समय के हर सेकेंड का पूरा इस्तेमाल करना है।

देश का कोई भी कोना, तेज विकास की किसी भी संभावना से पीछे नहीं रहना चाहिए। केंद्र की पूर्ववर्ती सरकारों पर निशाना साधते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत का तेज विकास पुरानी अवसंरचनाओं के बल पर संभव नहीं था, इसलिए नए लक्ष्य के साथ नए रास्ते भी बनाने पड़ते हैं। उन्होंने कहा, आने-जाने में अगर ज्यादा समय बर्बाद होगा, परिवहन अगर महंगा होगा, तो व्यवसाय को भी नुकसान होता है और लोगों को भी परेशानी होती है। इसलिए हमारी सरकार पहले से कहीं अधिक गति और व्यापक स्तर पर काम कर रही है। आज हर प्रकार की बुनियादी (शेष पेज 9)

### जनता का पारा चढ़ने पर सत्ता की गर्मी उतरते देर नहीं लगतीः प्रधानमंत्री का कांग्रेस पर तंज

**भाषा।** जयपुर

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने राजस्थान में सत्तारूढ़ कांग्रेस पर शनिवार को निशाना साधते हुए उसे लूट की दुकान व झूठ का बाजार बताया और तंज कसते हुए कहा कि जब जनता का पारा चढ़ता है तो सत्ता की गर्मी उतरते व सत्ता बदलते वक्त नहीं लगता।

बीकानेर के पास नौरंगदेसर में एक जनसभा को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा, राज्य की कांग्रेस नीत सरकार ने बीते चार साल में राजस्थान का बहुत नुकसान किया है और अगले विधानसभा चुनाव में अपनी संभावित हार को देखते हुए वह अभी से बाय बाय मोड (अलविदा की मुद्रा) में आ गई है। कांग्रेस पर कटाक्ष करते हुए मोदी ने कहा, राजस्थान में जब से कांग्रेस सत्ता में आई है इसने भ्रष्टाचार, अपराध और तुष्टिकरण के क्षेत्र में एक नई पहचान बनाई है। उन्होंने कहा कि महिला अपराध व बलात्कार में राजस्थान सबसे आगे है ऐसे में यहां की कांग्रेस सरकार का जाना तय है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस एक ऐसी पार्टी है जो सत्ता में रहती तो खा-खा कर देश को खोखला करती और जब इसके नेता बाहर जाते हैं तो देश को गाली देकर बदनाम करते हैं।

उन्होंने विदेश यात्रा के दौरान कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी के बयानों के संदर्भ में यह टिप्पणी की। मोदी ने कहा कि कांग्रेस राजनीति के लिए देश का अपमान करने और देश को नुकसान पहुंचाने से कभी नहीं चूकती जबकि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के लोग देश के लिए अपना सब कुछ त्यागने से नहीं चूकते, चाहे वह पद हो या प्रतिष्ठा। प्रधानमंत्री ने (शेष पेज 9)

# सामूहिक नेतृत्व से ही आगे बढ़ेंगेः पायलट

- विधानसभा चुनावों से पहले मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के साथ मतभेदों को भुलाकर आगे बढ़ने का दिया स्पष्ट संकेत

**एजेंसी।** नई दिल्ली



**कांग्रेस** के वरिष्ठ नेता सचिन पायलट ने राजस्थान विधानसभा चुनाव से कुछ महीने पहले मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के साथ मतभेदों को भुलाकर आगे बढ़ने का शनिवार को स्पष्ट संकेत दिया और कहा कि सामूहिक नेतृत्व ही चुनाव में आगे बढ़ने का एकमात्र रास्ता है।

पायलट ने कहा कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने उनसे कहा है कि भूलो, माफ करो और आगे बढ़ो तथा खरगे की यह बात उनके लिए एक सुझाव होने के साथ ही पार्टी अध्यक्ष का निर्देश भी है। राजस्थान के पूर्व उप मुख्यमंत्री ने यह टिप्पणी उस वक्त की है, जब गत बृहस्पतिवार को खरगे और राहुल गांधी ने प्रदेश के कांग्रेस नेताओं के साथ बैठक की थी, जिसमें एकजुट होकर आगामी राजस्थान विधानसभा चुनाव लड़ने का फैसला हुआ था। इस बैठक के बाद कांग्रेस के संगठन महासचिव के सी वेणुगोपाल ने यह संकेत दिया था कि राजस्थान विधानसभा चुनाव में कांग्रेस मुख्यमंत्री पद का चेहरा घोषित नहीं करेगी।

गहलोत के साथ मतभेदों को खत्म कर आगे बढ़ने का स्पष्ट संकेत देते हुए पायलट ने कहा, अशोक गहलोत जी उम्र में मुझसे बड़े हैं। उनको ज्यादा अनुभव है। उनके कंधों पर बड़ी जिम्मेदारियां हैं। जब मैं प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष था, तो मैंने कोशिश की थी कि सबको साथ लेकर चलूं। मुझे लगता है कि आज वह मुख्यमंत्री हैं, तो यह कोशिश कर रहे हैं कि सबको साथ लेकर चलें। उन्होंने कहा, अगर कहीं कुछ थोड़ा आगे-पीछे है, तो वो बहुत बड़ा मुद्दा नहीं है, क्योंकि पार्टी और जनता किसी व्यक्ति से ज्यादा महत्वपूर्ण हैं। यह बात मैं भी समझता हूं और वह भी समझते हैं। पायलट ने कांग्रेस नेतृत्व के साथ हुई हालिया बैठक का उल्लेख करते हुए कहा, बैठक में सार्थक, व्यापक और लंबी चर्चा हुई।

किस तरह से आने वाले चुनावों को लड़ना है और जीतना है, इस पर चर्चा की गई। 25 साल से राजस्थान में एक बार भाजपा और एक बार कांग्रेस की सरकार बनने का सिलसिला बना हुआ है, इस परिपाटी को तोड़ने के लिए हमें क्या करना है, इस पर हमारा बहुत अच्छा मंथन हुआ। इसके अच्छे परिणाम भी आएंगे। विधानसभा चुनाव में मुख्यमंत्री के चेहरे से जुड़े सवाल पर उन्होंने कहा कि दशकों से कांग्रेस की परंपरा रही है कि चुनाव से पहले पार्टी चेहरा घोषित नहीं करती। उन्होंने कहा, दशकों से कांग्रेस किसी प्रदेश में किसी एक (शेष पेज 9)

## बागी नेता लौट आते हैं तो मुझे कोई समस्या नहीं हैः शरद पवार

**नासिक (महाराष्ट्र)।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) प्रमुख शरद पवार ने शनिवार को कहा कि यदि उनके भतीजे अजित पवार की अगुवाई वाला बागी गुट पुनर्विचार करके पार्टी में लौट आता है तो उन्हें कोई समस्या नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि बागी नेता अब राजनीतिक रूप से अपरिपक्व नहीं रहे। यहां एक संवाददाता सम्मेलन में 82 वर्षीय पवार ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई को उद्धृत करते हुए कहा, मैं न तो थका हूं और ना ही सेवानिवृत्त हुआ हूं। उन्होंने कहा कि अगर कोई व्यक्ति अपना स्वास्थ्य अच्छा रखता है, तो उम्र कोई मायने नहीं रखती। अजित पवार के इस दावे पर कि अतीत में कई बार राकांपा के भीतर भाजपा से हाथ मिलाने को लेकर चर्चा हुई थी, पवार ने कहा कि चर्चाएं हर समय होती रहती हैं, लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि भाजपा के साथ जाने का निर्णय कभी लिया गया था। यह पूछे जाने पर कि क्या वह अजित और अन्य बागी नेताओं से पार्टी में लौटने की अपील करेंगे। पवार ने कहा, तनाव बढ़ाने के लिए मेरी ओर से कुछ नहीं किया जाएगा... अगर कोई पुनर्विचार करना चाहता है, तो कोई समस्या नहीं है...।

## क्विक न्यूज

### कर्नाटक में जैन मुनि की हत्या सीएम ने दिए जांच के आदेश

**बेलगावी (कर्नाटक)।** कर्नाटक के बेलगावी जिले के एक गांव में चौंकाने वाली घटना सामने आई है, जहां एक जैन मुनि के शव के टुकड़े बोरवेल से बरामद हुए हैं। पुलिस ने यह जानकारी दी। जिलेकी चिकोड़ी तालुक में कुएं मे शव के टुकड़े मिले हैं। मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने इस भयावह घटना के आलोक में एक जांच दल का गठन किया और अधिकारियो को मामले की गहन जांच के निर्देश दिए हैं। पुलिस ने कहा कि इस सिलसिले में नारायण बसप्पा मादी और हासन दलायथ नाम के दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बताया कि पीड़ित आचार्य श्री कामकुमार नंदी महाराज पिछले 15 वर्ष से नंदी पर्वत जैन बसदी में रह रहे थे। अधिकारी ने पीटीआई-भाषा को बताया, छह जुलाई को बसदी भीमप्पा उगारे के प्रबंधक ने जैन मुनि के लापता होने की शिकायत दर्ज कराई थी। हमने जांच शुरू की और दो लोगों को गिरफ्तार किया। पूछताछ मे पता चला कि जैन धर्म के दिगंबर संप्रदाय से ताल्लुक रखने वाले मुनि पैसे उधार देते थे। बताया जाता है कि संदिग्धों ने उनसे पैसे उधार लिए थे।

## सबसे अधिक वर्षा, जलभराव और जाम से दिल्ली बेहाल



दिल्ली-हरियाणा समेत उत्तर भारत के ज्यादातर हिस्सों में शनिवार को भारी बारिश हुई। इन क्षेत्रों में सुबह साढ़े 8 बजे से दोपहर ढाई बजे तक 5 से 9 सेंटीमीटर वर्षा दर्ज की गई, जो इस सीजन की सबसे अधिक है। राजधानी दिल्ली सुबह से रात तक जलभराव और जाम से बेहाल रही। मौसम विभाग ने रविवार को भी मध्यम स्तर की बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है।

# चीन से आजादी नहीं चाहिए बातचीत को तैयारः दलाई लामा

- कहा-चीन बदल रहा है, उसे अहसास हो चुका है कि तिब्बत के लोग बहुत शक्तिशाली हैं

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**तिब्बत** के आध्यात्मिक गुरु दलाई लामा ने चीन से बातचीत की शनिवार को इच्छा जताई, साथ ही स्पष्ट किया कि वह चीन से तिब्बत की आजादी की मांग नहीं कर रहे हैं।

दिल्ली के लिए रवाना होने से पहले कांगड़ा हवाईअड्डे पर उन्होंने संवाददाताओं से कहा, चीन बदल रहा है और उसे अब यह अहसास हो चुका है कि तिब्बत के लोग बहुत शक्तिशाली हैं। उन्होंने कहा, तिब्बत की समस्या से निपटने के लिए वह (चीन) मुझसे संपर्क करना चाहते हैं और मैं भी बिल्कुल तैयार हूं।

एक सवाल के जवाब में दलाई लामा ने कहा, मैं चीन के साथ बातचीत के लिए हमेशा तैयार हूं और वर्षों पहले यह स्पष्ट कर चुका हूं कि हम पूर्ण आजादी नहीं मांग रहे हैं। हम चीन गणराज्य का हिस्सा रहेंगे। तिब्बती आध्यात्मिक गुरु लद्दाख के लिए रवाना होने से पहले दो दिन दिल्ली में ही रुकेंगे। छह जुलाई को, दलाई लामा ने अपना 88वां जन्मदिन मनाया और अपने निवास के करीब धर्मशाला में मुख्य तिब्बती मंदिर का दौरा किया।

दलाई लामा की वेबसाइट पर जारी आधिकारिक बयान के अनुसार, समारोह के दौरान सभा को संबोधित करते हुए दलाई लामा ने कहा कि वह किसी से नाराज नहीं हैं, यहां तक कि उन चीनी नेताओं से भी नहीं, जिन्होंने तिब्बत के प्रति कठोर रवैया अपनाया है। दलाई लामा ने कहा कि मैं तिब्बत में पैदा हुआ था और मेरा नाम दलाई लामा है, लेकिन तिब्बत के हित के लिए काम करने के अलावा, मैं सभी संवेदनशील प्राणियों के कल्याण के लिए काम कर रहा हूं। मैंने आशा खोए बिना जो कुछ भी कर सकता था वह किया (शेष पेज 9)

# सीमा जेल से रिहा, बोली- हिंदू धर्म अपनाया

## सबूत मांगेंगे तो गंगा नहा लूंगी, प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री योगी से अपील- यहीं रहने दें

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा



जेल से छुटने के बाद मीडिया से बातचीत करती सीमा, साथ में प्रेमी सचिन और बच्चे।

पाकिस्तानी महिला सीमा हैदर गुलाम और उसके प्रेमी सचिन को शनिवार को नोएडा जेल से रिहा कर दिया गया। दोनों सुबह 11 बजे रबुपुरा स्थित सचिन के घर पहुंचे। यहां कपल ने मीडिया से बात की।

सीमा ने कहा कि उसने सचिन से नेपाल के पशुपतिनाथ मंदिर में शादी की थी। हिंदू धर्म भी अपना लिया है। इसके बाद भी दुनिया सबूत मांगती है, इसलिए अब वह कोर्ट मैरिज करेगी और गंगा भी नहाएगी। सचिन को तीन साल से जानती थी। उनके बगैर नहीं रह सकती। अब सचिन के साथ ही रहूंगी, पाकिस्तान नहीं जाऊंगी। साथ ही सीमा ने योगी और मोदी से गुहार लगाई कि उसे नोएडा में ही रहने दिया जाए। मीडिया से बात करते हुए कपल काफी खुश दिख रहा था। यही नहीं, कुछ सवालों में सीमा झिझकती नजर आई। इस दौरान वह सचिन को देखकर मुस्कराती हुई दिखाई दी। यही नहीं, दोनों ने लास्ट में बच्चों के साथ फोटो भी खिंचवाई।

सीमा हैदर गुलाम ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि वह सचिन के प्यार में यहां आई। यहां के लोगों को पता चला कि वह पाकिस्तानी तो मुझे बहुत इज्जत दे रहे थे। सीमा और सचिन के वकील हेमंत कृष्ण पाराशर ने कहा कि अब पुलिस इस मामले में कोर्ट में चार्जशीट दायर करेगी। इसे नॉर्मल केस की तरह ही लड़ा जाएगा।

चार्जशीट के बाद जितनी भी तारीख आएंगी, उसमें कपल को जाना होगा। इसके अलावा जांच एजेंसियां अपना काम करती रहेंगी।

सीमा-सचिन को जांच में सहयोग करना होगा। शुक्रवार को नोएडा कोर्ट में वकील हेमंत कृष्ण पाराशर ने दावा किया था. दोनों ने नेपाल में शादी की, इसके बाद सीमा भारत आई। दयही नहीं, पिछले महीने 30 जून को दोनों बुलंदशहर में कोर्ट मैरिज भी करने वाले थे, लेकिन पाकिस्तान से कनेक्शन होने के चलते शादी नहीं हो सकी। दोनों लौट कर घर आ गए। वकील पाराशर ने सीमा.सचिन के प्यार, उनके चार बच्चों की देखरेख और सुरक्षा का हवाला दिया। इससे पहले गुरुवार को कोर्ट ने सचिन के पिता नेत्रपाल को जमानत दे दी थी।

### सीमा को अपनाने के लिए तैयार पाकिस्तानी पति, मांगी मदद

*नोएडा। पाकिस्तानी महिला सीमा गुलाम हैदर के पति ने मीडिया के माध्यम से अपनी पत्नी को वापस पाकिस्तान भेजने की गुहार भारत सरकार से लगाई है। गुलाम हैदर जखरानी ने सोशल मीडिया के जरिए और भारतीय मीडिया से संपर्क करके पत्नी-बच्चों से बिछड़ने का दर्द बयां किया है। उसने कहा कि वह सबकुछ भूलकर सीमा को अपनाने के लिए तैयार है। जखरानी का आरोप है कि उसकी पत्नी को बरगला कर पाकिस्तान से ले जाया गया है। जखरानी के अनुसार वह पाकिस्तान में ऑटोरिक्शा चलाता था। उसीमा जब चौथे बच्चे की मां बनने वाली थी, तो परिवार का खर्च उठाना और मुश्किल हो जाता इसलिए वह बच्ची के जन्म से पहले ही पैसे कमाने के लिए* सऊदी अरब चला गया। वह से वह रोज सीमा से बात करता था। एक दिन सीमा ने बच्चों को लेकर सऊदी अरब आने की बात कही। उसने कहा कि सऊदी अरब जाने के लिए ही सीमा हैदर ने अपना और बच्चों का पासपोर्ट बनवाया था,लेकिन अपने प्रेमी सचिन के प्यार में बच्चों को लेकर हिंदुस्तान चली आई।

### प्यार की चर्चा विदेशों में भी

मीडिया में सुर्खियों में आने के बाद पाकिस्तानी महिला सीमा हैदर और उसके प्रेमी सचिन की प्रेम कथा देश ही नहीं बल्कि विदेश में भी छा गई है। सरहद पार के प्यार का क्या अंजाम होगा, लोग इसमें काफी दिलचस्पी दिखा रहे हैं। यही कारण है कि कई देशों के लोग इस मामले पर नजर बनाए हुए हैं। पाकिस्तानी मीडिया और सोशल मीडिया में भी ये मामला छाने लगा है। दोनों देशों के मीडियाकर्मी इस मामले की अपडेट जानकारी जुटाने का प्रयास कर रहे हैं। कानून के जानकारों के अनुसार फिलहाल सचिन के साथ सीमा हैदर भारत में ही रहेगी। आगे अदालत जो आदेश देगी उसके अनुसार भारत सरकार निर्णय लेगी।

# ग्रेनो में दोपहिया वाहन चोर गिरोह का खुलासा, 3 धरे

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा



ग्रेटर नोएडा की बिसरख थाना पुलिस ने दो पहिया वाहन चोरी करने वाले गैंग का खुलासा किया है। पुलिस ने इस गैंग का खुलासा करते हुए तीन शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है।

इनके कब्जे से चोरी की तीन मोटरसाइकिल और घटना में प्रयुक्त एक छोटा हाथी बरामद किया है। थाना बिसरख पुलिस द्वारा बीट पुलिसिंग और लोकल इंटेलिजेंस की सहायता से चेकिंग के दौरान नया हिण्डन पुल राइस चौक से 3 चोरों को गिरफ्तार किया। इस दौरान तालीम खान, मौसीन और राजू को गिरफ्तार किया गया। इस दौरान पुलिस ने इन लोगों के कब्जे से हो निशानदेही पर तीन चोरी की मोटरसाइकिल और एक छोटा हाथी गाड़ी बरामद की।

बिसरख थाना प्रभारी अनिल राजपूत ने बताया कि ये तीनों बड़े ही शातिर किस्म के अपराधी हैं, जो अपना गैंग बनाकर नोएडा व एनसीआर क्षेत्र मे घूम-घूमकर गौर सिटी मॉल, महागुन मार्ट, चेरी काउन्टी मार्किट व रोजा जलालपुर गांव के आसपास नो पार्किंग जोन में खड़ी बाइकों को निशाना बनाकर चोरी करके छोटा हाथी में लादकर मायापुरी फेस.2 दिल्ली में विपिन कबाड़ी को बेच देते थे। जो रूपये मिलते हैं इन्हें आपस में बांट लेते हैं।

इन चोरों के द्वारा थाना क्षेत्र और अन्य आस.पास के थाना क्षेत्रों से कुल 30-35 मोटरसाइकिल को चोरी कर औने-पौने दामों पर दिल्ली के विपिन कबाड़ी को बेचना स्वीकार किया है। कबाड़ी विपिन अभी फरार है, जिसकी तलाश की जा रही है। पुलिस का कहना है कि जल्दी उसको भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा। इन लोगों के अन्य आपराधिक इतिहास की जानकारी जुटाई जा रही है।

## बैंक ऑफ इंडिया ने प्राधिकरण को वापस किए 196.20 करोड़ रुपये

**नोएडा।** बैंक ऑफइंडिया की सेक्टर.62 शाखा ने नोएडा प्राधिकरण के खाते में सावधि जमा 196.20 करोड़ रुपये वापस कर दिए हैं।

बैंक ने प्राधिकरण को आश्वासन दिया है कि बाकी 3.80 करोड़ रूपये की राशि तथा देय ब्याज की रकम एक सप्ताह में बैंक के बोर्ड से अनुमोदित कराकर वापस कर दी जाएगी। यह जानकारी नोएडा प्राधिकरण के ओएसडी इन्दू प्रकाश ने दी है। उन्होंने बताया कि 23 जून को नोएडा प्राधिकरण ने बैंक ऑफ इंडिया की सेक्टर.62 स्थित शाखा में एफ डी किये जाने के लिए 200 करोड़ रूपये की राशि हस्तांतरित की थी।

बैंक ने प्राधिकरण के किसी आदेश के बिना 3.80 करोड़ रूपये की राशि तीन व्यक्तियों के खातों में ट्रांसफर कर दी थी। आदेश के बाद भी शेष धनराशि 196.20 करोड़ प्राधिकरण के खाते में हस्तांतरित नहीं की थी। बाद में वह वापस कर दी गई। यह पूरा प्रकरण बेहद सनसनीखेज है। आपको धैर्य से समझना पड़ेगा। दरअसल, नोएडा प्राधिकरण विभिन्न माध्यमों से आने वाली धनराशि में से एक बड़ी राशि को अलग अलग बैंकों में फिक्स डिपोजिट में रखता है। यह प्रक्रिया प्राधिकरण की स्थापना के समय से ही चल रही है। आज तक ऐसा कभी नहीं हुआ था जो इस बार हो गया।

### धर्मांतरण मामले में तीन आरोपी गिरफ्तार

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद पुलिस ने धर्मांतरण कराने वाले एक बड़े गैंग का पर्दाफाश किया है। देवबंद मदरसे के छात्र अब्दुल्ला , कोचिंग चलाने वाले मुशीर और प्राइवेट कंपनी के कर्मचारी राहिल को गिरफ्तार किया गया है। इनमें से अब्दुला और राहिल पहले हिंदू थे, जो अब मुस्लिम बन चुके हैं। इस गैंग के अब तक 7 युवक-युवतियों का धर्मांतरण कराने की बात पुष्टि हुई है।

मुशीर और राहिल उर्फ राहुल दिल्ली के रहने वाले हैं। जबकि अब्दुल्ला उर्फ सौरभ खुराना पलवल का रहने वाला है। इस गैंग का मकसद क्या था, कौन इसको फंडिंग कर रहे थे, मास्टरमाइंड कौन है, फिलहाल साफ हो पाया है।

## भाजपा में महानगर अध्यक्ष बदले जाने की चर्चा तेज हुई

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

- **नया अध्यक्ष त्यागी, ब्राह्मण या फिर पंजाबी समाज से हो सकता है**

भारतीय जनता पार्टी के महानगर अध्यक्ष पद पर बदलाव होना अब लगभग निश्चित हो गया है।

यह भी चर्चा है कि नया अध्यक्ष त्यागी, ब्राह्मण या फि र पंजाबी समाज से हो सकता है। यहां यह भी बताना महत्वपूर्ण है कि भाजपा के जनप्रतिनिधि अलग अलग नाम के लिए लॉबिंग कर रहे हैं।

पहले चर्चा थी कि जुलाई के प्रथम सप्ताह में नए अध्यक्ष बनाए जा सकते हैं। भाजपा के सूत्रों की मानें तो गाजियाबाद में अध्यक्ष का रिपीट होना संभव नहीं है। फि लहाल महनगर अध्यक्ष की दौड़ में केके शुक्ला, अशोक मोंगा, अजय शर्मा, मयंक गोयल, राजेश त्यागी, अश्वनी शर्मा, योगेश त्रिपाठी का नाम प्रमुख रूप से लिया जा रहा है।

केके शुक्ला की पैरवी एक मजबूत राजनीतिक घराने से हो रही है। अजय शर्मा की पैरवी पूर्व मंत्री के खेमे से हो रही है। अश्विनी शर्मा और योगेश त्रिपाठी संगठन के अपने अनुभव के आधार पर जमे हुए हैं।

### शहीद दिवस कार्यक्रम में पहुंचे सांसद को दिखाये काले झंडे

गाजियाबाद। 1857 स्वतंत्रता संग्राम के दौरान शहीद किए गए सीकरी खुर्द गांव के 131 लोगों की शहादत की याद में आयोजित शहीद दिवस कार्यक्रम विरोध प्रदर्शन की भेंट चढ़ गया। राहुल गुर्जर के मुताबिक मंदिर परिसर में आयोजित शहीद दिवस कार्यक्रम में भाजपा सांसद डॉ सत्यपाल सिंह को भी आमंत्रित कर दिया गया, जबकि शत्रु संपत्ति प्रकरण को लेकर गांव के लोग डॉ सत्यपाल सिंह की कार्यशैली से नाराज हैं। लोगों को पता चला कि शहीद दिवस में सत्यपाल को आमंत्रित किया गया है तो सांसद का विरोध करने के लिए गांववासी हाथों में काले झंडे लेकर मंदिर पर पहुंच गए और काले झंडे लहराकर नारेबाजी की।

## संक्षिप्त समाचार



लोन दिलाने के नाम पर ऑनलाइन ठगी करने वाले पुलिस गिरफ्त में।

### ऑनलाइन ठगी करने वाले तीन पकड़े गए

**नोएडा।** लोन दिलाने के नाम पर ऑनलाइन फ्रॉड कर लोगों के साथ ठगी करने वाले 3 बदमाशों को थाना फेज-3 पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से 8 मोबाइल फोन, 1 लैपटॉप और 1.30 लाख रुपए नगद बरामद किए गए है। पुलिस ने बताया कि ये लोग डेटा चोरी कर पहले उन लोगों को फोन करते थे जिनको लोन लेना होता था। या फिर जिनका कैंसिल हो गया होता था। फोन पर ये अपने को प्रतिष्ठित बैंक का कर्मचारी बताकर बातचीत करते थे। झांसे में लेने के बाद ये वॉट्सऐप पर क्यूआर कोड भेजकर उसे स्कैन करने के लिए कहते थे। जैसे ही कोई क्यू आर कोड को स्कैन करता उसके अकाउंट से पैसे कट जाते थे। ये लोग कई लोगों को अपना शिकार बना चुके है। इसके अलावा प्रोसेसिंग फीस लेने के नाम पर भी ये लोग पैसा ऐठते थे। आरोपियों की पहचान प्रकाश, आशीष, नवीन हुई है। इनका एक साथी अजय सिंह राजपूत उर्फ विक्रम अभी फरार है।

### मकान का ताला तोड़कर लाखों की चोरी

**नोएडा।** थाना सेक्टर-39 क्षेत्र के सेक्टर-37 अरुण विहार कॉलोनी में चोरों ने एक मकान का ताला तोडकर करीब 20 लाख रुपयै के जेवरात व कीमती सामान पर हाथ साफ कर दिया। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। सेक्टर-37 अरुण विहार निवासी शालिनी सिंह ने दर्ज रिपोर्ट में बताया कि वह 6 जुलाई को अपने घर का ताला लगाकर ऑफिस के लिए चली गई थी। शाम के समय जब वह वापस लौटी तो उन्हें मुख्य द्वार का ताला टूटा हुआ मिला। अंदर जाकर देखा तो सभी सामान अस्त-व्यस्त पड़ा हुआ था। घर के अंदर रखी दोनों अलमारियां खुली हुई थी और उनके ताले टूटे हुए थे। शालिनी सिंह के मुताबिक चोर उनके घर से करीब 33 तोले सोने के जेवरात व अन्य कीमती सामान को चोरी कर ले गए थे। उन्होंने इसकी सूचना तुरंत पुलिस को दी।

### अमित कसाना समेत 7 बदमाशों की संपत्ति होगी जब्त

**नोएडा।** कुख्यात रणदीप भाटी के भांजे अमित कसाना समेत सात बदमाशों की कुल 20 करोड़ की संपत्ति जब्त करने का आदेश गौतमबुद्ध नगर पुलिस आयुक्त न्यायालय ने दिया है। इसके अलावा नौ बदमाशों को जिले की सीमा से जिला बदर किया गया है। अमित कसाना के अलावा मोहित गोयल, अनिल राणा, दीपक कुमार, वसीम, अमित उर्फ बिल्लोरी, उमेश गुप्ता की संपत्ति जब्त होगी। बदमाशों की आर्थिक रूप से कमर तोड़ी जा रही है। कुछ दिन पहले रणदीप भाटी गिरोह के शार्प शूटर योगेश डाबरा की भी संपत्ति जब्त हुई थी।

### स्क्रैप कारोबारी की कंपनी में हुई लाखों की लूट

**गाजियाबाद।** बीती रात मसूरी थाना क्षेत्र अंतर्गत हापुड़ रोड औद्योगिक क्षेत्र में स्थित अंशुल मशीनरी उद्योग नामक कंपनी पर धावा बोलकर हथियारबंद बदमाशों ने लाखों का माल लूट लिया। इस वारदात की सूचना मिलते ही एसीपी मसूरी नरेश कुमार सिंह व एसएचओ रविंद्रचंद्र पंत घटना स्थल पर पहुंच गये। कैला भट्टा निवासी स्क्रैप कारोबारी शमशुल हसन ने आज सुबह साढ़े बजे डायल 112 के माध्यम से पुलिस को सूचना दी कि बीती रात दो-तीन हथियरबंद बदमाशों ने उनकी कंपनी के गार्ड रामनाथ को बंधक बनाकर वहां से 50 लाख कीमत के बिजली के पैनल व कीमती सामान लूट लिया। पुलिस ने जहां कंपनी मालिक शमशुल हसन व गार्ड से चोर आठ-दस लाख का माल चुराकर ले गये हैं।


# JAMIA CO-OPERATIVE BANK LTD.

Administrative Office: 2/30, Okhla Road, Sarai Jullena, New Delhi-110025, Tel.: 011-26322236, 64558232

**For Complete Annual Report, Please Visit: Website: www.jamiacoopbank.com**

**Balance Sheet As at 31st March, 2023** (Amount in Rupees)

| | Particulars | Schedule No | As at 31st March, 2023 | As at 31st March, 2022 |
|---|---|---|---|---|
| A. | **Capital & Liabilities** | | | |
| 1. | Capital | 1 | 7,12,66,100 | 7,09,44,200 |
| 2. | Reserve & Surplus | 2 | 37,31,77,460 | 35,65,81,588 |
| 3. | Deposits and Other Accounts | 3 | 2,79,44,52,163 | 2,72,27,98,020 |
| 4. | Borrowings | | | |
| 5. | Other Liabilities and Provisions | 4 | 38,52,51,713 | 33,52,26,874 |
| | **TOTAL** | | **3,62,41,47,436** | **3,48,55,50,682** |
| B. | **Assets** | | | |
| 1. | Cash and Balances with Reserve Bank of India | 5 | 24,85,07,725 | 28,20,38,400 |
| 2. | Balances with Banks and Money at Call & Short Notice | 6 | 50,43,69,109 | 49,83,05,752 |
| 3. | Investments | 7 | 1,34,71,41,316 | 1,23,47,07,316 |
| 4. | Advances | 8 | 1,25,54,90,684 | 1,23,67,63,278 |
| 5. | Other Assets | 9 | 24,31,75,843 | 20,55,78,849 |
| 6. | Fixed Assets | 10 | 2,54,62,759 | 2,81,57,087 |
| 7. | NON- BANKING ASSETS ACQUIRED IN SATISFACTION OF CLAIMS | | | |
| | **TOTAL** | | **3,62,41,47,436** | **3,48,55,50,682** |
| C. | **CONTINGENT LIABILITIES** | 11 | **2,31,65,628** | **2,01,48,910** |
| D. | **Significant Accounting Policies** | 12 | | |
| E. | **Notes on Accounts** | 13 | | |

Sd- **Mohammad Adil** Managing Director | Sd- **Rajesh Gupta** Director | Sd- **Rehana Mishra** Director | Sd- **Chetan Sharma** Vice-Chairman | Sd- **M.Q.H. Beg** Chairman

**Profit & Loss Account For The Year Ended 31st March, 2023** (Amount in Rupees)

| | Particulars | Schedule No | Year Ended 31st March, 2023 | Year Ended 31st March, 2022 |
|---|---|---|---|---|
| A. | **INCOME** | | | |
| 1. | Interest Income | 14 | 26,79,60,077 | 25,42,10,893 |
| 2. | Other Income | 15 | 2,26,61,938 | 2,01,00,753 |
| | **TOTAL** | | **29,06,22,015** | **27,43,11,646** |
| B. | **EXPENDITURE** | | | |
| 1. | Interest expenses | 16 | 10,48,33,777 | 10,11,36,434 |
| 2. | Operating expenses | 17 | 14,25,98,107 | 13,00,59,442 |
| 3. | Provisions and Contingencies | 18 | 2,05,76,741 | 2,29,59,868 |
| | **TOTAL** | | **26,80,08,625** | **25,41,55,744** |
| C. | Net profit/(loss) for the year | | **2,26,13,390** | **2,01,55,902** |
| | Profit/(loss) brought forward | | | |
| | **TOTAL** | | **2,26,13,390** | **2,01,55,902** |
| D. | **Significant Accounting Policies** | 12 | | |
| E. | **Notes on Accounts** | 13 | | |

Sd- **Mohammad Adil** Managing Director | Sd- **Rajesh Gupta** Director | Sd- **Rehana Mishra** Director | Sd- **Chetan Sharma** Vice-Chairman | Sd- **M.Q.H. Beg** Chairman

*As per our Audit Report of even date*
**For *M/s AKLR & CO. LLP***
Chartered Accountants
FRN: 319237E/N500083
Sd/-
(**Ankit Karnani**), Partner
M.NO.528113 UDIN: 23528113BGWKB02806

Place: New Delhi
Date: 28.06.2023

## REPORT ON AUDIT OF THE STANDALONE FINANCIAL STATEMENTS OF JAMIA CO-OPERATIVE BANK LIMITED

**To**
**The Board of Directors / The Members of Bank,**
**Jamia Co-operative Bank Limited, New Delhi.**

**Opinion**

**1.** We have audited the accompanying Standalone Financial Statements of **Jamia Co-operative Bank Limited** ('the Bank') which comprise the Balance Sheet as at March 31, 2023, the Statement of Profit and Loss and the Statement of Cash Flows for the year then ended and notes to Financial Statements including Significant Accounting Policies and other explanatory information in which are included returns for the year ended on that date of 8 branches audited by us.

**2.** In our opinion and to the best of our information and according to the explanations given to us, the aforesaid Standalone Financial Statements give the information required by the Banking Regulation Act 1949 ("the Act") in the manner so required and are in conformity with the accounting principles generally accepted in India and give true and fair view of the state of affairs of the Bank as at March 31, 2023, and its Profit and its Cash Flows for the year ended on that date.

**Basis for Opinion**

3. We conducted our audit in accordance with the Standards on Auditing (SAs) issued by The Institute of Chartered Accountants of India. Our responsibilities under those Standards are further described in the Auditor's Responsibilities for the Audit of the Standalone Financial Statements section of our report. We are independent of the Bank in accordance with the code of ethics issued by the Institute of Chartered Accountants of India together with ethical requirements that are relevant to our audit of the Standalone Financial Statements under provision of the Act and we have fulfilled our other ethical responsibilities in accordance with these requirements and the code of ethics. We believe that the audit evidence obtained by us is sufficient and appropriate to provide a basis for our opinion.

**Emphasis of Matters**

**4.** Refer to Note no.28 of Notes on accounts, where two accounts with outstanding of Rs. 28.88 lakhs have been treated as standard in view of deficiencies considered temporary in nature. Further, the Bank has considered 5 accounts with outstanding of Rs. 55.03 lakhs as standard assets, although NPA as on 31st March, 2023, where accounts have been closed thereafter but before the finalization of audit.

However, our opinion is not modified in respect of the matters stated above.

**Key Audit Matters**

5. Key audit matters are those matters that in our professional judgment were of most significance in our audit of the financial statements of the current period. These matters were addressed in the context of our audit of the financial statements as a whole and in forming our opinion thereon and we do not provide a separate opinion on these matters.

**Information Other than the Financial Statements and Auditors Report thereon**

**6.** The Bank's Board of Directors is responsible for the other information. The other information comprises the information included in the Management report but does not include the Standalone Financial Statements and our Auditor's report thereon.

Our opinion on the Standalone Financial Statements does not cover the other information and we do not express any form of assurance conclusion thereon.

In connection with our audit of the Standalone Financial Statements, our responsibility is to read the other information and in doing so consider whether the other information is materially inconsistent with the Standalone Financial Statements or our knowledge obtained in the audit or otherwise appears to be materially misstated.

If, based on the work we have performed, we conclude that there is a material misstatement of this other information, we are required to report that fact. We have nothing to report in this regard.

**Responsibilities of Management and Those Charged with Governance for the Standalone Financial Statements**

**7.** The Bank's Board of Directors is responsible with respect to the preparation of these Standalone Financial Statements that give a true and fair view of the financial position financial performance and cash flows of the Bank in accordance with the accounting principles generally accepted in India including the Accounting Standards issued by The Institute of Chartered Accountants of India and provisions of Section 29 of the Banking Regulation Act 1949 and circulars and guidelines issued by the Reserve Bank of India ('RBI') from time to time. This responsibility also includes maintenance of adequate accounting records in accordance with the provisions of the Act for safe guarding of the assets of the Bank and for preventing and detecting frauds and other irregularities; selection and application of appropriate accounting policies; making judgments and estimates that are reasonable and prudent; and design implementation and maintenance of adequate internal financial controls that were operating effectively for ensuring the accuracy and completeness of the accounting records relevant to the preparation and presentation of the financial statements that give a true and fair view and are free from material misstatement whether due to fraud or error.

In preparing the Standalone Financial Statements, the management is responsible for assessing the Bank's ability to continue as a going concern, disclosing, as applicable, matters related to going concern and using the going concern basis of accounting unless management either intends to liquidate the Bank or to cease operations or has no realistic alternative but to do so.

The Board of Directors are also responsible for overseeing the Bank's financial reporting process.

**Auditor's Responsibilities for the Audit of the Financial Statements**

**8.** Our objectives are to obtain reasonable assurance about whether the Standalone Financial Statements as a whole are free from material misstatement whether due to fraud or error and to issue an auditor's report that includes our opinion. Reasonable assurance is a high level of assurance but is not a guarantee that an audit conducted in accordance with SAs will always detect a material misstatement when it exists. Misstatements can arise from fraud or error and are considered material If, individually or in the aggregate, they could reasonably be expected to influence the economic decisions of users taken on the basis of these Standalone Financial Statements.

As part of an audit in accordance with SAs, we exercise professional judgment and maintain professional skepticism throughout the audit. We also:

- Identify and assess the risks of material misstatement of the financial statements whether due to fraud or error design and perform audit procedures responsive to those risks and obtain audit evidence that is sufficient and appropriate to provide a basis for our opinion. The risk of not detecting a material misstatement resulting from fraud is higher than for one resulting from error as fraud may involve collusion, forgery, intentional omissions, misrepresentations or the override of internal controls.
- Obtain an understanding of internal control relevant to the audit in order to design audit procedures that are appropriate in the circumstances.
- Evaluate the appropriateness of accounting policies used and the reasonableness of accounting estimates and related disclosures made by management.
- Conclude on the appropriateness of management's use of the going concern basis of accounting and based on the audit evidence obtained whether a material uncertainty exists related to events or conditions that may cast significant doubt on the bank's ability to continue as a going concern. If we conclude that a material uncertainty exists, we are required to draw attention in our auditor's report to the related disclosures in the financial statements or if such disclosures are inadequate to modify our opinion. Our conclusions are based on the audit evidence obtained up to the date of our auditor's report. However, future events or conditions may cause the bank to cease to continue as a going concern.
- Evaluate the overall presentation structure and content of the standalone financial statements including the disclosures and whether the financial statements represent the underlying transactions and events in a manner that achieves fair presentation.

Materiality is the magnitude of misstatements in the Standalone Financial Statements that individually or in aggregate makes it probable that the economic decisions of a reasonably knowledgeable user of the Standalone Financial Statements may be influenced. We consider quantitative materiality and qualitative factors in (i) planning the scope of our audit work and in evaluating the results of our work; and (ii) to evaluate the effect of any identified misstatements in the Standalone Financial Statements.

We communicate with those charged with governance regarding among other matters the planned scope and timing of the audit and significant audit findings including any significant deficiencies in internal control that we identify during our audit.

We also provide those charged with governance with a statement that we have complied with relevant ethical requirements regarding independence and to communicate with them all relationships and other matters that may reasonably be thought to bear on our independence and where applicable related safeguards.

From the matters communicated with those charged with governance, we determine those matters that were of most significance in the audit of the Standalone Financial Statements of the current period and are therefore the key audit matters. We describe these matters in our auditor's report unless law or regulation precludes public disclosure about the matter or when in extremely rare circumstances, we determine that a matter should not be communicated in our report because the adverse consequences of doing so would reasonably be expected to outweigh the public interest benefits of such communication.

**Report on Other Legal and Regulatory Requirements**

**9.** The Balance Sheet and the Profit and Loss Account have been drawn up in accordance with Section 29 of the Banking Regulation Act 1949;

**10.** Subject to the limitations of the audit indicated in paragraph 6 above and as required by sub-section (3) of section 30 of the Banking Regulation Act, 1949, we report that:

a) We have obtained all the information and explanations which to the best of our knowledge and belief, were necessary for the purposes of our audit and have found them to be satisfactory;
b) The transactions of the Bank which have come to our notice have been within the powers of the Bank;
c) The returns received from the branches of the Bank have been found adequate for the purposes of our audit.
d) the profit and loss account shows a true balance of profit for the year then ended.

**11.** We further report that:

a) we have sought and obtained all the information and explanations which to the best of our knowledge and belief were necessary for the purpose of our audit;
b) in our opinion, proper books of account as required by law have been kept by the Bank so far as it appears from our examination of those books and proper returns adequate for the purposes of our audit have been received from branches;
c) the Balance Sheet, the statement of Profit and Loss and the Statement of Cash Flows dealt with by this report are in agreement with the books of account;
d) In our opinion, the Balance Sheet, the statement of Profit and Loss and the Statement of Cash Flows comply with the applicable accounting standards to the extent they are not inconsistent with the accounting policies prescribed by Reserve Bank of India.

**For *M/s AKLR & CO. LLP***
Chartered Accountants
FRN: 319237E/N500083
Sd/-
(**Ankit Karnani**), Partner
M.NO.528113 UDIN: 23528113BGWKB02806

Place: New Delhi
Date: 30.06.2023

Please Contact Your Home Branch to activate
**Mobile Banking Service**


सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा 100के, मिलाप भवन, 8/ऐ, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक: नवीन उपाध्याय, स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

# झूम के बरसे बदरा, टूटा 20 साल का रिकॉर्ड

## सुबह साढ़े 8 बजे से शाम पांच बजे तक 126 मिमी पानी बरसा, 10 जुलाई 2003 को हुई थी 133.4 मिमी वर्षा

## देर रात तक जलभराव और यातायात जाम से बेहाल रही दिल्ली, जी-20 के लिए तैयारी की खुली पोल

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली


सड़क पर भरे बारिश के पानी में अठखेलियां करते बच्चे।


बारिश के कारण गिरी देशबंधु कॉलेज की चारदीवारी।

राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में शनिवार को हुई मानसून के मौसम की पहली भारी बारिश ने 20 सालों का रिकॉर्ड तोड़ दिया। भारी बारिश के कारण शहर के कई इलाकों में जलभराव, पेड़ उखड़ने, वाहनों के खराब होने और यातायात जाम की समस्या उत्पन्न हुई। देर रात तक लोग सड़कों पर भरे पानी और जाम से जूझते रहे।

राष्ट्रीय राजधानी में सितंबर में होने वाली जी20 बैठकों से पहले बारिश से उत्पन्न हालात ने विभिन्न नगर निकायों की तैयारियों की पोल खोल दी है। दिल्ली के प्राथमिक मौसम केंद्र सफदरजंग वेधशाला में सुबह 8.30 बजे से शाम 5.30 बजे तक 126.1 मिलीमीटर (मिमी) बारिश दर्ज की गई। मौसम विभाग के एक अधिकारी के अनुसार बारिश का यह आंकड़ा 10 जुलाई 2003 के बाद सर्वाधिक है और तब 24 घंटों के दौरान 133.4 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई थी। दिल्ली में अब तक सर्वाधिक 266.2 मिलीमीटर बारिश 21 जुलाई 1958 को हुई थी।

दिल्ली के अलावा पड़ोसी शहरों नोएडा, गाजियाबाद, गुरुग्राम और फरीदाबाद में लगातार मूसलाधार बारिश के कारण उफनाए नालों और जलमग्न सड़कों के कारण वाहन चालकों को भारी यातायात जाम का सामना करना पड़ा। जलभराव होने के चलते दिल्ली के मिंटो ब्रिज को वाहनों की आवाजाही के लिए बंद कर दिया गया है। घेवरा रेलवे क्रॉसिंग, चिराग दिल्ली, रोहतक रोड, अरविंदो मार्ग, रिंग रोड, नेहरू प्लेस फ्लाईओवर और ग्रेटर कैलाश मेट्रो स्टेशन के नजदीक समेत अन्य स्थानों पर भी लोगों ने यातायात जाम की शिकायत की। शनिवार सुबह से बारिश जारी रहने के कारण मध्य दिल्ली के कनॉट प्लेस में कई दुकानों में पानी भर गया, जबकि कई अन्य बाजारों में जलभराव के कारण व्यापारियों और लोगों को समस्या हुई।

यह मानसून के मौसम की पहली भारी बारिश थी। शनिवार को भारी बारिश के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया था। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने रविवार के लिए येलो अलर्ट जारी किया है। यातायात विभाग को जलभराव से संबंधित 56, गिरे हुए पेड़ों के संबंध में छह और गड्ढों से संबंधित पांच कॉल आईं।

यातायात पुलिस के मुताबिक, पांडव नगर अंडरपास, पुराना किला रोड, सरिता विहार चौक, मथुरा रोड पर प्रगति मैदान के गेट नंबर 6 और 7 के बीच कैरिजवे, निजामुद्दीन खत्ता के पास, मयूर विहार फेज -2 में जलभराव की सूचना मिली। इसके मुताबिक, द्वारका लिंक रोड, रोहतक रोड, विकास मार्ग, एम्स फ्लाईओवर के नीचे, मूलचंद फ्लाईओवर के नीचे, एमबी रोड, मदर टेरेसा क्रिसेंट-सरदार पटेल मार्ग, तिलक ब्रिज के नीचे और नजफगढ़ समेत कई इलाकों से जलभराव की शिकायतें मिलीं।

यातायात पुलिस ने कहा कि सनलाइट कॉलोनी, राजा पुरी, भारत दर्शन पार्क, शादीपुर मेट्रो स्टेशन और बूटा सिंह गोल चक्कर ऐसे स्थान हैं, जहां से गड्ढों से संबंधित कॉल प्राप्त हुईं। एमसीडी के अधिकार क्षेत्र में आने वाले दो इलाकों में भी पेड़ गिरने की घटनाएं सामने आईं। एमसीडी अधिकारियों के मुताबिक, कालकाजी में हरिजन कॉलोनी, जंगपुरा एक्सटेंशन, पहाड़गंज में नबी करीम और शाहदरा के गौतम पुरी इलाके में जलजमाव की सूचना मिली है। एनडीएमसी ने जलभराव और पेड़ गिरने के 24 मामले दर्ज किए। एनडीएमसी अधिकारियों द्वारा साझा किए गए आंकड़ों के अनुसार, लुटियंस दिल्ली में पांच पेड़ उखड़ गए और शाखाओं के टूटने की 11 घटनाएं दर्ज की गईं। नई दिल्ली ट्रेडर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष अतुल भार्गव ने कहा कि सरकार केवल कर वसूलना चाहती है। हम कनॉट प्लेस के विकास का हिस्सा नहीं बन पाए हैं।

### लोक निर्माण विभाग को मिली 15 शिकायतें

***लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) ने बताया कि उसे सुबह से जलभराव की 15 शिकायतें मिली हैं। पीडब्ल्यूडी के एक अधिकारी ने कहा कि हमें एमसीडी या अन्य एजेंसियों के तहत आने वाले अन्य हिस्सों पर भी जलभराव की शिकायतें मिलीं। हमने उन शिकायतों को आगे बढ़ाया। स्थिति अब तक नियंत्रण में है।***



### फ्लैट की छत गिरने से महिला की मौत

**नई दिल्ली।** भारी बारिश के कारण शनिवार सुबह तिब्बिया कॉलेज सोसायटी के एक फ्लैट की छत ढह गई, जिसके मलबे में दबकर 58 वर्षीय एक महिला की मौत हो गई। अग्निशमन विभाग के मुताबिक, यह क्वार्टर करोल बाग में डीबी गुप्ता रोड पर एक जर्जर इमारत में स्थित था। यह इमारत निवासियों और कॉलेज प्राधिकरण के बीच कानूनी लड़ाई का विषय बनी हुई है। दिल्ली पुलिस ने कहा कि पीड़िता रंजीत कौर थी, जो छत का एक हिस्सा गिरने के बाद कुछ सामान बचा रही थी, लेकिन बाकी हिस्सा ढह जाने से वह मलबे के नीचे आ गई। अधिकारियों ने बताया कि अग्निशमन विभाग को इमारत ढहने की सूचना अपराह्न तीन बजकर 47 मिनट पर मिली। दमकल की गाड़ियां फौरन रवाना की गई।

## नोएडा में 11 तक भीषण बारिश का अलर्ट

● **जिला अस्पताल के बाहर पार्किंग, अंडरपास, नोएडा की सोसाइटी के बेसमैंट में जल भराव**

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

नोएडा और गाजियाबाद में भी शनिवार सुबह से शाम तक झमाझम बारिश हुई। तेज बारिश की वजह से कई जगहों पर जलभराव की स्थिति हो गई है। सड़कों पर पानी भर गया, जिससे यातायात बुरी तरह बाधित हुआ है। मौसम विभाग ने शनिवार और रविवार के लिए एनसीआर में भारी बारिश की संभावना व्यक्त की है। मौसम विभाग के अनुसार, अधिकतम तापमान 31 डिग्री और न्यूनतम तापमान 25 डिग्री सेल्सियस रहने की उम्मीद है। 11 जुलाई तक भीषण बारिश का अलर्ट है। आईएमडी के मुताबिक इन तीनों दिन अधिकतम तापमान 31 से 33 डिग्री तक रहेगा। 12 और 13 जुलाई को आकाश में बादल और धूप निकलेगी। इससे तापमान में बढ़ोतरी होगी। वहीं वातावरण में उमस 95 प्रतिशत और हवा की रफ्तार 16 किमी प्रतिघंटा रिकार्ड की गई। बारिश के कारण हरौला, बरौला, सर्फाबाद, छलेरा जैसे गांवों की गलियों में पानी भर गया है। नालियां जाम होने से पानी की निकासी नहीं हो पा रही है। इसके साथ ही शहर की तीन मुख्य सड़क राम नाथ गोयनका मार्ग, एमपी-2, एमपी-3 पर पानी भर गया। वहीं डीएससी रोड पर हल्का पानी भर गया है।

इसके अलावा नोएडा के सेक्टर.12, 20 51, 22, 52 में जिला अस्पताल के बाहर पार्किंग, अंडरपास, नोएडा की सोसाइटी के बेसमैंट में जल भराव हो गया है।


जलमग्न हुई नोएडा की सड़क।

# माहौल बदला तो शिक्षकों की होने लगी तारीफ

● **नीट और जेईई में सफलता हासिल करने वाले दिल्ली के सरकारी स्कूलों के छात्रों से मिले मुख्यमंत्री केजरीवाल**

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली


त्यागराज स्टेडियम में छात्र को प्रत्साहित करते मुख्यमंत्री केजरीवाल।

मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने शनिवार को कहा कि पिछले दो वर्षों में विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता हासिल करने वाले सरकारी स्कूली के छात्रों की संख्या में तीन गुना वृद्धि हुई है। यह अपने आप नहीं हो गया, शिक्षकों ने मेहनत की और अभिभावकों ने सरकारी स्कूलों पर भरोसा किया, उसी का परिणाम सबके सामने है।

केजरीवाल ने त्यागराज स्टेडियम में राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) और संयुक्त प्रवेश परीक्षा (जेईई) में सफलता हासिल करने वाले छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि जब तक हर बच्चे को समान और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा नहीं मिलेगी तब तक देश का विकास नहीं हो सकता। केजरीवाल ने कहा कि यह स्टेडियम आज सफल छात्रों से भरा हुआ है, क्योंकि इस वर्ष 1,391 छात्रों ने नीट के लिए अर्हता प्राप्त की, जबकि 730 छात्रों ने जेईई-मेन और 106 छात्रों ने जेईई-एडवांस्ड में सफलता हासिल की। केजरीवाल ने कहा, ये बच्चे देश का भविष्य हैं और ये अपनी प्रतिभा से दिल्ली और देश का नाम रोशन करेंगे। मैं देश के सभी बच्चों को वही शिक्षा देना चाहता हूं जो इस देश ने मुझे दी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि 2014 से पहले लोग अपने बच्चों को सरकारी स्कूलों में भेजने से घबराते थे वहीं आज लोग प्राइवेट स्कूलों ने निकाल कर अपने बच्चों का दाखिला सरकारी स्कूलों में करा रहे हैं। शिक्षा मंत्री आतिशी ने कहा कि आज, दिल्ली के स्कूलों में शैक्षिक क्रांति और मुख्यमंत्री के दूरदर्शी दृष्टिकोण के कारण नीट और जेईई के लिए अर्हता प्राप्त करने वाले बच्चों की संख्या तीन गुना हो गई है।

# सिसोदिया के खिलाफ झूठ फैला रही भाजपा: आतिशी

**नई दिल्ली।** आप की वरिष्ठ नेता आतिशी ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और केंद्र सरकार पर जेल में बंद पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को लेकर झूठ फैलाने और उन्हें बदनाम करने की कोशिश करने का शनिवार को आरोप लगाया।

आतिशी ने कहा कि भाजपा यह कहकर दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया के बारे में झूठ फैला रही है कि ईडी ने आबकारी नीति मामले में सिसोदिया की 52 करोड़ रुपए की संपत्ति जब्त की है जबकि ईडी के दस्तावेज में कहा गया है कि सिसोदिया की कुल संपत्ति सिर्फ 81 लाख रुपए की है।आतिशी ने कहा कि भाजपा को सिसोदिया और उनके परिवार से माफी मांगनी चाहिए। दस्तावेज दिखाते हुए आप की वरिष्ठ नेता ने कहा कि सिसोदिया के पास 81 लाख रुपए की संपत्ति है, जिसमें 11.50 लाख रुपए उनके बैंक खाते में, 2005 में पांच लाख रुपए में खरीदा गया एक फ्लैट और 2018 में 65 लाख रुपए में खरीदा एक अन्य फ्लैट शामिल है। जांच एजेंसी ने सिसोदिया दंपत्ति के 52.24 करोड़ रुपए की संपत्ति को जब्त करने के लिए धन शोधन रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए) के अंतर्गत एक अस्थाई आदेश जारी किया है और मामले में अन्य आरोपियों की जांच की जा रही है। आप नेता ने कहा कि भाजपा सिसोदिया की छवि को खराब करना चाहती है क्योंकि वह अकेले ऐसे व्यक्ति हैं, जिन्होंने दिल्ली में हर बच्चे को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मुहैया कराई है।

# दिल्ली दंगा मामले में आगजनी और लूटपाट के छह आरोपी बरी

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



दिल्ली की एक अदालत ने 2020 में उत्तर-पूर्वी दिल्ली में हुए दंगों के दौरान आगजनी और लूटपाट करने के आरोपी छह लोगों को बरी कर दिया है। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश पुलस्त्य प्रमाचला ने साहिल, दिनेश, टिंकू, संदीप, विकास कश्यप और सोनू के खिलाफ दायर मामले की सुनवाई करते हुए यह आदेश पारित किया। इन लोगों पर 2020 में 24 और 25 फरवरी की दरम्यानी रात में भागीरथी विहार में एक दुकान पर हमला करने और लूटपाट करने वाली दंगाई भीड़ में शामिल होने का आरोप था। उन पर उस भीड़ का हिस्सा होने का भी आरोप था, जिसने 24 फरवरी को रात नौ बजे के आसपास एक घर में आगजनी, हमला और लूटपाट की घटना को अंजाम दिया था। न्यायाधीश ने कहा कि मुझे लगता है कि इस मामले में आरोपी व्यक्तियों के खिलाफ लगाए गए आरोप साबित नहीं हुए हैं। इसलिए, इस मामले में सभी आरोपी व्यक्तियों को इन सभी आरोपों से बरी किया जाता है।

# नशेड़ी ने की पत्नी की चाकू घोपकर हत्या

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



उत्तर पश्चिमी दिल्ली के केएन काटजू मार्ग इलाके में 28 वर्षीय एक महिला की उसके पति ने कथित तौर पर चाकू घोंपकर हत्या कर दी। पुलिस ने बताया कि आरोपी की पहचान अकबर (30) के रूप में हुई तथा उसे गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस के अनुसार आरोपी पति नशे का आदी है। वह हमेशा अपनी पत्नी से पैसे की मांग करता था। शुक्रवार को दोनों के बीच बहस हुई और आरोपी ने रसोई में इस्तेमाल होने वाले चाकू से उस पर हमला कर दिया। महिला को बीएसए अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस उपायुक्त (रोहिणी) गुरइकबाल सिंह सिद्धू ने बताया कि आरोपी के खिलाफ केएन काटजू मार्ग पुलिस थाने में हत्या के तहत मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया।

### अपमान का बदला लेने के लिए मार डाला, दो पकड़े



**नई दिल्ली।** सराय रोहिल्ला इलाके में मामूली विवाद को लेकर युवक की हत्या कर दी गई। दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बताया कि आरोपियों की पहचान अभिषेक उर्फ डांसर (21) तथा सुनीत (18) के रूप में हुई है। बुधवार रात करीब दस बजे अभिषेक ने सुनीत की मदद से कमल (23) की चाकू घोंपकर हत्या कर दी। पुलिस उपायुक्त (उत्तर) सागर सिंह कलसी ने बताया कि कमल को अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जहां उसने दम तोड़ दिया। उन्होंने बताया कि आरोपियों को शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया गया।

### युवक ने मेट्रो ट्रेन के आगे कूदकर दी जान

**नई दिल्ली।** दिल्ली मेट्रो के कैलाश कॉलोनी स्टेशन पर सुबह 25 युवक ने कथित तौर पर मेट्रो रेल के सामने कूदकर आत्महत्या कर ली।

पुलिस के मुताबिक, मृतक की पहचान अजय अर्जुन शर्मा के रूप में हुई है, जो ईस्ट ऑफ कैलाश का रहने वाला था। पुलिस के अनुसार, अपराध शाखा को घटना के बारे में सूचित कर दिया गया है और सीसीटीवी फुटेज इकट्ठा किए जा रहे हैं। घटना से मेट्रो परिचालन पर कोई असर नहीं पड़ा। पुलिस ने कहा कि सीआरपीसी की धारा-174 (आत्महत्या जैसे मामलों में पुलिस का जांच करना) के तहत कार्यवाही शुरू कर दी गई है।

# जबरन वसूली में लॉरेंस बिश्नोई गिरोह के 3 शार्प शूटर गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

जबरन वसूली के एक मामले में वांछित लॉरेंस बिश्नोई गिरोह के तीन कथित शार्पशूटर रोहिणी इलाके से गिरफ्तार किए गए हैं।

आरोपियों की पहचान कृष्णा नगर निवासी उदित साध (31), नांगलोई निवासी अनीश कुमार उर्फ मिंटू (42) और निहाल विहार निवासी मोहित गुप्ता (27) के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार 23 जून को पुरानी दिल्ली के लाजपत राय मार्केट में काम करने वाले एक व्यापारी को जबरन वसूली का फोन आया और आरोपी ने उसे लॉरेंस बिश्नोई के नाम पर धमकी दी तथा प्रोटेक्शन मनी के रूप में 20 लाख रुपए की मांग की।

पुलिस सूत्रों ने कहा कि आरोपी तिहाड़ जेल के पास के इलाके से शिकायतकर्ता को फोन करते थे, इसलिए पुलिस और शिकायतकर्ता को यह लगा कि कथित फोन करने वाला जेल में ही था।

उन्होंने बताया कि जांच के दौरान पता चला कि जबरन वसूली मामले में लॉरेंस बिश्नोई गिरोह के तीन अपराधी शामिल हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### जॉर्ज बने दिल्ली डाइआसिसन बोर्ड के कनविनर


जॉर्ज सोलोमन

**नई दिल्ली।** फादर जॉर्ज सोलोमन को दिल्ली डाइआसिसन बोर्ड ने अपना संयोजक नियुक्त किया। दिल्ली डाइआसिसन बोर्ड राजधानी के गिरिजाघरों, ईसाई समाज की तरफ से संचालित स्कूलों, ओल्ड एज होम वगैरह का प्रबंधन करता है। फादर जॉर्ज सोलोमन राजधानी में 1989 से विभिन्न स्कूलों, वोकेशनल संस्थानों और एज ओल्ड होम का कामकाज देख रहे हैं। मूल रूप से तमिलनाडू से संबंध रखने वाले फादर सोलोमन अब धाराप्रवाह हिंदी बोलते हैं। उनके प्रयासों से राजधानी की ट्रींटी चर्च, तुर्कमान गेट और सेंट थॉमस चर्च, मंदिर मार्ग में हिंदी में प्रार्थना की व्यवस्था हुई। वे दिल्ली ब्रदरहुड सोसायटी से जुड़े हुए है। फादर ज़ॉर्ज सोलोमन ने बताया कि वे अपनी नई भूमिका में राजधानी और एनसीआर में बेहतर शिक्षण संस्थान खोलने की कोशिश करेंगे।

### भूमि विवाद में युवक व एएसआई पिता से मारपीट

**नई दिल्ली।** बुराड़ी इलाके में जमीन विवाद में कुछ लोगों ने 34 वर्षीय व्यक्ति और उसके पिता के साथ कथित तौर पर मारपीट की। पुलिस ने शनिवार को बताया कि व्यक्ति के पिता दिल्ली पुलिस में उप-निरीक्षक पद पर तैनात हैं। उसने बताया कि घटना के सिलसिले में चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के मुताबिक, आरोपी और पीड़ित दोनों जमीन पर अपने मालिकाना हक का दावा कर रहे हैं। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि शिकायतकर्ता रोहित गिरि के अनुसार वह शुक्रवार दोपहर करीब दो बजे जमीन की चारदीवारी का निर्माण कार्य देख रहा था, तभी एक कार आई और उससे पांच लोग उतरे। अधिकारी ने बताया कि गिरि ने हमलावरों की पहचान राम त्यागी, योगेश, डालू और अजय के तौर पर की है।

### प्रादेशिक सेना को यमुना की सफाई के काम से हटाया

**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली में यमुना के बाढ़ क्षेत्रों की सुरक्षा और सफाई की जिम्मेदारी जिस टेरीटोरियल आर्मी कंपनी को सौंपी गई थी, उसे अब हटा दिया गया है। राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन (एनएमसीजी) ने नदी की सफाई के प्रयासों को बढ़ावा देने के लिए इस साल की शुरूआत में टीए कंपनी उपलब्ध कराई थी। राष्ट्रीय हरित न्यायाधिकरण (एनजीटी) को हाल ही में सौंपी गई एक रिपोर्ट में दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति (डीपीसीसी) ने कहा कि टीए को 30 जून को हटा लिया गया। एनएमसीजी के एक वरीष्ठ अधिकारी ने कहा कि कंपनी कानपुर, वाराणसी और प्रयागराज में एनएमसीजी के लिए कार्यरत प्रादेशिक सेना के इकोलॉजिकल टास्क फोर्स (ईटीएफ) का हिस्सा थी। इसे दिल्ली में यमुना सफाई के काम में अस्थाई तौर पर तैनात किया गया था।

# सौर ऊर्जा से जगमगाएगी रैपिडएक्स, 615 टन कार्बन उत्सर्जन कम करेगा

## दुहाई स्थित आरआरटीएस डिपो में पावर प्लांट का हुआ उद्घाटन, साल भर में लगभग 6,66,000 यूनिट बनाएगा

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली


आरआरटीएस डिपो में स्थापित एक अत्याधुनिक सोलर पावर प्लांट।


उद्घाटन करते प्रबंध निदेशक विनय

एनसीआरटीसी के प्रबंध निदेशक विनय कुमार सिंह ने दुहाई स्थित आरआरटीएस डिपो में स्थापित एक अत्याधुनिक सोलर पावर प्लांट का उद्घाटन किया। यह नवीकरणीय ऊर्जा और सस्टेनेबल प्रक्रियाएँ अपनाने की एनसीआरटीसी की यात्रा में एक महत्वपूर्ण माइलस्टोन है।

इस नव- उद्घाटित सोलर पावर प्लांट की इंस्टॉल्ड कैपेसिटी 585 मेगावाट है, जिसके लिए वर्कशॉप सहित डिपो की कई अन्य बिल्डिंग्स पर सौर पैनल इंस्टॉल किए गए हैं। इसके 25 वर्षों के अनुमानित जीवनकाल के दौरान यह अनुमान है कि यह सोलर पावर प्लांट प्रति वर्ष लगभग 6,66,000 यूनिट सौर ऊर्जा उत्पन्न करेगा। इस प्लांट से अनुमानित तौर पर सालाना 615 टन कार्बन उत्सर्जन कम होने की उम्मीद है, जिससे इसके कुल जीवनकाल में कार्बन उत्सर्जन में लगभग 15,375 टन की उल्लेखनीय कमी आएगी।

इस सोलर प्लांट द्वारा जिस मात्रा में सौर ऊर्जा उत्पादित होगी, वह न केवल डिपो की ऊर्जा आवश्यकताओं को पूरी तरह से पूरा करने में सक्षम होगी, बल्कि उसके बाद भी अतिरिक्त उपलब्ध होगी, जिसका उपयोग अन्य आरआरटीएस परिचालनों में भी किया जा सकेगा। अपने इस प्रयास से सौर ऊर्जा द्वारा संचालित दुहाई डिपो नेट जीरो कार्बन उत्सर्जन की उपलब्धि हासिल कर ग्रीन डिपो बन जाएगा, जो सस्टेनेबिलिटी के प्रति एनसीआरटीसी की प्रतिबद्धता को बखूबी दर्शाता है। सौर मिशन और स्वच्छ तथा हरित ऊर्जा स्रोतों को बढ़ावा देने की अपनी प्रतिबद्धता को पूरा करने के लिए एनसीआरटीसी ने मार्च 2021 में एक सोलर पॉलिसी अपनाई थी। इस पॉलिसी के अनुसार, एनसीआरटीसी अक्षय ऊर्जा में अपनी हिस्सेदारी बढ़ाने हेतु, अगले पांच वर्षों में गैर-कर्षण प्रयोजनों के लिए स्टेशनों, डिपो और अन्य भवनों की छतों पर कम से कम लगभग 11 मेगावाट पीक इन-हाउस सोर ऊर्जा का उत्पादन करेगा। इसके अलावा, यह कर्षण उद्देश्यों के लिए नवीकरणीय ऊर्जा की हिस्सेदारी बढ़ाने के लिए ऊर्जा मिश्रण को भी अनुकूलित करेगा। साथ ही, एनसीआरटीसी एक निवेश के लिए एक उपयुक्त माहौल स्थापित करने का भी प्रयास करेगा, जो स्वच्छ विकास तंत्र और नवीकरणीय ऊर्जा प्रमाणपत्र का लाभ उठा सके।

आरआरटीएस भारत सरकार और चार राज्य सरकारों, दिल्ली, हरियाणा, उत्तर प्रदेश और राजस्थान द्वारा राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में भीड़भाड़ कम करने, वाहनों की भीड़ और वायु प्रदूषण को कम करने और संतुलित और सतत विकास को सक्षम बनाने के लिए एक दीर्घकालिक रणनीतिक हस्तक्षेप है।

## निरंकारी कॉलेज की छात्रा ने रचा इतिहास अंग्रेजी विषय में प्राप्त किए 97 फीसदी अंक



**सोहना।** स्थानीय निरंकारी बाबा गुरबचन सिंह मैमोरियल महाविद्यालय की छात्रा शशि ने पांचवे सेमेस्टर में रचा इतिहास। शशि ने अंग्रेजी विषय में 97 फीसदी अंक हासिल करके अपना, अपने परिजन और कॉलेज का नाम रोशन किया। हाल ही में गुरुग्राम यूनिवर्सिटी ने परीक्षा परिणाम घोषित किए है। निरंकारी कॉलेज की बीए पांचवे सेमेस्टर की छात्रा शशि ने भी पेपर दिए थे। जिसने यूनिवर्सिटी द्वारा जारी किया परीणाम में कॉलेज का नाम रोशन करते हुए अग्रेंजी विषय में 97 फीसदी अंक प्राप्त किए है। शशि को भी अपने आप पर विश्वास नही हो रहा है। लेकिन शशि का कहना है कि उसे आज लगन और मेहनत करने के फ्ल का अहसास करा दिया है।

## स्ट्रक्चर में खामियां मिलीं तो बिल्डर को देना होगा ऑडिट का पूरा खर्च

### स्ट्रक्चरल ऑडिट के दूसरे चरण के स्टेज वन में 23 हाउसिंग सोसायटीज की आरडब्ल्यूए व बिल्डर्स की हुई संयुक्त बैठक

**पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम**



स्ट्रक्चरल ऑडिट के दूसरे चरण के स्टेज वन में 23 हाउसिंग सोसायटीज की आरडब्ल्यूए व बिल्डर्स की संयुक्त बैठक लेते डीसी।

**विजुअल** निरीक्षण के दौरान चिन्हित 23 हाउसिंग सोसायटीज की आरडब्ल्यूए व संबंधित बिल्डर्स के साथ डीसी निशांत कुमार यादव ने बैठक कर इन सोसायटीज में स्ट्रक्चरल ऑडिट को लेकर जिला प्रशासन की ओर से क्या रूपरेखा तैयार की गई है, इस पर विस्तार से चर्चा की।

बैठक में डीसी निशांत कुमार यादव के मुताबिक जिला में विभिन्न आरडब्ल्यूए की ओर से मिली शिकायतों के आधार पर आमजन की सुरक्षा के दृष्टिगत जिला प्रशासन ने 55 हाउसिंग सोसायटीज का विजुवल निरीक्षण कराया है। निर्माण की गुणवत्ता के तहत विभिन्न मानकों पर आधारित इस निरीक्षण के उपरांत दूसरे चरण के स्टेज वन में चिन्हित 23 हाउसिंग सोसायटीज का स्ट्रक्चरल ऑडिट करवाया जाएगा। स्ट्रक्चरल ऑडिट के दौरान ऐसे कारकों की पहचान की जाएगी जो भविष्य में बिल्डिंग के स्ट्रक्चर को नुक्सान पहुंचा सकते हैं। डीसी ने बताया कि जिला प्रशासन की ओर से स्ट्रक्चरल ऑडिट के लिए चार एजेंसी को ईम्पैनल्ड किया गया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि संबंधित बिल्डर इन चार ईम्पैनल्ड एजेंसी के अलावा अन्य एजेंसी से ऑडिट कराने के लिए स्वतंत्र है, लेकिन उन्हें इसके लिए संबंधित आरडब्ल्यूए से लिखित में सहमति लेनी होगी।

डीसी ने बताया कि स्ट्रक्चरल ऑडिट के लिए 1 रुपया 40 पैसे प्रति स्क्वायर फीट का रेट निर्धारित किया गया है। ऐसे में संबंधित सोसाइटी के ओवरऑल ऑडिट का जो भी खर्च होगा, वो संबंधित बिल्डर व आरडब्ल्यूए द्वारा बराबर के अनुपात में वहन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि ऑडिट के उपरांत बिल्डर के स्तर पर किसी भी प्रकार का स्ट्रक्चरल फाल्ट मिला तो स्ट्रक्चरल ऑडिट का पूरा खर्च बिल्डर द्वारा ही वहन किया जाएगा।

डीसी निशांत कुमार यादव ने शुक्रवार को स्ट्रक्चरल ऑडिट के पहले फेज के स्टेज दो के तहत संबंधित 15 हाउसिंग सोसायटीज के बिल्डर्स के साथ बैठक कर उन्हें आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। डीसी ने कहा कि दूसरे स्टेज के ऑडिट में यदि बिल्डर जिला प्रशासन की मध्यस्थता चाहता है तो अगले सात दिन में अपनी सहमति के साथ ऑडिट खर्च की राशि जिला प्रशासन के पास जमा कराए। और यदि बिल्डर डायरेक्ट ईम्पैनल्ड एजेंसी अथवा अन्य किसी एजेंसी से स्ट्रक्चरल ऑडिट कराना चाहता है तो संबंधित सोसाइटी की आरडब्ल्यूए का सहमति पत्र व वर्क आर्डर की कॉपी डीसी कार्यालय में जमा करवाना सुनिश्चित करें। डीसी ने कहा कि स्ट्रक्चरल ऑडिट रिपार्ट आने के बाद उसे संबंधित आरडब्ल्यूए के साथ सांझा किया जाएगा।

लघु सचिवालय स्थित कॉन्फ्रेंस हॉल में आयोजित इस बैठक में एडीसी हितेश कुमार मीणा, पीडब्ल्यूडी के अधीक्षण अभियंता प्रवीण चौधरी, डीटीपी (ई) मनीष यादव सहित स्ट्रक्चरल ऑडिट के लिए ईम्पैनल्ड एजेंसी के प्रतिनिधि भी उपस्थित थे।

## संक्षिप्त समाचार

### बादशाहपुर विस का पन्ना प्रमुख सम्मेलन आजः गार्गी कक्कड़



जिला अध्यक्ष गार्गी कक्कड़।

**गुरुग्राम।** गुरुग्राम जिला की बादशाहपुर विधानसभा का पन्ना प्रमुख सम्मेलन रविवार को सायं साढ़े चार बजे दिवान पैलेस बादशाहपुर में आयोजित किया जाएगा। भाजपा जिला अध्यक्ष गार्गी कक्कड़ ने बताया कि भाजपा प्रदेश प्रभारी बिप्लब देब, प्रदेश अध्यक्ष ओम प्रकाश धनखड़ पन्ना प्रमुखों को संबोधित करेंगे। उन्होंने बताया कि संगठन मंत्री रविन्द्र राजू, प्रदेश सचिव मनीष यादव भी सम्मेलन में शामिल होंगे। कार्यक्रम को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। जिला अध्यक्ष गार्गी कक्कड़ ने बताया कि पन्ना प्रमुख सम्मेलन में बादशाहपुर विधानसभा के मंडल, खेड़कीदौला, नवीन, फरूखनगर, डुंडाहेड़ा और बादशाहपुर मंडल के पन्ना प्रमुख भाग लेंगे। पन्ना प्रमुख सम्मेलन का मकसद सरकार की नीति और रीति को आमजन तक पहुंचाना है। वहीं 2024 मिशन की तैयारियों को देखते हुए यह सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। सम्मेलन को लेकर यहां के कार्यकर्ताओं में भी काफी उत्साह है। जिला अध्यक्ष ने कहा कि पन्ना प्रमुख पार्टी की बहुत बड़ी ताकत है। यह ताकत उस समय और बढ़ जाती है, जब पार्टी कोई कार्यक्रम करती है और उसमें पन्ना प्रमुख व अन्य कार्यकर्ता स्वेच्छा से शामिल होकर इन कार्यक्रमों को सफल बनाते हैं। देश में केंद्र की भाजपा सरकार को 9 वर्ष पूरे हो चुके हैं। पन्ना प्रमुख भाजपा सरकार की उपलिब्धयों को घर-घर जाकर बताएंगे।

### राष्ट्रीय लोक अदालत में 25 करोड़ से अधिक का हुआ सेटलमेंट



**गुरुग्राम।** शनिवार को यहां भूमि अधिग्रहण की राष्ट्रीय लोक अदालत में 27 मामलों का निपटारा करते हुए गठित बेंच ने 25 करोड़ से अधिक का सेटलमेंट कराया। इस तरह से यह लोक अदालत लोगों के लिए कारगर सिद्ध हुई। मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण की सचिव ललिता पटवर्धन के मुताबिक पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के न्यायाधीश तथा हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यकारी अध्यक्ष अरुण पल्ली व गुरुग्राम के जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के चेयरमैन एसपी सिंह के निर्देशानुसार शनिवार को भूमि अधिग्रहण की राष्ट्रीय लोक अदालत लगाई गई। भूमि अधिग्रहण की लोक अदालत में विभिन्न मामलों को सरलता से निपटाने के लिए दो बेंच का गठन किया लोक अदालत में गुरुग्राम कुल 133 मामलों को लिया गया था, जिसमें 27 मामलों का निबटारा किया गया। इनमें से 25 करोड़ 82 लाख 73 हजार 948 रुपए का सेटलमेंट हुआ। लोक अदालत की दोनों बेंच में एक एक पैनल अधिवक्ता को नियुक्त किया गया। जो लोक अदालत के दौरान मौजूद रह कर समझौता तैयार करने में न्यायालयों और डीएलएसए की मदद कर रहे थे।

## अब अधिग्रहित हर एक एकड़ जमीन के बदले मिलेगा

## 1000 वर्ग मीटर विकसित आवासीय या औद्योगिक भूखंड

### मानेसर तहसील के तीन गांवों में जमीन अधिग्रहण के मामले में सरकार ने निकाला समाधान

### मानेसर तहसील के कासन, कुकडोला व सेहरावां गांव की जमीन अधिग्रहण का मामला

**पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम**

**जिले** की मानेसर तहसील के कासन, कुकडोला और सेहरावां गांव की जमीन अधिग्रहण के मामले में किसानों/भूमि मालिकों को भी बड़ी राहत देते हुए प्रदेश सरकार नो लिटिगेशन पॉलिसी-2023 लेकर आई हैं। इसके तहत अगर किसी किसान की एक एकड़ जमीन अधिग्रहण की जाती है तो बदले में उसे 1000 वर्गमीटर का विकसित आवासीय या विकसित औद्योगिक भूखंड दिया जाएगा।

9 अगस्त, 2022 को हरियाणा विधानसभा सत्र में भी मुख्यमंत्री ने इस विषय के समाधान को लेकर सरकार की ओर से यहां के किसानों को आश्वस्त किया था। अब सरकार ने नो लिटिगेशन पॉलिसी-2023 तैयार की है, जिसमें किसान और भूमि मालिक अधिग्रहित प्रत्येक एक एकड़ भूमि के लिए 1000 वर्ग मीटर के बराबर विकसित आवासीय या विकसित औद्योगिक भूखंड लेने के पात्र होंगे। गौरतलब है कि मानेसर औद्योगिक मॉडल टाउनशिप विस्तार के विकास के उद्देश्य से 10 जनवरी, 2011 को तत्कालीन प्रदेश सरकार ने भूमि अधिग्रहण अधिनियम, 1894 की धारा 4 के तहत जिला गुरुग्राम की मानेसर तहसील के गांवों कासन, कुकडोला और सेहरावां में लगभग 1810 एकड़ जमीन को अधिसूचित किया था। इसके बाद यह मामला सुप्रीम कोर्ट तक गया और कोर्ट ने उपयुक्त अधिग्रहण कार्यही पर रोक लगा दी। हालांकि न्यायालय द्वारा दिया गया स्टे 2 दिसंबर, 2019 को हटा दिया गया। उसके बाद उक्त भूमि को 17 अगस्त, 2020 को भूमि अधिग्रहण अधिनियम, 1894 की धारा 6 के तहत अधिसूचित किया गया। बाद में 8 अगस्त, 2022 को अवार्ड की घोषणा की गई थी।



मुख्यमंत्री मनोहर लाल।

सरकार की ओर से अब जो नो लिटिगेशन पॉलिसी तैयार की गई है, दावा है कि इसके तहत किसानों को कई प्रकार के लाभ दिए गए हैं। किसानों/भूमि मालिकों को पॉलिसी की अधिसूचना और पोर्टल के लॉन्च होने से 6 महीने की अवधि के भीतर इस योजना का विकल्प चुनने का अधिकार होगा। भूमि मालिकों को तत्काल लाभ सुनिश्चित करने के लिए एचएसआईआईडीसी योजना के बंद होने से 3 महीने की अवधि के भीतर भूमि पात्रता प्रमाण पत्र (लैंड एंटाइटलमेंट सर्टिफिकेट) जारी कर सकता है।

### ओपन मार्केट में बेचने की होगी स्वतंत्रता

**इस** नीति में भूमि मालिकों या लैंड एंटाइटलमेंट सर्टिफिकेट धारकों को लैंड एंटाइटलमेंट सर्टिफिकेट का व्यापार करने, खरीदने या बेचने की भी स्वतंत्रता दी गई है। भूमि मालिक ओपन मार्केट में लैंड एंटाइटलमेंट सर्टिफिकेट का मुद्रीकरण कर सकता है या एचएसआईआईडीसी को वापस बेच सकता है। आवंटित की जाने वाली साइट के संबंध में बुनियादी ढांचागत सुविधाएं उपलब्ध होने के बाद भूमि पात्रता प्रमाण पत्र धारकों को पोजेशन के साथ एचएसआईआईडीसी द्वारा विकसित भूखंडों की पेशकश की जाएगी। एचएसआईआईडीसी द्वारा ऑफर किए जाने वाले प्लॉट का आकार विकसित आवासीय उपयोग के लिए 100 वर्ग मीटर और 150 वर्ग मीटर तथा विकसित औद्योगिक उपयोग के लिए 450 वर्गमीटर होगा।

## रेवाड़ी के डीसी ने गुरुग्राम की आंगनबाड़ी में कराया बेटी का दाखिला




बेटी का दाखिला आंगनबाड़ी में कराने पहुंची डीसी मोहम्मद इमरान रजा की पत्नी डा. सदफ माजिद।

### गुरुग्राम में मानेसर नगर निगम के आयुक्त रह चुके हैं मोहम्मद इमरान रजा

**गुरुग्राम।** जिस दौर में हर मां-बाप अपने बच्चों बड़े स्कूलों में पढ़ाने का सपना देखते हैं, उस दौर में एक अधिकारी ने अपनी बेटी का दाखिला आंगनबाड़ी केंद्र प्ले-वे स्कूल में कराकर मिसाल पेश की है। उनके इस कदम की चहुंओर तारीफ हो रही है।

वर्तमान में रेवाड़ी के डीसी मोहम्मद इमरान रजा की पत्नी डा. सदफ माजिद झाड़सा स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में पहुंची। वहां पहुंचकर उन्होंने अपनी बेटी का दाखिला कराने की बात कही। उन्होंने बेटी का यहां दाखिला कराकर कहा कि उन्होंने यहां अपनी बेटी का दाखिला इसलिए कराया है कि वह बाकी बच्चों के साथ घुले-मिले। खेले, पढ़े और आगे बढ़े। सदफ माजिद ने आंगनबाड़ी केंद्र के स्टाफ से केंद्र की गतिविधियों, कार्यशैली के बारे में जानकारी हासिल की। महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी नेहा दहिया ने बताया कि वर्तमान में जब अधिकतर माता-पिता अपने बच्चों का दाखिला किसी बड़े प्ले स्कूल में कराते हैं। ऐसे समय में रेवाड़ी के डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने अपनी बेटी का एडमिशन सरकारी आंगनबाड़ी केंद्र में कराकर समाज में नई मिसाल पेश की है। नेहा दहिया ने कहा कि उनकी इस पहल से न केवल आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों की संख्या में इजाफा होगा, बल्कि यह उन लोगों के लिए सीख होगी जो सरकारी स्कूलों व आंगनबाड़ी को कम आंकते हैं। इस अवसर पर आंगनबाड़ी केंद्र की वर्कर आशा सहित प्ले वे स्कूल का अन्य स्टाफ उपस्थित रहा।

## अमेजन ने लॉन्च किया 'कस्टमाइज' फीचर, अब ग्राहकों को मिलेंगे पर्सनलाइज्ड प्रोडक्ट

**पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम**

**अमेजन** इंडिया ने अपना पहला फ्री सेल्फ-सर्व प्रोडक्ट कस्टमाइजेशन फीचर, 'कस्टमाइज़ योर प्रोडक्ट' को पेश किया है। यहफीचर 76 विभिन्न कैटेगरी के 10,000 से अधिक प्रोडक्ट के विशाल कलेक्शन के साथ उपलब्ध हो गया है। यह बेहतरीन फीचर ग्राहकों को बेहद सुविधाजनक तरीके से कस्टमाइजेशन का अनुभव प्रदान करती है। यहां ग्राहकों को विजुअल डिजाइन टूल्स की मदद से प्रोडक्ट पर्सनलाइज्ड करने की सुविधा मिलती है। साथ ही ग्राहक इंटरैक्टिव प्रोडक्ट प्रिव्यू विकल्प के साथ रियल टाइम में फाइनल कस्टमाइज्ड प्रोडक्ट को आसानी से देख भी सकते हैं। यह फीचर ग्राहकों को विंडो ब्लाइंड्स , कंबल, होम डेकोर, वॉल आर्ट, साइनेज, फर्नीचर, एनग्रेव्ड पैन, नैकलेस , पानी की बोतल, मग, कपड़े, ज्वैलरी ऑर्गेनाइजर, गोल्फ क्लब, फोन कवर, नोटबुक सहित विभिन्न प्रकार के उत्पादों को अपनी क्रिएटिविटी के अनुसार पर्सनलाइज करने में मदद करता है। प्रोडक्ट पर्सनलाइजेशन से जुड़ी ग्राहकों की बढ़ती मांग को देखते हुए, अमेजन इस फीचर के साथ भारत के असंगठित और उपेक्षित रहे पर्सनलाइजड गिफ्टिंग प्रोडक्ट के बाजार में प्रवेश कर रहा है। कुछ नया करने का मौका प्रदान करने के साथ यह प्लेटफ़ॉर्म कस्टमर एंगेजमेंट में वृद्धि करता है और उत्पादों के सीमित संग्रह को असीमित विकल्पों के साथ पेश करता है (पर्सनलाइज्ड एन्ग्रेव्ड ज्वैलरी, कस्टम आकार की एर्गोनॉमिक ऑफिस चेयर, पार्टी, गिफ्ट या बस यूं ही दिखावे के लिए ग्राहक अपनी चुनी गई तस्वीर/टेक्स्ट को कपड़ों/मग/टोपियों पर छपवा सकते हैं)। ग्राहक किसी उत्सव पर या फिर किसी भी मौके पर अपनी भावना को व्यक्त करने के लिए कुछ खास संदेशों और तस्वीरों को कैप्चर करने के लिए कई विकल्प अपना सकते हैं। टेक्ट के लिए फ़ॉन्ट स्टाइल और रंगों के एक विस्तृत संग्रह के अलावा, यह फीचर तस्वीरों और नोट्स के रूप में अपनी बेशकीमती यादों को सहेजने का मौका देती है, इसी के साथ ही यह फीचर सेलर्स द्वारा प्रदान किए गए अन्य कस्टमाइजेशन विकल्पों में से अपने लिए सबसे बेहतर डिजाइन चुनने का मौका भी प्रदान करता है। अमेजन इंडिया के वाइस प्रेसिडेंट और कंट्री मैनेजर, कंज्यूमर बिजनेस, मनीष तिवारी ने कहा, ''एक ग्राहक-केंद्रित बाज़ार के रूप में, हमारा प्रयास विभिन्न इनोवेशन अपनाते हुए ग्राहकों के खरीदारी के अनुभव को और भी बेहतर बनाना है। वे ग्राहक जो अपने लिए यादगार प्रोडक्ट (उपहार) तैयार करना चाहते हैं या फिर अपनी जरूरत के अनुरूप प्रोडक्ट तैयार करना चाहते हैं, उनके लिए हमारे सेलर्स अब अमेजन में 10 हजार से अधिक उत्पादों पर कस्टमाइजेशन की सुविधा प्रदान करते हैं। पर्सनलाइज्ड प्रोडक्ट की बढ़ती मांग को देखते हुए, हम अमेजन इंडिया में जल्द ही उत्पादों के अधिक से अधिक विकल्प पेश करने का प्रयास कर रहे हैं।''

## अहिंसा का पाठ पढ़ाने वाले जैन संतों के साथ हिंसा बर्दाश्त नहीं: अभय जैन

**प्रवीन शर्मा। गुरुग्राम**

**कर्नाटक** में जैन मुनि कामकुमार नंदी महाराज की हत्या के विरोध में जैन समाज गुरुग्राम के प्रवक्ता अभय जैन एडवोकेट ने कहा कि दुनिया को अहिंसा का पाठ पढ़ाने वाले जैन संतों के साथ हिंसा बर्दाश्त नहीं होगी। जैन मुनियों पर हो रहे अत्याचार ठीक नहीं हैं। सरकारें इन घटनाओं पर रोक लगाने का काम करे। कानून व्यवस्था को बनाए रखना सरकारी तंत्र का पहला काम है।

अभय जैन ने कहा कि बेलगावी जिले में आने वाले चिक्कोडी तालुका के हिरेकोड़ी गांव स्थित नंदी पर्वत आश्रम में आचार्य श्री कामकुमार नंदी जी महाराज पिछले 15 साल से रह रहे थे। गुरुवार को आचार्य काम कुमार नंदी चैरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष भीमप्पा उगारे ने पुलिस में उनके लापता होने की शिकायत दी गई। एक युवक को हिरासत में लेने से खुलासा हुआ कि जैन मुनि जी की हत्या कर दी गई है। ऐसा कृत्य मानवता के खिलाफ है।



अभय जैन एडवोकेट।

जो जैन संत दुनिया को अहिंसा का पाठ पढ़ाते हैं, उनके खिलाफ ऐसी हिंसा जैन समाज किसी भी तरह से बर्दाश्त नहीं करेगा। जैन संतों ने सदा समाज को सही मार्ग दिखाया है। नेकी, भलाई का रास्ता दिखाया है। जैन संत समाज के लिए खुद को समर्पित करते हैं। उनका जीवन समाज के काम आता है। जैन संतों ने सदा ही नैतिकता की बात कही और नैतिक शिक्षा देकर पीढ़ियों को सही मार्ग दिखाया है। ऐसे संतों के खिलाफ कुछ भी कहना और करना व्यक्ति की मानसिक विकृति ही कहा जा सकता है। सरकारें इस पर सख्त एक्शन लें।

## होटल पर उत्पात मचाने वाले तीन युवक गिरफ्तार, तीनों आरोपी नशे में थे धुत

**पायनियर समाचार सेवा। सोहना**

**भोंडसी** थाना क्षेत्र में बना वाइट रोक होटल में शराब के नशा में धुत तीन युवकों ने जमकर उत्पात मचाया। युवकों ने रोटी न मिलने पर कुर्सियों से लेकर लैपटॉप व बर्तनों को उठा-उठा जमीन पर देकर मारते हुए तोड़ दिया। होटल में लगे शीशों भी तोड़े दिए। पुलिस ने होटल प्रबंधक की शिकायत पर उत्पात मचाने वाले तीनों युवकों के खिलाफकेस दर्ज करते हुए गिरफ्तार कर लिया है।

भोंडसी के पास बना वाइट रोक होटल शुक्रवार को सायं 4 बजे एक गाड़ी आकर रुकी। जिसमें से तीन युवक नीचे उतरे तथा दो महिलाएं गाड़ी में ही बैठी रही। गाड़ी से उतरने के बाद तीनों ही युवकों लहराते हुए चलक रहे थे। जिन्होने शराब पी हुई थी और सीधे होटल के रेस्टोरेंट में पहुंचे। जहां बैठा मैनेजर राजदीप से खाना खाने के लिए बोलने लगे। लेकिन राजदीप ने उन्हे इस समय खाना तैयार न होन की बात कही। इतना सुनते ही तीनों युवकों ने होटल में उत्पात मचाना शुरु कर दिया। रेस्टोरेंट में रखी कुर्सियों से लेकर बर्तन, टेबल को उठा-उठाकर जमीन पर फेंकते हुए तोड़ने लगे। मैनेजर के काउंटर पर रखा लैपटॉप को भी जमीन पर फेंककर मारा।

होटल में लगे शीशों को भ्झी तोड़ दिया। राजदीप ने फोन करके पुलिस को सूचना दी। जब तक पुलिस मौके पर आती। तब तक होटल के कर्मियों ने तीनों युवकों को पकड़कर रखा। पुलिस के आने पर सौंप दिया।

**युवकों की हुई पहचान :** होटल में उत्पात मचाने वाले तीनों युवक पास के गांव सहजावास निवासी थे। जिनकी पहचान कालू, राममेहर और श्रीपाल खटाना के रुप में हुई है। होटल में लगे सीसीटीवी कैमरे में आरोपियों द्वारा मचाया उत्पात रिकार्ड हो गया है। गिरफ्तार तीनों युवकों के खिलाफ होटल प्रबंधक की शिकायत पर मामला दर्ज करने के बाद गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों की गाड़ी को भी कब्जे में ले लिया है। उसमें बैठ दोनों महिलाओं को उनके परिजनों को बुला घर भेज दिया।

**( समर-थाना प्रभारी भोंडसी )**

## पुलिस कावड़ियों की सुरक्षा को लेकर आई हरकत में, पैदल मार्ग बनाया

**पायनियर समाचार सेवा। सोहना**

**स्थानीय** पुलिस ने गंगौत्री और हरिद्वार से सवान माह में कावड़ लाने वाले शिव भक्त कावड़ियों की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सुरक्षा को लेकर कवायद शुरु कर दी है। भोंडसी व सोहना शहर थाना पुलिस ने एलीवेटेड समेत राष्ट्रीय मार्ग 248ए पर कावड़ियों के पैदल मार्ग को मिट्टी से भरे कट्टों को रखकर निरधारित किया। गंगौत्री व हरिद्वार से गंगा जल लेने गए शिव भक्त पैदल चलकर कावड़ लेकर आने वाले कावड़ियों की सुरक्षा व्यवस्था को पहले से ही तैयार करना शुरु कर दिया है। पुलिस प्रशासन ने कावड़ियों की यात्रा में और उनके संकल्प में किया प्रकार की बाधा न आए। इसके लिए राष्ट्रीय मार्ग के साथ-साथ निश्चित रास्ता का चयन कर लिया है। पैदल चलने वाले कवड़ियों के लिए मिट्टी से भरे कट्टों को भरकर रखा है।



सोहना में राष्ट्रीय मार्ग 248ए पर पुलिस द्वारा कावड़ियों के लिए पैदल रास्ता बनाते हुए सड़क पर मिट्टी से भरे कट्टे रखे।

### एलीवेटेड मार्ग से हटकर बनाया रास्ता

पुलिस ने कावड़ियों की सुरक्षा का ध्यान में रखते हुए उनके पैदल चलने वाला मार्ग को एलीवेटेड मार्ग से हटकर बनाया है। इसलिए कावड़िए एलीवेटेड मार्ग पर बनें 6 फ्लाई ओवर पर नहीं चढ़ेंगे। जिनका रास्ता फ्लाई ओवर नीचे रखा है। ताकि एलीवेटेड मार्ग पर फर्राटे भरने वाले वाहनों से सुरक्षित रह सके। कावड़ियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए व्यास्था को प्राथमिकता दी जा रही है। कावड़ियों को मार्ग पर खड़े होने वाले पुलिस कर्मियों की टीमों को सख्त हिदायतें दी है। जिनका मुख्य उद्देश्य कावड़ियों को उकने लिए तैयार मार्ग के अंदर चलने को कहा जाएगा।

**( देवेन्द्र सिंह-थाना प्रभारी शहर सोहना )**

## हरियाणा उदय कार्यक्रम के तहत खेलो गुरुग्राम महोत्सव का आज से शुभारंभ

### विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में पांच हजार से अधिक खिलाड़ी दिखाएंगे अपना हुनर

**गुरुग्राम।** आजादी के अमृत काल में आमजन के बीच जनसहभागिता सुनिश्चित करते हुए सुरक्षित और अधिक समावेशी समाज बनाने के उद्देश्य से सामुदायिक पुलिसिंग और आउटरीच कार्यक्रम हरियाणा उदय के तहत जिला में खेलो गुरुग्राम महाकुंभ का रविवार से आगाज हो रहा है। जिला के पांच हजार से अधिक खिलाड़ियों के साथ रविवार से शुरू हो रहा विभिन्न प्रतिस्पर्धाओं का यह महाकुम्भ अगस्त माह तक जारी रहेगा। डीसी निशांत कुमार यादव ने बताया कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने 21 मई को गुरुग्राम में आयोजित राहगीरी कार्यक्रम के अवसर पर हरियाणा उदय कार्यक्रम का शुभारंभ किया था। जिसमें सामुदायिक पुलिसिंग और आउटरीच कार्यक्रम के तहत प्रत्येक जिलों में आउटरीच कार्यक्रम शुरू किए जा रहे हैं। इसी क्रम में रविवार से जिला में खेलों गुरुग्राम महोत्सव की शुरुआत की जा रही है। डीसी ने बताया कि हरियाणा उदय कार्यक्रम के तहत जिला में पांच प्रतियोगिताओं का चयन कर उसमें हरियाणा उदय गुरुग्राम पोर्टल के माध्यम से 7 जुलाई तक आवेदन मांगे गए थे। जिसमें कुश्ती के लिए 276, एथलेटिक्स के लिए 643 खिलाड़ियों के आवेदन प्राप्त हुए है। वहीं समूह प्रतियोगिता में बॉलीवाल के लिए 136, रस्साकस्सी के लिए 103 व क्रिकेट के लिए 152 टीमों ने आवेदन किया है।



डीसी निशांत कुमार यादव।

## सरकार की जनहितैषी योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने के लिए विशेष प्रचार अभियान जारी

### भजन मंडली ने सोहना खण्ड में चलाया विशेष प्रचार अभियान

**पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम**

**सूचना,** लोक सम्पर्क, भाषा तथा संस्कृति विभाग, हरियाणा द्वारा केंद्र व प्रदेश सरकार की पिछले नौ वर्षों की जनहितैषी योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने के लिए गुरुग्राम जिला में एक माह का विशेष प्रचार अभियान चलाया जा रहा है।

इसी कड़ी में सोहना खण्ड के गांवों में विभाग की सूचीबद्ध भजन मंडली गांव-गांव जाकर हरियाणवी लोक शैली में भजन एवं विकास गीतों के माध्यम से ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं व जनकल्याणकारी कार्यक्रमों के बारे में रोचक ढंग से अवगत करा रही है। जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी बिजेंद्र कुमार ने बताया कि सूचना, लोकसंपर्क, भाषा तथा संस्कृति विभाग, हरियाणा के महा निदेशक डॉ. अमित कुमार अग्रवाल के निर्देशानुसार तथा डीसी निशांत कुमार यादव के मार्गदर्शन में गुरुग्राम जिला के पटौदी, फरूखनगर तथा सोहना खंड में 27 जून से 25 जुलाई तक विशेष प्रचार अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में सोहना खण्ड के गांव नामतः अभयपुर, अलीपुर, बाइखेड़ा, चमनपुरा, चूहड़पुर, दौहला, घामड़ौज व घैंगोला में अब तक ज्ञान चंद एवं पार्टी द्वारा विकास गीतों के माध्यम से प्रचार किया जा चुका है। विशेष प्रचार अभियान के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में आम लोगों तक सरकार की नीतियों व नशे के दुष्प्रभावों के बारे में व्यापक जानकारी दी जा रही है।



गुरुग्राम जिला में सूचना, लोकसम्पर्क, भाषा तथा संस्कृति विभाग द्वारा चलाए जा रहे विशेष प्रचार अभियान के दौरान ग्रामीणों को लोक शैली में सरकारी योजनाओं के बारे में जानकारी देते भजन मंडली।

# हरा-भरा व स्वच्छ नजर आएगा सेक्टर 15-16 का चौक

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

### रोटरी क्लब एनआईटी व रोटरी क्लब ट्यूलिप ने लिया गोद

### एफएमडीए के साथ मिलकर लगाए जाएंगे एक हजार पौधे



**सेक्टर** 15-16 का चौक अब हरा भरा व स्वच्छ नजर आएगा। रोटरी क्लब ऑफ फरीदाबाद एनआईटी व रोटरी क्लब ट्यूलिप ने संयुक्त रूप से इस चौक के पास के पूरे रोड को गोद लेते हुए इसे ग्रीन व क्लीन करने की मुहिम विधिवत शुरु की। दोनों रोटरी क्लब एफएमडीए के साथ मिलकर इस चौक की ग्रीन बैल्ट को विकसित करेंगे तथा उसका रख-रखाव सुनिश्चित करेंगे।

रोटरी डिस्ट्रिक 3011 के डीजी रोटेरियन जितेंद्र गुप्ता व दीप्ती गुप्ता ने बतौर मुख्य अतिथि इस क्लब की शुरुआत की और रोटरी एनआईटी के प्रधान वीरेंद्र मेहता, रोटरी ट्यूलिप की प्रधान डॉ. करुणा पाल गुप्ता व क्लब के सदस्यों के साथ मिलकर पौधारोपण किया। इस मौके पर रोटेरियन विनय भाटिया, नीरज भूटानी, कुलदीप साहनी, अनिल, विपिन मेंहदीरत्ता, राजन गेरा, गुरनाम सिंह, विवेक सूद, राजीव सूद तथा रोटरी ट्यूलिप से क्लब सचिव पूनम चौधरी, वाइस प्रेजिडेंट मीनू गुप्ता, कोषाध्यक्ष मनीषा गिल सहित अनेक महिला रोटेरियन व गणमान्य मौजूद रहे।

डीजी जितेंद्र गुप्ता ने बताया कि दिल्ली-एनसीआर विशेष रूप से फरीदाबाद काफी प्रदूषित शहर है। ऐसे में रोटरी क्लब ने पर्यावरण को लेकर काम करने का संकल्प लिया है। उन्होंने कहा कि आने वाले कुछ दिनों में रोटरी फोरेस्ट विकसित किया जाएगा तथा रोटरी के माध्यम से 2.5 करोड़ की लागत से बैंबू प्लांटेशन का काम भी किया जाएगा। वहीं रोटरी एनआईटी के प्रधान वीरेंद्र मेहता ने स्थानीय विधायक नरेंद्र गुप्ता के सहयोग के लिए आभार करते हुए कहा कि आगे भी इसी तरह के प्रोजेक्ट जारी रहेंगे तथा एक हजार पौधे लगाने का लक्ष्य इस चौक पर रखा गया है तथा उनकी देखरेख भी सुनिश्चित की जाएगी। वहीं रोटरी ट्यूलिप की प्रधान डॉ. करुणापाल गुप्ता ने कहा कि वह स्वयं पर्यावरण प्रेमी हैं, इसलिए उनका कार्यकाल इस बार पर्यावरण पर विशेष रूप से समर्पित रहेगा।

# कर्मचारियों ने मांगों लेकर लेकर प्रदर्शन कर मंत्री को सौंपा ज्ञापन




झमाझम बरसात में जुलूस निकालकर केबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा को ज्ञापन देने जाते कर्मचारी।



केबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा को ज्ञापन देत कर्मचारी नेता।

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

### बारिश में पैदल मार्च कर की नारेबाजी

**ई नौकरी** और 24 हजार रूपये न्यूनतम वेतन आदि मांगों को लेकर शनिवार को ग्रामीण सफाई कर्मचारियों ने केबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा के सेक्टर-8 कार्यलय में आक्रोश प्रदर्शन किया।

फरीदाबाद, पलवल, सोहना और नूंह जिलों में कार्यरत कर्मचारी सेक्टर-12 ओपन थियेटर में एकत्रित हुए और वहां से मूसलाधार बारिश में अपनी मांगों के समर्थन और सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए मूलचंद शर्मा के कार्यालय पहुंचे और उन्हें मांगों का ज्ञापन सौंपा। अखिल भारतीय राज्य सरकारी कर्मचारी महासंघ के अध्यक्ष सुभाष लांबा, सीटू के उपाध्यक्ष सतबीर सिंह, ग्रामीण सफाई कर्मचारी यूनियन के महासचिव विनोद कुमार, प्रधान देवी राम, सीटू के जिला प्रधान निरंतर पाराशर व महासचिव बीरेंद्र डंगवाल ने मंत्री से कहा कि ग्रामीण सफाई कर्मचारी समाज के सबसे निचले पायदान पर हैं और इनकी रेगुलराइजेशन व 24 हजार रुपए न्यूनतम वेतन सहित अन्य सभी मांगें बिल्कुल जायज हैं। आपको अपने प्रभाव का प्रयोग करते हुए इनका समाधान करवाना चाहिए। केबिनेट मंत्री ने ग्रामीण सफाई कर्मचारियों की न्यूनतम वेतन व रेगुलराइजेशन की मांग को जायज बताया और प्रतिनिधिमंडल को आश्वासन दिया कि वह इस मामले में मुख्यमंत्री व पंचायत मंत्री से बातचीत करेंगे और इस पर सकारात्मक कार्रवाई करेंगे।

मूलचंद शर्मा को दिए गए मांग पत्र में ग्रामीण सफाई कर्मचारियों को पक्का करने, 24 हजार न्यूनतम वेतन प्रतिमाह देने के अलावा बीडीपीओ के पेरोल पर लेने, 400 की आबादी पर एक कर्मचारी लगाने, वेतन को महंगाई के साथ जोड़ने, सहमति अनुसार काम के औजार, ब्लॉक का वार्षिक भत्ता देने, धुलाई भत्ता भुगतान करने एवं वेतन बढोतरी के साथ वार्षिक बढोतरी का लाभ देने आदि मांगों को प्रमुखता से उठाया गया है। यूनियन के महासचिव विनोद कुमार व प्रधान देवी राम ने कहा कि नौ जुलाई को भाजपा अध्यक्ष ओमपकाश धनखड़ के झज्जर आवास और 16 जुलाई को सीएम सिटी करनाल में ग्रामीण सफाई कर्मचारी अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन करेंगे और करनाल में ही आगे के आंदोलन की घोषणा करेंगे। यूनियन फरीदाबाद के प्रधान महेंद्र सिंह, सचिव दिनेश, नूंह के प्रधान नानक, सचिव मिथुन, पलवल के नेता चंद्रवीर, मोहन व सतपाल आदि ने प्रमुख रूप से संबोधित किया।

# पुलिस कमिश्नर को आडब्ल्यूए के खिलाफ दी शिकायत, कार्रवाई की मांग

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

### फ्लैट अलॉट होने के बावजूद सोसायटी में घुसने नहीं दिया जाता व मिलती है धमकी

**ईडब्ल्यूएस** के तहत सेक्टर-19 में अलॉट फ्लैट में रहने के लिए पीड़ित ने पुलिस कमिश्नर से गुहार लगाई है। उनका कहना है कि वहां की आरडब्ल्यूए हमें वहां रहने नहीं देती व वहां आने पर धमकी दी जाती है। पीड़ित ने कार्रवाई के लिए पुलिस कमिश्नर से गुहार लगाई है।

सोसायटी निवासी वेद प्रकाश चंदीला ने अपनी शिकायत में कहा है कि हम लोगों को वर्ष 2013 में महिंद्रा क्लोटिस सोसायटी, सेक्टर-19, फरीदाबाद में सरकार की पॉलिसी द्वारा ईडब्ल्यूएस फ्लैट्स अलॉट हुए थे। जिसका पेमेंट हमने समय-समय पर अदा कर दिया। उसके बाद वर्ष 2015 से हम लोग अपने फ्लैट्स में जाने के लिए कई बार सीएम विंडो व कई उच्च अधिकारियों को समय-समय पर शिकायते लगाते रहे है, लेकिन वहां की आरडब्ल्यूए हमारे फ्लैटों में नहीं जाने देते थे।

वर्ष 2015 से 2022 तक 10-15 बार शिकायत लगा चुके हैं, वहां की आरडब्ल्यूए हमें अंदर नहीं जाने देती थी। शिकायत में कहा है कि पुलिस कमिश्नर को 29 मार्च 2022 को शिकायत के बाद व अपनी परेशानी बताने के बाद पुलिस द्वारा हमें हमारे फ्लैटों पर कब्जा दिलाया गया। लेकिन जैसे ही हम लोगों ने अपने फ्लैटों में जाना शुरू किया तो आरडब्ल्यूए प्रधान बाला शुब्रमणियम व उनके पदअधिकारी द्वारा और पूर्व प्रधान क्वात्रा व उनके पुत्र अजय क्वात्रा ने जबरन हमारी बिजली व पानी का कनेक्शन मेन लाइन से बंद कर दिया।

हमने बेसमेंट में स्थित पैनल से अपनी बिजली का बटन ऑन किया। जिससे हमारे घर में लाइट आ गई, लेकिन इन लोगों ने अपने गार्ड व बाउंसारों से हमें बाहर निकलवा दिया और लाइट का बटन ऑफ कर दिया। हमने वहां पुलिस भी बुलाई लेकिन उन्होंने किसी की नहीं मानी। हमारे बार-बार आग्रह करने पर भी पदाधिकारियों ने बिजली पानी चालू नहीं किया। वे हमें गाली गलौच कर मारपीट करते हैं और झूठे केस में फंसाने तथा जान से मरवाने की धमकी देते हैं। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि सेक्टर-19 पुलिस चौकी को निर्देश दिए हैं कि वे उचित कार्रवाई करें।

# सैनिक कॉलोनी में भरे पानी में नाव चलाकर आप नेता ने दिखाया भाजपा का विकास

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



**शनिवार** को हुई मानसून की बरसात से पूरी स्मार्ट सिटी में जलभराव हो गया। शहरी क्षेत्रों के साथ-साथ ग्रामीण इलाकों में भी सड़कों पर कई-कई फुट पानी जमा होके कारण लोगों का जनजीवन पूरी तरह से अस्त-व्यस्त हो गया। बड़खल विधानसभा क्षेत्र की कॉलोनियों, सेक्टरों व गांवों की सड़कों पर पानी भरने से वाहन चालकों को आवागमन में परेशानी हुई।

आम आदमी पार्टी के प्रदेश सह सचिव राकेश भड़ाना ने बड़खल क्षेत्र की पॉश सैनिक कॉलोनी में जमा हुए बरसात के पानी में नाव चलाते हुए लोगों को भाजपा सरकार के नौ सालों का विकास को दिखाया। उन्होंने कहा कि एक तरफ भाजपाई शहर के विकास का ढिंढौरा पीटते हैं, जबकि दूसरी तरफ सच्चाई है कि जमीनी स्तर पर भाजपा का विकास शून्य है। लोग मूलभूत सुविधाओं से वंचित हैं, जबकि सड़कों से जलनिकासी के कोई इंतजामात नहीं किए जाते। हर बार नगर निगम मानसून से पहले तैयारी के बड़े-बड़े वायदे करता है, लेकिन स्थिति वही ढाक के तीन पात वाली रहती है। भाजपा के राज में सड़कों पर गड्ढे नहीं बल्कि गड्ढों में सड़कें बनी हुई हैं, जो मामूली बरसात में तालाब का रूप ले लेती है। श्री भड़ाना ने कहा कि एक ही बरसात में जब यह हालत है तो आने वाले मानसून की बरसातों से निपटने के लिए लोगों को नाव लेनी पड़ेगी, तभी वह अपने घरों से कार्यालयों व कार्यालयों से घर आ जा सकेंगे। भड़ाना ने कहा कि केवल घोषणाएं करने से शहर का विकास नहीं होगा, बल्कि जिस प्रकार आम आदमी पार्टी के मुखिया मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली और पंजाब में विकास करके जो मॉडल प्रस्तुत किया है, उसका अनुसरण करने की जरूरत है कि विकास कैसे होता है और लोगों को मूलभूत सुविधाएं कैसे मुहैया करवाई जाती हैं। उन्होंने कहा कि जनता का अब इस सरकार से मोहभंग हो चुका है और 2024 में हरियाणा प्रदेश में बदलाव की लहर चलेगी। आम आदमी पार्टी प्रदेश में सत्तासीन होकर लोगों को दिल्ली व पंजाब की तर्ज पर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाएगी।

# विधायक राजेश नागर ने तिगांव में महिला सिलाई प्रशिक्षण केंद्र का किया उद्घाटन

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



**हरियाणा** राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन एवं रेडक्रॉस सोसायटी फरीदाबाद के संयुक्त प्रयास से जेलदार चौपाल, तिगांव में महिला सिलाई प्रशिक्षण केंद्र एवं कार्यक्रम का उद्घाटन विधायक राजेश नागर एवं पार्षद अनिल पराशर द्वारा किया गया।

विधायक राजेश नागर ने सभी ग्रामीणों को विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि आज महिलाएं हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं, चाहे शिक्षा हो, खेल हो, समाज सेवा हो, राजनीति हो या ज्ञान विज्ञान हो, महिलाएं आज पीछे नहीं है। हरियाणा के विकास में भी महिलाओं की अहम भागीदारी है। भाजपा सरकार समाज के हर वर्ग तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए निरंतर प्रयासरत हैं। इन पिछले नौ वर्षों में देश एवं प्रदेश में अंत्योदय की भावना को बहुत बल मिला है। समूह सदस्य राम सखी के अनुरोध पर कार्यालय जेलदार चौपाल में वाटर कूलर की व्यवस्था के लिए निर्देश दिया।

जिला कार्यक्रम प्रबंधक शिवम तिवारी ने बताया गया कि तिगांव विधानसभा क्षेत्र में एक करोड़ 10 लाख से ज्यादा की राशि से अलग समूह को अनुदान एवं ऋण के माध्यम से लाभ पहुंचाया गया है। कार्यक्रम मे नारी शक्ति निर्माण महिला महासंघ के पदाधिकारी, सदस्य एवं अन्य ग्रामीण महलाओं ने बढ़ चढ़कर प्रशिक्षण के लिए अपना नामांकन करवाया तथा स्वराजगार स्थापित करने के लिए प्रण लिया। रेडक्रॉस के जिला प्रशिक्षण अधिकारी पुरुषोत्तम सैनी ने रेडक्रॉस की विभिन्न योजनाओं से परिचय करवाया।

# एकॉर्ड अस्पताल में बिजली निगम के ठेका कर्मचारियों को भी मिलेगा सस्ते रेट पर इलाज

### अस्पताल के प्रांगण में किया गया कार्यक्रम का आयोजन

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद




**ग्रेटर** फरीदाबाद सेक्टर-86 स्थित एकॉर्ड अस्पताल में बिजली निगम के अनुबंधित ठेका कर्मचारियों के लिए प्रिविलेज कार्ड वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर बिजली निगम के अधीक्षण अभियंता नरेश कक्कड़ मुख्य अतिथि उपस्थित रहे। अस्पताल चेयरमैन डॉ. प्रबल रॉय ने प्रिविलेज कार्ड लांच कर इसे कर्मचारियों के लिए लाभकारी करार दिया।

उन्होंने कहा कि बिजली कर्मचारी जो लोगों की सेवा के लिए दिन रात कार्य करते हैं। रात हो या दिन लोगों की सेवा में तत्पर रहते हैं। उनके और उनके परिवार को सस्ती रेट पर इलाज से काफी राहत मिलेगी। डॉ. रोहित गुप्ता, ऋषि गुप्ता और डॉ. युवराज कुमार ने इसे कर्मचारियों के लिए हितकारी योजना बताया।

बिजली निगम के अनुबंधित कर्मचारियों के लिए अभी प्राइवेट अस्पतालों में हरियाणा रेट पर इलाज की सुविधा उपलब्ध नहीं थी। इस कारण उन्हें महंगे रेट पर इलाज करवाना पड़ता था। एकॉर्ड अस्पताल ने दिन रात लोगों की सेवा करने वाले बिजली कर्मचारियों की परेशानियों को समझते हुए उन्हें हरियाणा रेट पर सस्ती सुपर स्पेशलिटी सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए शनिवार को प्रिविलेज कार्ड जारी किए। इस मौके पर अस्पताल कार्डियोलॉजी डिपार्टमेंट चेयरमैन डॉ. ऋषि गुप्ता ने कहा कि सडन कार्डियक अरेस्ट बदलती लाइफस्टाइल से देश में हार्ट अटैक के मामलों में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। अगर हार्ट अटैक आने के तुरंत बाद सही इलाज मिल जाए तो ज्यादातर मामलों में जान बच जाती है। न्यूरोलॉजी डिपार्टमेंट चेयरमैन डॉ. रोहित गुप्ता ने कर्मचारियों को स्ट्रोक संबंधी जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि स्ट्रोक के बढ़ते खतरे को देखते हुए जागरूक किया जा रहा है। इसकी एक सबसे बड़ी वजह ये रहती है कि मरीज समय पर अस्पताल नहीं पहुंच पाता है। स्ट्रोक के इलाज के लिए थक्कारोधी दवाओं के अलावा अब मैकेनिकल थ्रोंबेक्टोमी नामक नई तकनीक भी आ गई है। इससे लकवाग्रस्त मरीज का 24 से घंटे तक इलाज किया जा सकता है। हड्डी एवं ज्वाइंट रिप्लेसमेंट डिपार्टमेंट डायरेक्टर डॉ. युवराज कुमार ने कर्मचारियों को हड्डी संबंधित बीमारियां से अवगत कराया और बचने के उपाय बताए। इस अवसर पर डॉ. निखिल नंदा, डॉ. रोहित मुखर्जी, बिजली विभाग की लक्ष्मी व ग्रेटर फरीदाबाद के एसडीओ मौजूद रहे।

# पानी को लेकर भिड़ीं दो महिलाएं, मां को बचाने आए बेटे को पड़ोसी ने चाकू मारा

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

### घायल को उपचार के लिए अस्पताल में कराया गया भर्ती, पुलिस को दी शिकायत

**जीवन** नगर इलाके में शुक्रवार रात पानी के लिए दो महिलाएं भिड़ गईं। झगड़े में एक किराएदार ने दूसरे पड़ोसी किराएदार के बेटे पर चाकू से हमला कर दिया। पीड़ितों ने आरोपी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है। घायल की पहचान 18 वर्षीय रितिक पुत्र हरिनाथा के रूप में हुई। उसके पिता ड्यूटी पर गए थे। मां अर्चना की पानी भरने को लेकर शुक्रवार रात पड़ोस में रहने वाली किराएदार महिला सलोनी के साथ झगड़ा हो गया। सलोनी ने अपने पति नीरज को फोन करके झगड़े की सूचना दी तो नीरज आ गया।

बताया जा रहा है कि नीरज ने बिना बातचीत किए अर्चना पर हमला कर दिया और उसके बाल पकड़कर पीटने लगा। रितिक ने अपनी मां को बचाने का प्रयास किया, लेकिन नीरज ने उस पर चाकू से हमला कर दिया। दोबारा जब उस पर हमला करने का प्रयास किया तो उसने भागकर अपनी जान बचाई। नीरज चाकू लेकर पीछे दौड़ा। रतिक के पिता हरिनाथ के मुताबिक, उन्हें पड़ोसियों ने झगड़ा होने की सूचना दी।

वह तुरंत घर पर पहुंचे और घायल बेटे व पत्नी को लेकर गोंछी पुलिस चौकी पहुंचे। पुलिस वालों ने उन्हें यह कहकर बादशाह खान नागरिक अस्पताल भेज दिया कि पहले मेडिकल कराकर लाइए, तब आपकी शिकायत ली जाएगी।

## संक्षिप्त समाचार

### लोक अदालत में किया गया 37 केसों का निपटारा



**फरीदाबाद।** हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के एग्जीक्यूटिव चेयरमैन एवं न्यायमूर्ति पंजाब एंड हरियाणा हाई कोर्ट चंडीगढ़ अरुण पल्ली के निर्देशानुसार हरियाणा के प्रत्येक जिले में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। इसी क्रम में जिला फरीदाबाद के सत्र न्यायाधीश एवं चेयरमैन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण वाई एस राठौर की अध्यक्षता एवं निर्देशानुसार मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी सुकीर्ति एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की देखरेख में जिला अदालत सेक्टर-12 फरीदाबाद में भूमि अधिग्रहण से संबंधित लोक अदालत का आयोजन किया गया। इस लोक अदालत में संजय कुमार शर्मा अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश की एक बेंच बनाई गई, जिसमें 50 केस रखे गए। जिनमें से 37 केसों का निपटारा आपसी सहमति से लोक अदालत में किया गया। सुकीर्ति गोयल ने बताया कि लोक अदालत में केस का फैसला होने पर जिसकी सुप्रीम कोर्ट तक कोई अपील नहीं होती, कोर्ट फीस वापस हो जाती है तथा केस का फैसला हमेशा के लिए हो जाता है। जिससे पैसे व समय की बचत होती है तथा आपस में प्यार भाव बना रहता है।

### घर से लापता युवती को तलाश कर परिजनों का सौंपा



**फरीदाबाद।** क्राइम ब्रांच कैट की टीम ने घर से लापता युवती को तलाश कर परिजनों का सौंपा है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि लापता लड़की अपने घर से बिना बताए 12 जून को निकल गई थी। जिसको परिजनों के द्वारा तलाशा जा रहा था। लडकी के नहीं मिलने पर परिजनों ने थाना सेक्टर-58 में सूचना दी सूचना पर कार्रवाई करते हुए थाना में मामला दर्ज कर लड़की की तलाश शुरु कर दी। मामले में क्राइम ब्रांच कैट द्वारा कार्रवाई करते हुए लड़की को दिल्ली के सरोजनी नगर नेताजी मार्केट से बरामद किया गया। लड़की से परिजनों के सामने पूछताछ की गई। उसने बताया कि वह अपनी मर्जी से रहना चहाती है।

### एक लाख 80 हजार की स्मैक बरामद, दो आरोपी गिरफ्तार



**पलवल।** थाना होडल एवं चांदहट पुलिस ने प्रतिबंधित मादक पदार्थ स्मैक बरामद करते हुए दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। होडल थाना में तैनात उप निरीक्षक मुकेश कुमार के नेतृत्व में टीम ने दीपक निवासी रेलवे रोड आदर्श कॉलोनी नया नगला होडल पलवल हाल निवासी भुलवाना विजयगढ रोड होडल को गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से 8.35 ग्राम स्मैक बरामद हुई। दूसरे मामले में एंटी नारकोटिक्स सेल फरीदाबाद एवं चांदहट थाना पुलिस ने गांव पेलक में बलराम निवासी गांव ताराका को काबू किया। जिससे 9.98 ग्राम स्मैक बरामद हुई है। दोनों मामलों में गिरफ्तार आरोपियों को कोर्ट में पेश कर रिमांड पर लिया जाएगा और मादक पदार्थ तस्करी के पूरे नेटवर्क का खुलासा किया जाएगा। मादक पदार्थ तस्करी के नेटवर्क से जुड़े किसी भी आरोपी को बख्शा नहीं जाएगा।

### मारपीट से दुखी होकर अधेड़ ने जहर खाया

**पलवल।** बाता गांव में मारपीट से आहत होकर 59 वर्षीय अधेड़ ने जहर खा लिया। अस्पताल में उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। चांदहट थाना पुलिस ने गांव के ही दो लोगों के खिलाफ आत्महत्या के लिए विवश करने का मुकदमा दर्ज करके कार्रवाई शुरू कर दी है। शव पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंपा। चांदहट थाना प्रभारी कैलाश चंद भड़ाना के अनुसार, उन्हें सूचना मिली कि बाता गांव निवासी तेज नारायण ने जहरीला पदार्थ खा लिया है। वह एक निजी अस्पताल में दाखिल है। उन्होंने मौके पर जाकर पीड़ित के बयान लिए तो उसने बताया कि चार जुलाई को दोपहर करीब तीन बजे खेतों से घर आ रहा था। रास्ते में भजनलाल व जोगिंद्र खेतों में दबी पाइप लाइन के साथ गड्ढा खोद रहे थे। तेज नारायण ने उससे गड्ढा खोदने का कारण पूछा तो उन्होंने कहा कि तुझे इस गड्ढे में दबाएंगे। आरोपियों ने उसके साथ धक्कामुक्की करनी शुरू कर दी। विरोध करने पर मारपीट की गई। उसके बेटे जयभारत ने उसे आरोपियों से बचाया और घर ले आया। आरोपियों ने सरेआम उसके साथ मारपीट की, जिससे वह सामाजिक तौर पर अपनी बेइज्जती महसूस करने लगा। इसके चलते उसने जहर खा लिया। हालत खराब होने पर उसे परिजन अस्पताल ले गए और भर्ती करा दिया, लेकिन अस्पताल में उपचार के दौरान तेज नारायण की मौत हो गई। मौत की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शिकायत के आधार पर मुकदमा दर्ज करके कार्रवाई शुरू कर दी।

### बच्चों को जल संरक्षण के प्रति किया जागरूक




**पलवल।** जल जीवन मिशन के तहत पलवल डोनर्स क्लब ज्योतिपुंज ने भारत विकास परिषद् की पलवल शाखा के सहयोग से होली चिल्ड्रेन सीनियर सेकेंडरी स्कूल में जल संरक्षण विषय पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। इस अवसर पर क्लब के संयोजक विकास मित्तल ने जागरुक करते हुए कहा कि वर्तमान दौर में शिक्षा के साथ साथ बच्चों में अच्छे संस्कारों की भी बेहद आवश्यकता है, क्योंकि संस्कार ही आदमी को महान बनाते हैं। जल बचाने का यह संदेश स्कूली बच्चों के माध्यम से घर-घर तक अति शीघ्र व प्रभावी तरीके से पहुंच सकता है और जल रूपी अमृत को अधिक से अधिक बचाया जा सकता है। उन्होंने बताया कि शुद्ध जल संबंधी तकनीक को अधिक से अधिक अपनाना होगा, ताकि पीने वाले पानी से होने वाली बीमारियों पर अंकुश लगाया जा सके और यह कार्य तभी संभव है। जब हम सभी लोग जल संरक्षण के प्रति जागरूक होंगे। भारत विकास परिषद् की पलवल शाखा की महिला संयोजक अल्पना मित्तल ने भी बच्चों को जागरुक करते हुए कहा कि शुद्ध जल पीने से मानव शरीर को 90 प्रतिशत तक बीमारियां से बचाया जा सकता हैं। पानी को व्यर्थ होने से बचाने के लिए हम सभी को आगे आना होगा, क्योंकि इस समय हमारे पास मीठे पानी की मात्रा एक प्रतिशत से भी कम है। इसलिए हमें वर्षा जल के संरक्षण के लिए पारंपरिक व आधुनिक तरीके अपनाने पर बल देना होगा। कार्यक्रम में बच्चों के लिए मौखिक प्रश्नोत्तरी का भी आयोजन किया और विजेता बच्चों को पुरस्कृत किया गया। प्रबंधक रविदत्त शर्मा और प्रधानाचार्य मीनाक्षी शर्मा ने कहा कि हम सभी उत्तम जीवन शैली अपनाने का संकल्प लें। सभी अपने माता पिता की आज्ञा का पालन करते हुए देश व समाज के हित में कार्य करने के लिए संकल्पित हों। इस अवसर पर ममता, राकेश, श्वेता रानी, कुसुमलता, मोनिका, जय सिंह, हेमलता आदि उपस्थित थे।

# तालाब में डूबे पांच मासूम, मौत

## एक ही गांव के थे बच्चे, गांव में मातम का माहौल



**रायबरेली।** एक ही गांव के 5 बच्चों की डूबने से हुई मृत्यु ने पूरे गांव में मातम का माहौल बना दिया। शनिवार की दोपहर करीब 11 बजे गदागंज थाना क्षेत्र के मंगता डेरा मजरे बांसी रिहायक में नाले में डूबने से पांच बच्चों की मौत हो गई है। यह हादसा तालाब में नहाते समय गहरे पानी में जाने से हुआ है। इनके साथ डूबे तीन बच्चों को सुरक्षित बचा लिया गया है। घटना के बाद गांव में चीख पुकार मची हुई है। पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों ने गांव पहुंचकर पीड़ित परिवार को सांत्वना दी है। जानकारी के मुताबिक गांव निवासिनी बालिका रीतू उम्र 8 वर्ष, सोनम उम्र 10 वर्ष, वैशाली उम्र 12 वर्ष, रूपाली उम्र 9 वर्ष व अमित उम्र 8 वर्ष तथा संदिका पुत्री मान सिंह , खुशी पुत्री मोनू विशेष पुत्र दिनेश शनिवार को करीब 11 बजे गांव के पास स्थित एक नाले में जो मिट्टी काटने से छोटे तालाब का रूप ले चुका था उसमे में एक साथ नहाने गए हुए थे। नहाते समय सभी बच्चे तालाब के अंदर गहरे पानी में चले गए। जिसके कारण बच्चे डूबने लगे। बच्चों की चीख-पुकार सुनकर बच्ची सोनिका जो अपने बकरे को चराने गई थी। उसने रस्सी डाल कर तीनों को निकाला और बाकी बच्चो के पानी डूबने की सूचना गांव वालो को दी। लोगों ने कूदकर बाकी बच्चों को बाहर निकाला लेकिन तब तक रितु, सोनम , बैशाली , रूपाली और अमित की मौत हो चुकी थी। जबकि संदिका ,खुशी और विशेष की सांसे चल रही थी। तीनों को दीनशाह गौरा सी एच सी की टीम जो अधीक्षक ज्ञान सिंह सिसौदिया के साथ गई थी। सभी का परीक्षण किया जब इन को राहत मिल गई तो वह टीम बाहर गई।गांव में एक साथ पांच अलग-अलग परिवारों के बच्चों की मौत के बाद कोहराम मच गया। आसपास के गांव के लोगों ने भी जिसने भी घटना को सुना वह मौके पर पहुंच गया। सूचना पाकर पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी भी मौके पर पहुंचे हैं। अधिकारियों ने मृतक बच्चों के परिजनों को सांत्वना दी है। पुलिस ने सभी पांचों मृत बच्चों के शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

**इटावा में बिजली गिरने से किसान की मौत:**इटावा। जिले के भरथना क्षेत्र में खेत में काम करते समय बिजली गिरने से एक किसान की मौत हो गई। भरथना क्षेत्र के जबर पुरा तुरैया गांव में शनिवार की दोपहर अपने खेत पर धान की रोपाई कर रहे किसान हरनाथ सिंह (47) की बिजली गिरने से मौत हो गई। उन्होंने बताया कि सूचना मिलने पर भरथना के उप जिलाधिकारी (एसडीएम) कुमार सत्यम जीत ने तहसीलदार के साथ मौके पर पहुंच कर हादसे की जानकारी ली।

# पहाडी के तालाब का करायें सुन्दरीकरण-अभिषेक आनंद

चित्रकूट। जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द व पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला ने पहाड़ी थाने के सामने सोहगा तालाब का निरीक्षण कर नायब तहसीलदार कर्वी रामानंद मिश्रा को निर्देश दिए कि तालाब के अतिक्रमण को तत्काल हटायें। तालाब का सीमांकन करायें।शनिवार को डीएम ने डीसी मनरेगा धर्मजीत सिंह को निर्देश दिए कि पानी भरने को इनलेट तालाब में बनाये गये हैं, उसमें जाली लगायें, ताकि तालाब के अंदर कचरा न आ सके। चारों तरफ रेलिंग एवं घाट, इंटरलॉकिंग बैठने की व्यवस्था को कुर्सी, पार्क, टीन सेड भी लगवाया जाए। सड़क के पानी जाने को पाइप डालें, ताकि पानी सड़क में न भरे। तालाब में जाए, इसकी भी व्यवस्था करायें। डीसी मनरेगा ने बताया कि तालाब के आधे हिस्से में खुदाई कराई गई है। एक हिस्से में मत्स्य पालन का पट्टा है। उधर खुदाई नहीं कराई गई। निरीक्षण में उप जिलाधिकारी राजापुर प्रमोद कुमार झा, डीसी मनरेगा धर्मजीत सिंह, सीओ चकबंदी अनंत सिंह, नायब तहसीलदार कर्वी रामानंद मिश्रा, मंगल सिंह आदि मौजूद रहे।

## चित्रकूट में शुरू हुआ उप्र किसान सभा का राज्य प्रशिक्षण शिविर

चित्रकूट। उत्तर प्रदेश किसान सभा के राज्य प्रशिक्षण शिविर आठ, नौ, दस जुलाई के पहले दिन किसान सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ अशोक ढबले ने किसान सभा के आजादी के पहले और बाद के इतिहास के बारे में विस्तार से जानकारी दी। शनिवार को राष्ट्रीय रामायण मेला परिसर सीतापुर में किसान सभा के राज्य प्रशिक्षण शिविर के शुभारम्भ पर अतिथियों का माल्यार्पण किसान सभा के प्रान्तीय कार्यकारिणी सदस्य का रुद्र प्रसाद मिश्र, ओमप्रकाश सिंह, अजय सिंह आदि ने किया। शुभारम्भ के बाद किसान सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ अशोक ढबले ने किसान सभा के आजादी के पहले और बाद के इतिहास पर विस्तार से रोशनी डाली। उन्होंने कहा कि माकपा की किसान सभा देश की सबसे पुरानी किसान सभा है। किसानों के हितों के लिए किसान सभा हमेशा समर्पित रही है। दूसरे सत्र में डॉ विकास रावल ने भारत में कृषि संकट के आयाम और समाधान पर रोशनी डाली। इस मौके पर उप्र किसान सभा के का मुकुट सिंह समेत तकरीबन सौ लोग बाहर से आये थे। किसान सभा का राज्य प्रशिक्षण शिविर यहां तीन दिनों तक चलेगा।

## संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय में पुरातन छात्र सम्मेलन आज

वाराणसी। संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय में रविवार को पुरातन छात्र सम्मेलन का आयोजन किया गया है जिसमें विश्वविद्यालय के कर्मठ एवं विभिन्न क्षेत्रों में अपने अनुभव एवं ज्ञान के बल पर उच्च पदों पर समाज को सेवा प्रदान कर रहे हैं। यहां से पढ़े हुए कुलपति प्रोफेसर एवं महामंडलेश्वर धर्माचार्य भी इसमें... आ... रहे हैं एवं छात्र संघ के रहे पूर्व मे पदाधिकारी भी... आ... रहेंगे। कार्यक्रम के अध्यक्षता पंडित विजय शंकर पाण्डेय जी करेंगे मुख्य अतिथि नरेंद्र आनंद सरस्वती जी... विशिष्ट अतिथि विश्वनाथ मंदिर न्यास परिषद के अध्यक्ष नरेंद्रनाथ पाण्डेय जी रहेंगे सास्वत। अतिथि कैलाश मठ के महंत आशुतोष आनंद जी महाराज होंगे कार्यक्रम की जानकारी पूर्व महामंत्री प्रदीप पांडे ने दिया। कृष्ण मोहन शुक्ला (अध्यक्ष छात्र संघ), मृगेंद्र तिवारी (पूर्व महामंत्री), आशुतोष कुमार मिश्रा (पुस्तकालय मंत्री), सुधीर कुमार पांडेय (नागा बाबा), अजय बाबा व्यास, राहुल उपाध्याय, नेहरू पांडेय जी आदि उपस्थित रहे।

### प्रइम डे पर एक और पहल

कानपुर। प्राइम डे के शुरू होने की तारीख नजदीक आने के साथए अमेजन इंडिया ने टॉयज और अन्य के लिए विशेषरूप से तैयार कैटलॉग लिटिल एक्सप्लोर्सश् को पेश किया है जो हर शिशु, बच्चे, जुड़वा और किशोर के लिए खिलौने, किताबें और अन्य के पसंदीदा चयन की सिफारिश करता है। इस कैटलॉग का उद्देश्य प्राइम डे से पहले ग्राहकों को अपनी खरीद योजना बनाने और सर्वोत्तम डील्स और उत्पादों की खोज करने में मदद करना है। कैटलॉग में टॉयज और बुक्स के लिए गिफ्टिंग आइडियाए मजेदार गतिविधियां जैसे गेम्स, स्टीकर्सए डीआईवाय किट्स के साथ रस्किन बॉन्ड की कहानी शामिल है। इस पहल पर बोलते हुए राजर्षि गुइन ने कहा कि प्राइम डे और आगे आने वाले फेस्टिव सीजन से पहले बच्चों और अभिभावकों के लिए टॉयज की शॉपिंग करने का एक नया तरीका पेश करने के लिए हम काफी उत्साहित हैं।

### मेरठ में युवक की गोली मारकर हत्या, हमलावर फरार

मेरठ। जिले के ब्रह्मपुरी थाना क्षेत्र मे शनिवार की शाम स्कूटी सवार एक युवक की बाइक सवार बदमाशो ने गोलियां बरसाकर कथित रूप से हत्या कर दी। घटना को अंजाम देकर हमलावर मौके से फरार हो गए। पुलिस के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। मेरठ के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) रोहित सिंह सजवाण ने बताया कि शनिवार की शाम ब्रह्मपुरी थाना क्षेत्र के लिसाड़ी गेट निवासी आसिफ स्कूटी से जा रहा था तभी रास्ते मे मोटरसाइकिल सवार दो युवको ने उसे गोली मार दी। आसिफ एक महीने पहले ही हत्या के मामले मे जेल से जमानत पर छूट कर आया था। उन्होने बताया कि परिजन आसिफ को तुरंत अस्पताल ले गए जहां उसकी मौत हो गई। उन्होने कहा कि यह पुरानी रंजीश का मामला लगता है। ब्रह्मपुरी थाना पुलिस के अनुसार, पांच साल पहले आसिफ के भाई दिलशाद की भी इसी तरह गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। पुलिस के अनुसार पुरानी रंजिश मे गोली मारी गई है। आरोपियो की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे है।

### कोतवाली में समाधान दिवस आयोजित

मुसाफिरखाना, अमेठी। शनिवार को स्थानीय कोतवाली में नायब तहसीलदार केपी मिश्र की अध्यक्षता में आयोजित थाना समाधान दिवस में जन समस्याओं की सुनवाई हुई। समाधान दिवस में मिली शिकायतों के निर्धारित समयावधि में गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए गए। शनिवार को मुसाफिरखाना कोतवाली परिसर में आयोजित थाना समाधान दिवस की अध्यक्षता करते हुए नायब तहसीलदार केपी मिश्र ने मातहत कर्मियों को निर्देश देते हुए कहा कि भूमि विवाद संबंधी समस्याओं के निराकरण के लिए राजस्व व पुलिस की संयुक्त टीमें निर्धारित समयावधि में गुणवत्तापूर्ण हल करे ।जिससे कानून व्यवस्था की स्थिति बेहतर होगी ।प्रभारी निरीक्षक अमर सिंह ने कहा कि आए दिन छोटे छोटे विवादो को गंभीरता से लेते हुए उनके त्वरित निस्तारण के साथ ही विधिक कार्यवाही सुनिश्चित की जाए ।जिससे आम जनमानस को सुकून मिले ।थाना समाधान दिवस में कोतवाल अमर सिंह इंस्पेक्टर हंसराज कुशवाहा एसआई देवेंद्र सिंह चौहान राजेश तिवारी राजेश दीक्षित इंद्रपाल सिंह सहित अन्य राजस्व व पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

### महामारी के बाद के दौर में बढ़ते तनाव की पड़ताल

लखनऊ। सैरिडॉन ने अपने नेशनल हेडेक सर्वे का दूसरा संस्करण जारी किया है। इस व्यापक रिपोर्ट में महामारी के बाद के दौर में लोगों में तनाव की बढ़ती व्यापकता की गहरी पड़ताल करके विभिन्न भूभागों और तबकों में सिरदर्द के परस्पर सम्बन्ध की खोज की गई है। नई सैरिडॉन हेडेक रिपोर्ट के बारे में संदीप वर्मा ने कहा किबायर में हमलोग खुद की देखभाल करने को प्राथमिकता देते हैं और सुलभ हेल्थकेयर को अपने मिशन में सबसे आगे रखते हैं। यह ताजा रिपोर्ट तनाव और सिरदर्द के बीच महत्वपूर्ण सम्बन्ध पर जोर देती है। इस रिपोर्ट में तनाव और सिरदर्द के बीच सम्बन्ध पर जोर दिया गया हैए जैसा कि इसमें उपभोक्ताओं के स्वास्थ्य की देखभाल की बदलती ज़रूरतों का भी खुलासा किया गया है। बायर अपने ब्रैंड्स का धीरे.धीरे विकास करते हुए और अपने सर्वश्रेष्ठ . न्यू सैरिडॉन की जैसे समाधान की पेशकश करके रोजमर्रा की ज़रूरतों से निपटने के लिए उन्नत हेल्थकेयर सॉल्युशन विकसित करने को लेकर लगातार वचनबद्ध है।

### जानवरों के साथ अप्राकृतिक यौन संबंध बनाने के आरोप में बुजुर्ग गिरफ्तार

कानपुर (उत्तर प्रदेश)। जिले के बर्रा इलाके में शुक्रवार को अलग-अलग घटनाओं में गाय और कुतिया सहित कई जानवरो के साथ कथित रूप से दुष्कर्म करने के आरोप मे एक बुजुर्ग को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस उपायुक्त (दक्षिण) रवींद्र कुमार ने शनिवार को बताया कि गिरफ्तार किए गए व्यक्ति की पहचान बर्रा-8, गुजैनी निवासी विजेंद्र मिश्रा (62) के रूप मे हुई है। उन्होने बताया कि घटना की सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी को पकड़ा गया है। उन्होने कहा कि घटना पर संज्ञान लेते हुए, पुलिस ने गाय के साथ कथित रूप से अप्राकृतिक यौन संबंध बनाने के आरोप मे उसके खिलाफ मामला दर्ज किया है। डीसीपी ने बताया कि आरोपी के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 377 (अप्राकृतिक संबंध) मे मामला दर्ज किया गया है। पुलिस के मुताबिक, आरोपी आदतन अपराधी है और उसके खिलाफ पहले भी ऐसा आरोप लग चुका है। संयुक्त पुलिस आयुक्त (कानून एवं व्यवस्था) आनंद प्रकाश तिवारी ने कहा,"पुलिस जांच के दौरान, हमे कई सीसीटीवी फुटेज मिले है, जिसमे मिश्रा को सार्वजनिक स्थानो पर विभिन्न जानवरो के साथ यौन संबंध बनाते हुए देखा जा सकता है। उन्होने कहा, प्रथम दृष्टया ऐसा प्रतीत होता है कि वह मानसिक रूप से बीमार है और उसकी चिकित्सा जांच कराने का निर्णय लिया गया है।

### महिला कर्मचारी के साथ अभद्र व्यवहार करने का आरोपी लेखाकार गिरफ्तार

शाहजहांपुर। जिले की नगर पालिका कार्यालय में कार्यरत एक लेखाकार (अकाउंटेंट) को सहकर्मी महिला के साथ अभद्र व्यवहार करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बताया कि घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर आने के बाद कार्वाई की गई है। अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) संजीव बाजपेई ने शनिवार को बताया कि जलालाबाद थाना क्षेत्र में स्थित नगर पालिका कार्यालय का एक वीडियो शुक्रवार को सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद जलालाबाद पुलिस ने मामले पर स्वतःसंज्ञान लेते हुए आरोपी गफ्फार के खिलाफ मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बताया कि बाद में उसे थाने से ही जमानत दे दी गई। वायरल वीडियो नगरपालिका कार्यालय में लगे सीसीटीवी कैमरे का बताया जा रहा है। इस वीडियो में आरोपी को कार्यालय परिसर में एक महिला सहकर्मी के साथ कई बार अलग-अलग स्थानो पर अश्लील हरकतें करते हुए देखा जा सकता है।

## जबरदस्त बारिश से दर्जनों जगह जलभरावएजनजीवन अस्त व्यस्त

फर्रुखाबाद। लगातार हो रही बारिश ने जनजीवन अस्त व्यस्त कर दिया है। जलभराव से शहर के कई वार्ड टॉपू बन गए हैं। गुरुवार को भी रात से ही रुक.रुक कर बारिश का दौर जारी रहा। रिकार्ड बारिश ने आम आदमी की मुश्किलें बढ़ा दी हैं।जलभराव ने लोगों का सुकून छीन लिया है। घरों में भरे पानी को लोग पंपिग सेट व अन्य साधनों से निकाल रहे हैं।बीते कुछ दिन से लगातार बारिश का दौर जारी है। सुबह से लेकर शाम तक आसमान में बादल छाए रहने के साथ रुक.रुक कर बारिश होती है। इससे पहले रात में भी झमाझम बादल बरसे। दिन भर बारिश ने मौसम का मिजाज बदल दिया। जिले में कई दिनों से हो रही बारिश से लोगों को उमस भरी गरमी से राहत तो मिली, लेकिन अब बारिश से होने वाला जलभराव मुसीबतों का सबब बन रहा है। शहर के तलैया फज्ल इमाम, आवास विकास, मदारवाढी से आई टी आई चौराहाएरस्तोगी मोहल्ला सहित कई मुहल्ले में नालियां उफ्ना गई हैं। गलियों में घुटनों तक पानी भरने से आवागमन पूरी तरह ठप हो गया । सबसे ज्यादा दिक्कत स्कूली बच्चों व नौकरी पेशा लोगों को रही है। पानी भर जाने से मरीजों व तीमारदारों को जलभराव के बीच से गुजर कर ही इलाज के लिए जाना पड़ रहा है। जलभराव से राहगीरों को परेशानी हो रही है। कई बाइक सवार गिर कर चोटिल हो जाते हैं।

**ट्रेन की चपेट में आकर युवक की मौत :**फतेहपुर। खागा कोतवाली क्षेत्र के विजय नगर मोहल्ला निवासी शीतल प्रसाद का 28 वर्षीय पुत्र अनिल कुमार किसी काम से कटोघन रेलवे स्टेशन गया था। तभी रेलवे लाइन पार करते समय ट्रेन के आ जाने से उसकी चपेट में आ गया। जिससे उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई।

# आयुक्त ने की विकास कार्यों की गहन समीक्षा

**फर्रुखाबाद।** कलेक्ट्रेट सभागार में आयुक्त ने जनपद फर्रुखाबाद के विकास कार्यों की समीक्षा की और जिलाधिकारी को योजनावार निम्नलिखित निर्देश दिए ।

जनपद मुख्यालय में 24 घंटे और ग्रामीण क्षेत्रों मे कम से कम 18 घंटे बिजली की आपूर्ति की जाएस जनपद में नंबर ऑफ हाउसहोल्ड का परीक्षण कर उसके सापेक्ष कनेक्शन लगवाये जाय तथा अपेक्षित राजस्व वसूली किए जाने हेतु संबंधित विभागों के साथ बैठक कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। जनपद के समस्त सीएचसीऔर पीएचसी् में प्रत्येक समय समस्त मूलभूत आवश्यकताओ यथा. डॉक्टरए पैरा मेडिकल स्टाफ, नर्स, मेडिकल उपकरण, लाइफसेविंग दवाओं की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की जाय। जिला अस्पतालों में गोल्डन कार्ड को अनिवार्य रूप से लागू किया जाय। सभी पंचायत भवनों को पूर्ण करा कर उनमे अभिनव प्रयास के रूप में इच्छुक प्रधानों से संपर्क कर ग्राम सचिवालय भवनों में एलईडी के माध्यम से टेलीमेडिसिन सेवा एवं विद्यार्थियों के लिए स्टडी मटेरियल डाउनलोड करने के लिए आवश्यक व्यवस्था कराने को कहा। जनपद में अपशिष्ट प्रबंधन हेतु 6एमआएफ केंद्र व 1एस्टीपी संचालित हैं। आयुक्त ने इसका समुचित प्रकार से संचालन कराने को कहास इसके साथ ही संबंधित अधिकारियों के माध्यम से यह भी सुनिश्चित करा लिया जाए कि कोई भी व्यक्ति बाहर सड़कों में कूड़ा ना फेंके् जनपद के समस्त निराश्रित गौ आश्रित स्थलों का चेक लिस्ट के अनुसार निरीक्षण करा कर सभी आवश्यक सुविधाएं नियमित उपचार इत्यादि उपलब्ध कराने को कहा। समीक्षा बैठक में आयुक्त ने डीएफओ को वृक्षारोपण के लिए उचित स्थान चिन्हित कर मिट्टी का परीक्षण करने के उपरांत ही वृक्षारोपण करने और गत वर्ष में किए गए वृक्षारोपण की मौके की स्थिति क्या हैए उसकी फोटो सहित रिपोर्ट आयुक्त को प्रेषित करने को कहा् आयुक्त ने जिलाधिकारी को दैनिक रूप से आई0जी0आर0एस0 की समीक्षा कर उनका गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित कराने को कहा।

**धान खरीद को करायें पंजीकरण:**चित्रकूट। जिला खाद्य विपणन अधिकारी ने बताया कि धान खरीद 2023-24 के तहत सरकारी धान खरीद केन्द्रों पर सीधे किसानों से एक नवम्बर से धान खरीद होगी। सरकारी धान खरीद केन्द्रों पर धान बेचने को किसानों को ऑनलाइन पंजीकरण आवश्यक है।शनिवार को उन्होंने बताया कि धान खरीद को पंजीकरण एक जुलाई से 31 अगस्त तक होगा। धान बिक्री को पंजीकरण कराने को खाद्य विभाग की बेवसाइट अथवा विभाग के मोबाइल एप पर जाकर पंजीकरण करना होगा। जिन किसानों ने पिछले वर्षों में धान/गेहूं खरीद पंजीकरण कराया था, उन्हें नवीन पंजीकरण की आवश्यकता नहीं है। इसके लिए पुराने पंजीकरण से सूचनाओं को संशोधित करना होगा। धान बिक्री को पंजीकरण व्यवस्था ओटीपी आधारित है।

**पक्षकारों को दिलाये पैंतीस लाख 40 हजार रुपये:**चित्रकूट। अपर जिला जज/सचिव पूर्णकालिक जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने बताया कि उप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देश पर शनिवार को मोटर दुर्घटना प्रतिकर वाद मामलों के निस्तारण बाबत विशेष लोक अदालत पीठासीन अधिकारी दिनेश चन्द्र ने लगाई। मोटर दुर्घटना दावा न्यायाधिकरण की अध्यक्षता में हुई। पीठासीन अधिकारी मोटर दुर्घटना दावा न्यायाधिकरण ने 24 वादों का निस्तारण कर प्रतिकर पैंतीस लाख चालीस हजार रुपये पक्षकारों को दिलाये।

## अधेड़ की ट्रेन की चपेट में आने से मौत

फतेहपुर। कल्यानपुर थाना क्षेत्र के गोगौली गांव निवासी मोहन सिंह का 58 वर्षीय पुत्र राम औतार आज सुबह घर से आम की बाग की रखवाली करने जा रहा था। तभी वह रेलवे लाइन पार करते समय ट्रेन की चपेट में आ गया। जिससे उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना की सूचना पुलिस को हुई तो मौके पर पहुंची।

## आकाशीय बिजली से युवक की मौत

फतेहपुर। गाजीपुर थाना क्षेत्र के सुकेती गांव निवासी छेदीलाल का 23 वर्षीय पुत्र मानचंद्र घर पर था। तभी बूंदाबांदी के साथ गिरी आकाशीय बिजली की चपेट में आ गया। जिससे उसकी दर्दनाक मौत हो गई। घटना की सूचना स्थानीय पुलिस को दी गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। उधर हादसे के बाद परिवारीजनों के बीच कोहराम मच गया।

# थाना समाधान दिवस में महज नौ फरियादियों ने की शिकायतें

**जालौन** (उरई)। नायब तहसीलदार की अध्यक्षता में कोतवाली परिसर में आयोजित हुए थाना समाधान दिवस में नौ फरियादियों ने शिकायतें दर्ज कराई। जिन्हें संबंधित विभागों के अधिकारियों को सौंपकर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए गए। नायब तहसीलदार गौरव कुमार की अध्यक्षता एवं कोतवाल समीर सिंह की उपस्थिति में कोतवाली परिसर में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। थाना समाधान में नौ फरियादी पहुंचे। जिन्होंने अपनी शिकायत दर्ज कराई। मोहल्ला फर्दनवीस निवासी अन्नपूर्णादेवी ने नगर पालिका द्वारा आवासीय परिसर को व्यवसायिक दिखाकर भवन कर बढ़ाने की शिकायत दर्ज कराई। महेंद्र प्रताप भिटारा ने चकरोड को खेत में मिलाने की शिकायत की। मानवेंद्र शहजादपुरा ने संजय पर आम रास्टे में शौच का टैंक बनाने, राम शर्मा गिधौसा ने गूल विस्मार करने, क्रांति हरकौती ने छिड़िया को लेकर विवाद होने, रामशंकर रावतान ने विवादित प्लॉट पर निर्माण करने एवं कुसमा दलालनपुरा ने मकान के विवाद को लेकर शिकायत दर्ज कराई। नायब तहसीलदार ने शिकायतों को संबंधित विभागों को सौंपकर एक सप्ताह में निस्तारण आख्या देने के निर्देश दिए। इस मौके पर एसएसआई आनंद सिंह, सदर लेखपाल वैभव त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

अज्ञात वाहन की टक्कर से घायल युवक की मौत

जालौन (उरई)। उरई मार्ग पर अज्ञात वाहन की टक्कर से घायल हुए युवक की उपचार के दौरान मौत हो गई। पीड़ित के पिता ने अज्ञात वाहन के खिलाफ लापरवाही से वाहन चलाने की शिकायत पुलिस से की है। कोतवाली उरई निवासी बृजपाल (30) पुत्र जगराम ट्रक चलाते हैं। बीती चार जुलाई को वह जालौन में ट्रक खड़ा करके बाइक से वापस उरई घर जा रहे थे। तभी भिटारा के पास अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी थी। टक्कर लगने के कारण बाइक सवार युवक घायल हो गया था। घायल को पहले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। इसके बाद हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल से झांसी व ग्वालियर रेफर किया गया था।

# आयुर्वेदिक चिकित्सा टीम ने छापामारी कर छह नमूने भरे

जालौन (उरई)। दवाओं में नशीले पदार्थों की मिलावट की सूचना पर आयुर्वेदिक चिकित्सा विभाग की टीम ने किराना, पान भंडार व मेडिकल स्टोर पर छापामारी की। छापामारी के दौरान टीम ने स्वास्थ्यवर्धक दवाओं के 6 नमूने भरे हैं। नमूनों को जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा गया।दवाओं में नशीले पदार्थों की मिलावट होने की संभावना को देखते हुए उनकी जांच कराई जा रही है। सरकार के दिशा निर्देश पर राजकीय आयुर्वेद चिकित्सालय अधीक्षक डॉ. अमर सिंह व चिकित्सा अधिकारी डॉ. पूजा राजपूत के नेतृत्व में टीम ने नगर में स्थित मेडिकल स्टोर, पान की दुकान व किराना की दुकानों में चेकिंग की। चेकिंग के दौरान चौरसिया पान भंडार की जांच की गई। यहां पर टीम को कुछ दवाएं मिलीं। जिनके नमूने लिए गए। इसके साथ ही अन्य किराना व कन्फेक्शनरी पर मिलने वाली दवाओं को देखा गया। टीम ने दो मेडीकल स्टोर से कुछ शक्तिवर्धक दवाओं के नमूने भी लिए। टीम प्रभारी डॉ. अमर सिंह ने बताया कि सरकार के निर्देश पर मेडिकल स्टोर, पान की दुकान व किराना की दुकानों पर चौकिंग की गई। चैकिंग के दौरान कुल छह नमूने भरे गए। जिन्हें जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा गया है। साथ ही जांच आख्या शासन को भेजी गई है।

**जहरीले कीड़े के काटने से बालक की मौत:** जालौन (उरई)। जहरीले कीड़े के काटने से इकलौते बेटे की मृत्यु हुई। बेटे की मौत से परिवार सदमे में है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम धंतौली निवासी दयाराम के आठ बेटियां हैं।

# जल जीवन मिशन के पाइप चोरी करने वाले तीन अभियुक्तों को पुलिस ने दबोचा

## बिना नम्बर का ट्रैक्टर व भारी मात्रा में पाइप बरामद

राजापुर(चित्रकूट)।जिले की राजापुर थाना पुलिस ने जल जीवन मिशन के पाइप चोरी करने वाले तीन अभियुक्तो को गिरफ्तार कर बिना नम्बर का ट्रैक्टर व भारी मात्रा में पाइप बरामद करने में बडी सफलता हासिल की है।

पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला के निर्देशन में अपराध पर अंकुश लगाने के लिए अपराधियों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी एवं क्षेत्राधिकारी राजापुर श्रीमती निष्ठा उपाध्याय के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक राजापुर भास्कर मिक्षा के नेतृत्व में थाना राजापुर पुलिस ने जल जीवन मिशन की पाइप चोरी करने वाले 03 अभियुक्तों को बिना नम्बर के ट्रक्टर में चोरी के पाइपों के साथ गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की। क्षेत्राधिकारी निष्ठा उपाध्याय ने बताया कि भारत सरकार की महत्वाकांक्षी योजना जल जीवन मिशन के अंतर्गत हर घर नल जल पहुंचाने की योजना से संबंधित पाइपों को चोरी के संबंध की शिकायतें लगातार आने के बाद पूर्व में थाना रैपुरा एवं मारकुण्डी में जल जीवन मिशन से सम्बन्धित पाइपों को चोरी करने वाले अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है एवं भारी मात्री में पाइप भी बरामद किये जा चुके हैं । इसी क्रम में थाना राजापुर में नियुक्त उ0नि0 कन्हैयालाल बक्श सिंह एवं उनकी टीम द्वारा मुखबरि की सूचना पर कस्बा राजापुर के बाजपेई तिराहा से अभियुक्त वीरपाल यादव पुत्र राजेश यादव निवासी कबरा पुरवा महुटा थाना अतर्रा जनपद बांदा, विपिन मौर्या पुत्र हरीप्रसाद मौर्या निवासी बिसुण्डी थाना रामगंज जनपद अमेठी तथा अनुज वर्मा पुत्र रामशरन वर्मा निवासी सरौली थाना कहडोर जनपद प्रतापगढ़ को बिन नम्बर के पावर ट्रेक टैक्टर में प्लास्टिक पाइप एचडीपी 90एमएम करीब 40 मीटर, 75 एमएम करीब 100 मीटर, 70 अदद स्टैण्ड पोल सीमेन्ट का जिसमें लोहे की जीआई पाइप लगी है लगभग 02-02 मीटर की, डी-1 बैण्ड 350एमएम एक पीस, रेडूसर 02 अदद लोहा व टेस्टिंग पाइप बरामद हुआ । अभियुक्तों द्वारा कड़ी पूछताछ में बताया कि जनपद बांदा के फतेहगंज थानान्तर्गत बघेलावारी में जल जीवन मिशन का कार्य चल रहा है हम लोग यह माल वहीं से चुरा के लाये हैं। थाना राजापुर पुलिस द्वारा थाना फतेहगंज से जानकारी की गयी तो ज्ञात हुआ कि एल एण्ड टी कन्सट्रैक्शन के आरआईओ रामनाथ मिश्रा की तहरीर पर थाना फतेहगंज में उक्त चोरी के सम्बन्ध में मु0अ0सं0 39/2023 धारा 379 भादवि पंजीकृत है ।

## रक्तदान शिविर में पांच ने किया महादान

फतेहपुर। चौदह जून से तेरह जुलाई तक चल रहे राष्ट्रीय स्वैच्छिक रक्तदान माह के तहत आज सीएचसी बिंदकी में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का फीता काटकर उद्घाटन भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष मधुराज विश्वकर्मा ने किया। शिविर में सात युवाओं ने रजिस्ट्रेशन कराया और पांच युवाओं ने रक्तदान किया। सभी रक्तदाताओं को अधीक्षक ने बताया कि रक्तदान करने से किसी प्रकार की कमजोरी नहीं आती। साथ ही किसी को नया जीवन मिलता है। जिला महामंत्री भाजयुमो प्रसून तिवारी व अधीक्षक डॉक्टर धर्मेंद्र सिंह ने सभी को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। रक्तदान करने वालों में वीरेंद्र तिवारी, विमलेश कुमार, मनीष कुमार, आशीष पांडेय, कमल सिंह रहे। रक्तदान कराने वाली टीम में जिला रक्त केंद्र से जिला परामर्शदाता दीपाली वर्मा, कमल, जेपी सिंह, नरेंद्र नाथ, डीएमएलटी विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# आरेडिका में चला वृहद पौधरोपण अभियान



**रायबरेली।** आधुनिक रेल डिब्बा कारखानाए रायबरेली में पर्यावरण के संरक्षण के लिए कॉलोनी परिसर में महाप्रबंधक पी के मिश्रा ने अधिकारी एवं कर्मचारियों के साथ जामुनए करेंजए अर्जुनए सागौन के 2200 पौधे का रोपण किया।ज्ञात हो कि 5 जून को विष्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर महाप्रबंधक महोदय ने अधिकारियों और कर्मचारियों को सम्बोधित करते हुए कहा था कि आरेडिका में इस साल 1 लाख पौधे लगाने का लक्ष्य है इसी कड़ी में आज से यह वृहद वृक्षारोपण अभियान आरम्भ किया गया। आगे भी विभिन्न खाली स्थानों को चिन्हित कर वृक्षारोपण का कार्य जारी रहेगा।सम्पूर्ण देश में वृक्षारोपण को प्रोत्साहित करने के लिए जुलाई माह के प्रथम सप्ताह में वन महोत्सव मनाया जाता है। क्योंकि इस समय वातारण में पर्याप्त नमी होती है जिससे पोधों को रोपित करने में मदद मिलती है तथा पौधों की जड़ों को जमने के लिए मृदुल जमीन मिलती है जिससे आवश्यक पोषक तत्वों को ग्रहण करना आसान हो जाता है एवं एक हरितमय वातावरण का निर्माण होता है। पीसीई श्री राजेश अग्रवाल द्वारा इस दिशा में सतत प्रयास किए जा रहे हैं। आरेडिका को हरा.भरा और सुन्दर बनाने के लिए हर वर्ष हजारों की संख्या में पेड़.पौधे लगाए जाते हैं और सिविल विभाग द्वारा उनकी नियमित देखभाल की जाती है। आज इसी का परिणाम है कि बंजर भूमि में स्थापित आरेडिका ईको ग्रीन फैक्ट्री एवं कॉलोनी के रूप में विकसित हो रही है। जिसके कारण आरेडिका में विभिन्न प्रकार जीव.जन्तुओं को पलने पनपने का अवसर मिलता है। जिससे पर्यावरण संरक्षण के साथ .साथ आरेडिका जैव विविधता की दिषा में भी एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

इस अवसर पर आरेडिका के पीसीएमई श्री शमशेर सिंह कलसीए सीएओ श्री एसके कटियारए एवं पीसीईई श्री हरीश चन्द्रए पीसीपीओं श्री अमर नाथ दुवेए पीसीएमओ श्री एम के शकरवालए सीई श्री सत्य प्रकाश यादवए पीसीएससी श्री रमेश चन्द्र सहित प्रमुख विभागाध्यक्ष एवं उच्च अधिकारीगण एवं कर्मचारियों ने वृक्षारोपण में सहभागिता की।

## चुनाव का जोश

12 वर्ष बाद हो रहे सचिवालय संघ के चुनाव को लेकर जोर आजमाइश जारी है। इस बीच सचिवालय में चुनावी सरगर्मी चरम पर है। मतदाता सूची फाइनल हो चुकी है और जल्द अधिसूचना जारी होगी। सचिवालय कैडर के विशेष सचिव से लेकर कंप्यूटर आपरेटर तक इसमें मतदान करेंगे। वर्षों से चुनाव का इंतजार कर रहे अधिकारी और कर्मचारी अब दो-दो हाथ करने के लिए मैदान में कूद पड़े हैं। सफेद पैंट-शर्ट पहनकर एक-एक आफिस के चक्कर काट रहे हैं। निवर्तमान पदाधिकारियों ने भी अपनी गोट सेट करने के लिए तैयारी तेज कर दी है। अपने वफादार को चुनाव जिताने के लिए वह भी जोर. अजमाइश कर रहे हैं। फिलहाल आम कर्मचारी हमेशा की तरह खामोश हैं और वह वादों को नाप-तौल रहे हैं। जिससे यह पता चल सके की किसके साथ जाने में फायदा है और किसके साथ नही। कुछ तो प्रमोशन का भी ख्वाब देख रहे हैं। फिलहालए चुनाव का जोश चरम पर है।

## प्रतिष्ठा बचाने की चुनौती



मंत्री जी की बस इतनी ही इच्छा है कि भगवा सरकार के पांच वर्ष के कार्यकाल में इनकी कुर्सी बची रहे। इसीलिए यह महोदय सरकार की पिच पर विकेट बचाकर खेल रहे हैं। ना ज्यादा कुछ करो, ना आरोप लगेगा, बस बड़े महाराज के आस पास बने रहो। ऐसा करना इनकी मजबूरी भी है क्योंकि इन महोदय की पत्नी भी पिछली भगवा सरकार में मंत्री थीं, जिन्होंने बाल विकास करते हुए पांच साल सफलता से पूरे किए थे। भगवा सरकार की दूसरी पारी के लिए भी मंत्री महोदया ने तेजी से छलांग मारने की कोशिश की थी लेकिन तभी इनके 'दयावान' पति बीच में कूद पड़े और जंग भी जीत ली। सौभाग्य से मंत्री भी बन गए और वह भी वाहन वाले मंत्री। इन दयावान मंत्री के पास अब काम से ज्यादा पत्नी के सामने अपनी प्रतिष्ठा बचाना ज्यादा महत्वपूर्ण हो गया है। कहीं ऐसा ना हो बीच में ही किसी कारण से हटा दिया जाए। तब बेचारे यह महोदय पत्नी को क्या मुंह दिखाएंगे। इसीलिए मंत्री महोदय भगवा सरकार में टेस्ट मैच की तरह धीमे धीमे खेल रहे हैं। बस इनकी एक ही इच्छा है, सुरक्षित पांच साल बीत जाएं और घर में भी इज्जत बनी रहे।




## नेतागीरी चमकाने की ललक

नवनिर्वाचित महापौर सुषमा खर्कवाल के इर्द गिर्द नगर निगम में चापलूसों की टीम सक्रिय हो गयी। बेचारे छोटे साहब देखते रहे... लेकिन करते भी क्या इन्हीं से काम भी तो कराने हैं। गुलदस्ता देकर स्वागत करने के साथ अपनी नेतागीरी भी चमकाने लगे हैं। यह पार्टी से लेकर नगर निगम के कर्मचारी छुटभैये नेताओं तक जारी है। आलम यह है कि छोटे साहब के सामने शपथग्रहण के दौरान अपने को महापौर का खासम-खास बताने वाले ठेकेदार मंच तक पहुंच गए। उपमुख्यमंत्री के सामने समारोह में अधिकारियों की सारी व्यवस्था धरी की धरी रह गयी। बड़ी बड़ी बातें बनाने वाले छोटे साहब सहित आधा दर्जन अफसर मंच तक नहीं संभाल पाए। आलम यह है कि चेहरा दिखाने की होड़ में शपथग्रहण कार्यक्रम जैसे तैसे निपटा कर औपचारिकताएं पूरी की। कई नवनिर्वाचित पार्षद को तय स्थान पर बैठने को नहीं मिला। अफरा तफरी की बीच कार्यक्रम तो निपट गया, लेकिन अब शहर के विकास का मैनेजमेंट नवनिर्वाचित महापौर कितना संभाल पाएंगी, यह भविष्य तय करेगा। नगर निगम मुख्यालय में कर्मचारी संगठनों में स्वागत की होड़ लगी हुई हैं, जिसे देख कई संचालन कर्ता भी हक्के-बक्के हैं।

## स्वयंभू प्रवक्ता बने सिरदर्द



देश की सबसे पुरानी पार्टी के लिए एक कहावत दशकों से मशहूर है कि चाहे कितने भी खराब दिन आ गए हों लेकिन इस पार्टी में नेताओं की कोई कमी नहीं है। नेताओं की अधाधुंध भीड़ ही अब पार्टी के लिए मुसीबत का सबब बन रही है। हालत यह है कि पार्टी के मीडिया चेयरमैन ने लिखा पढ़ी में एक पत्र जारी किया है। यह पत्र उन्होंने इलेक्ट्रानिक मीडिया संस्थानों को भेजा है। जिसमें कहा गया है कि कुछ चैनलों पर होने वाली डिबेट्स अथवा बाइट में अधिकृत प्रवक्ता व पैनलिस्ट के अलावा प्राय: अनाधिकृत लोग पार्टी का पक्ष रखते नजर आते हैं। आश्चर्य की बात तो यह है कि उन्होंने मीडिया से निवेदन करते हुए उसे आदेशित भी किया है कि डिबेट्स और बाइट के लिए प्रवक्ता व पैनलिस्ट आमंत्रित करने से पहले पार्टी के मीडिया विभाग के कोआर्डिनेटर से बात कर अनुमति प्राप्त करें।

# अभियान चलाकर निस्तारित किए जाएं महिला व बालिका से संबंधित प्रकरण

## मुख्य सचिव ने की पॉक्सो, महिला उत्पीड़न, सीसीटीएनएस और आईटी सिस्टम के कार्यों की समीक्षा

- पॉक्सो व महिला उत्पीड़न के लंबित मामलों के निस्तारण में उत्तर प्रदेश दूसरे स्थान पर

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**मुख्य** सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने पॉक्सो, महिला उत्पीड़न, सीसीटीएनएस तथा आईटी सिस्टम के कार्यों की विस्तार से समीक्षा की। मुख्य सचिव ने कहा कि महिला एवं बालिका से जुड़े अपराध से संबंधित प्रकरणों को शीर्ष प्राथमिकता पर निस्तारित करने लिए आगामी 15 जुलाई से 31 जुलाई, 2023 तक विशेष अभियान चलाया जाए। पॉक्सो एक्ट एवं महिला संबंधी अपराधों में जल्द से जल्द चार्जशीट न्यायालय में दाखिल कर मुकदमे की प्रभावी पैरवी कर अपराधियों को सजा दिलायी जाये। पॉक्सो एक्ट के मामलों में दो माह के भीतर कार्रवाई पूरी की जाये। प्रकरणों को तेजी से निस्तारित कराने के लिए विवेचना अधिकारी के साथ साप्ताहिक समीक्षा की जाये। ऐसे अपराधों में जल्द कार्यवाही होने से अपराध में कमी आयेगी और पुलिस के प्रति लोगों का इकबाल भी बढ़ेगा।

उन्होंने कहा कि पॉक्सो अधिनियम से सम्बन्धित मामलों में प्रत्येक जनपद द्वारा प्रतिमाह कम से कम एक मामले में सजा दिलायी जाये। ऐसे मामले जिनमें मुल्जिमोंए प्रदर्शों एवं गवाहों की संख्या कम हो एवं वैज्ञानिक साक्ष्य मजबूत हों, को चिन्हित कर शीघ्रता से निस्तारित कराया जाये। पाक्सों अधिनियम से सम्बन्धित मामलों के निस्तारण में निम्नतम प्रदर्शन करने वाले जनपदों को लम्बित मामलों का शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित कराने के लिए निर्देशित किया जाए।

बैठक में बताया गया कि 6 जुलाई 2023 तक के आंकड़ों के अनुसार दुष्कर्म व पॉक्सो एक्ट के तहत लम्बित मामलों के निस्तारण में उत्तर प्रदेश 97.80 प्रतिशत के साथ देश में द्वितीय स्थान पर है। इन मामलों में दो माह से अधिक समय तक जांच लंबित होने के मामलों में 0.30 प्रतिशत के साथ उत्तर प्रदेश का देश में भी उत्तर प्रदेश का दूसरा स्थान है। इसी प्रकार दर्ज एफआईआर में दो माह के भीतर जांच प्रक्रिया पूरी करने में 73.10 प्रतिशत के साथ उत्तर प्रदेश का पांचवा स्थान है। अभियोजन विभाग की समीक्षा के दौरान बताया गया कि माह जनवरी 2023 में जनपद बहराइच,महराजगंज, अम्बेडकरनगर, बलिया, अमरोहा एवं बुलन्दशहर पॉक्सो अधिनियम के तहत एक माह में एक-एक सजा करायी गयी है। इसी प्रकार माह फरवरी 2023 में जनपद बदायूं, जालौन एवं फतेहगढ़ द्वारा माह अप्रैल 2023 में जनपद अमरोहा द्वारा माह मई 2023 में जनपद बहराइच, जौनपुर, चित्रकूट, हरदोई द्वारा एक-एक सजा तथा जनपद बलिया द्वारा 2 सजा एवं जनपद मथुरा द्वारा मृत्युदण्ड की सजा कराई गई। माह जून 2023 में जनपद बलिया द्वारा एक सजा करायी गयी है। इसके अतिरिक्त माह जनवरी 2023 में पॉक्सो अधिनियम के अन्तर्गत पूरे प्रदेश में 252 वादों में 303 अभियुक्तो को सजा करायी गयी। माह फरवरी 2023 में 254 वादों में 304 अभियुक्तों, माह मार्च, 2023 में 280 वादों में 371 अभियुक्तों, माह अप्रैल, 2023 में 264 वादों में 307 अभियुक्तों, माह मई, 2023 में 205 वादों में 235 अभियुक्तों, 15 जून 2023 तक में 85 वादों में 98 अभियुक्तों को सजा करायी गई।

तकनीकी सेवायें की समीक्षा के दौरान बताया गया कि डकैती लूट, हत्या, बलात्कार, पॉक्सो, गौ हत्या, गौ तस्करी, धर्म संपरिवर्तन जैसे जघन्य अपराधों की समीक्षा करने के लिए मुख्यालय द्वारा इंपार्टेंट क्राइम मानीटरिंग पोर्टल निर्मित किया गया है, जिसके माध्यम से जघन्य अपराधों की समीक्षा की जा रही है। उत्तर प्रदेश पुलिस तकनीकी सेवायें मुख्यालय, लखनऊ द्वारा चिन्हित मुकदमों की विवेचनाओं एवं चिन्हित वादों की पैरवी करने के लिए इन्वेस्टीगेशन, प्रासीक्यूशन एंड कन्वेक्शन मानीटरिंग पोर्टल विकसित किया गया है। पोर्टल के द्वारा वादों की चिन्हित मुकदमों की विवेचना से संबंधित सूचनाए, न्यायालय में अद्यतन स्थिति की सूचनाएं चिन्हित प्रकरणों में न्यायालय द्वारा दोषमुक्त/उन्मोचित वादों में अपील की अद्यतन स्थिति की समीक्षा सम्बन्धित जोन एवं रेंज अधिकारी द्वारा की जा सकती है। विधि विज्ञान प्रयोगशाला में 2020 के सापेक्ष प्रदर्श के निस्तारण में 94.28 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। बैठक में सचिव गृह बीडी पॉलसन समेत पुलिस विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। वीडियो कॉफ्रेन्सिंग के माध्यम से जनपदों के वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने भी बैठक में प्रतिभाग किया।

# प्रदेश में 4 स्तरीय कमेटी करेगी एग्रीस्टैक योजना का क्रियान्वयन

- मुख्य सचिव की अध्यक्षता में बनी स्टीयरिंग कमेटी रखेगी अन्य कमेटियों की कार्यप्रणाली पर नजर, विस्तृत कार्ययोजना तैयार

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**देश** के फूड बास्केट के तौर पर विख्यात उत्तर प्रदेश में अन्नदाता किसानों को केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं का समुचित लाभ पहुंचाने की दिशा में योगी सरकार ने एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। केंद्र द्वारा फसलों के निरीक्षण को लेकर संचालित एग्रीस्टैक योजना को उत्तर प्रदेश में लागू करने के लिए सीएम योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप 4 स्तरीय कमेटियों का गठन कर दिया गया है। इसमें सबसे मुख्य स्टीयरिंग कमेटी होगी जिसकी अध्यक्षता खुद मुख्य सचिव करेंगे। जबकि इंप्लीमेंटेशन समिति के तौर पर राज्यए जिला और तहसील स्तर की कमेटियों का भी गठन कर दिया गया है जो विभिन्न स्तरों पर एग्रीस्टैक योजना को लागू करने का कार्य करेंगी। वहीं, स्टीयरिंग कमेटी न केवल इन सभी कमेटियों की कार्यप्रणाली पर नजर रखेगी बल्कि यह सुनिश्चित करेगी कि प्रदेश में एग्रीस्टैक योजना को उचित तरीके से लागू कराए जाने में कोई कसर न रह जाए। राज्य में पहले से ही ई-पड़ताल सर्वे की तैयारी शुरू हो चुकी है जिसे एग्रीस्टैक योजना के अंतर्गत ही मूर्त रूप दिया जाना प्रस्तावित है। इसके लिए प्रदेश के 75 जिलों के 350 तहसीलों के अंतर्गत आने वाले 31002 लेखपाल अधीन क्षेत्र व 35983 ई-पड़ताल क्लस्टर्स के आंकड़ों को समावेशित किया जाएगा। गौरतलब है कि केंद्र सरकार द्वारा यूनिफाइड फार्मर्स पोर्टल की दिशा में कदम बढ़ाते हुए एग्रीस्टैक योजना को देश में लागू करने का निर्णय लिया गया था। एग्रीस्टैक का लक्ष्य किसानों तक उनकी फसलों की जरूरत के मुताबिक सस्ता ऋण, उच्च गुणवत्ता वाले कृषि इनपुट तक पहुंचए विशिष्ट सलाह समेत बाजारों तक पहुंच को सुनिश्चित करने के लिए आसान डिजिटल रास्ता उपलब्ध कराना है। यह सरकारों द्वारा किसानों तक योजनाओं के समुचित लाभ को पहुंचाने का कार्य भी करेगा और इसी कड़ी में ई-पड़ताल सर्वे द्वारा तैयार किए गए डाटाबेस अहम भूमिका निभाएगा। उत्तर प्रदेश में एग्रीस्टैक योजना को लागू कराने के लिए राज्य स्तरीय 15 सदस्यीय स्टीयरिंग कमेटी का गठन किया गया है। यह कमेटी निरीक्षण के अतिरिक्त योजना के क्रियान्वयन के लिए समय समय पर जरूरी प्रशासनिक व वित्तीय निर्णय लेने में सक्षम होगी। स्टीयरिंग कमेटी की अध्यक्षता मुख्य सचिव दुर्गाशंकर मिश्रा खुद करेंगे जबकि कमेटी के सदस्यों के तौर पर कृषि उत्पादन आयुक्त, अपर मुख्य सचिव/ प्रमुख सचिव राजस्व विभाग, अपर मुख्य सचिव/ प्रमुख सचिव आईटी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स विभाग/ अपर मुख्य सचिव/ प्रमुख सचिव नियोजन, अपर मुख्य सचिव/ प्रमुख सचिव उद्यान/ अपर मुख्य सचिव चीनी उद्योग व गन्ना विकास विभाग, अपर मुख्य सचिव कृषि विभाग, भारत सरकार द्वारा नामित प्रतिनिधि, कृषि सचिव, आयुक्त व सचिव राजस्व परिषद, आयुक्त गन्ना विकास विभाग, निदेशक उद्यान विभाग, कृषि निदेशक व एनआईसी के एसईओ अपनी भूमिकाओं का निर्वहन करेंगे। यह कमेटी विभिन्न विभागों के समन्वय से कन्वर्जेंस व निरीक्षण के अतिरिक्त व्यय के मदोंए प्रोत्साहन राशि का निर्धारण समेत विभिन्न वित्तीय व प्रशासनिक नीतिगत निर्णय लेगी। अपर मुख्य सचिव कृषि/ राजस्व विभाग की अध्यक्षता में इंप्लीमेंटेशन कमेटी का गठन किया गया है जो कि राज्यए जिला और तहसील स्तर की कमेटियों के समायोजन को ध्यान में रखकर कार्य करेगी। राज्यए जिला और तहसील स्तर की कमेटियों को एक साथ मिलाकर इंप्लीमेंटेशन कमेटी का नाम दिया गया है क्योंकि प्रदेश में एग्रीस्टैक योजना को धरातल पर लागू करने के लिए इन तीनों ही कमेटियों का सुचारू रूप से काम करना आवश्य है। इंप्लीमेंटेशन कमेटी की राज्य स्तरीय क्रियान्वयन समिति में अपर मुख्य सचिव (उद्यान) अथवा उनके द्वारा नामित सदस्य, अपर मुख्य सचिव नियोजन, राजस्व परिषद से अपर आयुक्त, गन्ना विकास विभाग के आयुक्त, उद्यान विभाग के निदेशक, कृषि निदेशक, कृषि सांख्यकी व फसल बीमा उप्र के निदेशक, एनआईसी के एसआईओ, एसएनओ समेत कृषि निदेशक द्वारा नामित दो कृषक भी बतौर सदस्य अपनी भूमिका निभाएंगे। वहीं जिला स्तर पर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में 11 सदस्यीय समितियों का गठन किया गया है। वहींए तहसील स्तर पर उप जिलाधिकारी की अध्यक्षता में 6 सदस्यीय कमेटी का निर्धारण एग्रीस्टैक योजना को मूर्त रूप देने के लिए सुनिश्चित किया गया है।

# भाजपा सरकार महंगाई पर काबू पाने में पूरी तरह नाकाम: अखिलेश

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपाराज में वसूली और लूट के चलते जनता की जेब पर महंगाई का डाका पड़ रहा है। टमाटर हो या अदरक, परवल, शिमला मिर्च, हरी मिर्च हो या मशरूम सभी के दाम आसमान छूने लगे है। यही नहीं अरहर, चना की दाल और आटा चावल भी महंगा हो गया है। गरीब की थाली अब खाली है। सामान्य परिवार कैसे पाले, लोग क्या खाएं क्या बचाएं, जनता महंगाई की चक्की में पिस रही है और भाजपा सरकार कभी काशी, कभी गोरखपुर या अयोध्या में बड़े-बड़े बयानो की सौगात बांटने के साथ नए-नए जश्न मनाने में मगन है। टमाटर 100 से 150 रुपए, परवल 100 से 120 रुपए, लहसुन 200 रुपए में बिक रहा है। कोई सब्जी बाजार में 40 रुपए किलो से कम नहीं मिल रही है। जून महीने में अरहर, चना की दाल के दाम 12 फीसदी बढ़े हैं तो गेहूं का आटा की कीमत 9 फीसदी दर से बढ़ गई। चावल के दाम 12 प्रतिशत बढ़ गए हैं। दरअसल भाजपा सरकार महंगाई पर काबू पाने में पूरी तरह नाकाम साबित हुई है। डबल इंजन सरकार ने जनसामान्य को महंगाई की आग में जलाने और पूंजीघरानों की झोली भरने का काम किया है। ये बड़े पूंजीघराने ही चुनाव में भाजपा के मददगार रहते हैं। अपने लाभ के लिए भाजपा बढ़े बैंक घाटे, कर्ज लेकर भाग रहे उद्योगपतियों के मामले में जरा भी चिंतित नहीं है। जनता भुगत रही हैए भाजपा सरकार मस्त है। समाजवादी पार्टी मानती है कि महंगाई से मुक्ति पाने के लिए भाजपा को सत्ता से हटाना जरूरी हो गया है। दाम बांधो नीति का जो नारा डॉ. राममनोहर लोहिया जी ने दिया था उसे समाजवादी ही पूरा कर सकते हैं। समाजवादी व्यवस्था परिवर्तन के हामी हैं जिसमें गरीबों, वंचितों को विशेष अवसर दिया जाता है। भाजपाराज में लगातार बढ़ती महंगाई और बेरोजगारी के चलते लोग कर्ज में डूबते जा रहे हैं। प्रत्येक गरीब और मध्यमवर्गीय परिवार के जीवनशैली का स्तर गिरता जा रहा है।

# वर्षा व बाढ़ से निपटने की राज्य सरकार की कोई तैयारी नहीं: बृजलाल खाबरी

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**प्रदेश** कांग्रेस अध्यक्ष बृजलाल खाबरी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी को भारी वर्षा से हो रही तबाही नहीं दिखाई दे रही है। यमुना नदी अपना रौद्र रूप धारण कर चुकी है।। नेपाल की तरफ से भी पानी छोड़ा जा रहा है। बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों की स्थिति अभी से भयावह होती जा रही है। पिछले वर्ष के मुकाबले अधिक वर्षा की संभावना मौसम वैज्ञानिकों ने पूर्व में ही कर दी थी। बाढ़ से भारी तबाही की स्थितियां हर तरफ उत्पन्न हो रही हैं लेकिन योगी आदित्यनाथ सरकार हाथ पर हाथ रखे बैठी हुई है।

खाबरी ने कहा कि पिछले साल बाढ़ की भयावह स्थिति हुई। जिसमें सैकडों जानें गईं और लाखों लोगों को विस्थापित होना पड़ा लेकिन सरकार द्वारा बाढ़ के जिम्मेदार अधिकारियों, अभियंताओं पर कोई जवाबदेही और कार्रवाई नहीं तय की गई। भ्रष्टाचार के चलते पिछली बार भी बाढ़ से बचाने के पुख्ता इंतजाम नहीं किए गए थे लेकिन उसके बाद भी उन भ्रष्टाचारी अफसरों पर कार्रवाई के बजाए वहीं तैनाती रखी गई है, सरकार की यह उदासीनता दर्शाता है कि भ्रष्टाचार को सरकार का पूरी तरह खुला संरक्षण है। जिन अफसरों ने पिछली बार बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में बाढ़ को रोकने के बजाय जमकर लूटपाट की, वह भी अपने पदों पर बैठे हुए हैं। भ्रष्टाचार की हद तो तब हो गई है जब इस बार भी स्थानांतरण नीति में ऐसे भ्रष्ट अफसरों को बचाने के लिए सिंचाई विभाग में ट्रांसफर नीति शून्य कर दी गई।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि यमुना नदी के रौद्र रूप धारण करने और भारी वर्षा की संभावना के बाद केन, बेतवा, घाघरा, शारदा और गंगा आदि नदियों का जलस्तर भी बढ़ेगा, जिससे सबसे अधिक नुकसान किसानों का होगा। हजारों एकड़ कृषि भूमि जलमग्न हो सकती है। पूर्वांचल और बुंदेलखंड के इलाके वर्षा बाढ़ से जलमग्न होकर जनजीवन को प्रभावित करेंगे लेकिन सरकार ने बाढ़ रोकने के लिए चल रही परियोजनाओं के पूरे करने में उदासीन रवैया रखा है।

# यूसीसी जैसे गैर जरूरी मुद्दों पर ऊर्जा बर्बाद न करें

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**बसपा** अध्यक्ष मायावती ने शनिवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर निशाना साधते हुए कहा कि पार्टी और उसकी सरकार को समान नागरिक संहिता (यूसीसी) जैसे गैर-जरूरी मुद्दों पर अपनी ऊर्जा और संसाधन खर्च करने के बजाय महंगाई को नियंत्रित करने तथा गरीबी दूर करने के लिए काम करना चाहिए।

उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री ने 21वें विधि आयोग के विचारों से भी सहमति जताई, जिसने 2018 में कहा था कि यूसीसी इस स्तर पर न तो आवश्यक है और न ही वांछनीय है। शनिवार को दिल्ली में पार्टी मुख्यालय पर अपनी पार्टी की पंजाब, हरियाणा और चंडीगढ़ इकाइयों की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए बसपा प्रमुख ने आरोप लगाया कि भाजपा और उसकी सरकारें अपनी कमियों से लोगों का ध्यान भटकाने के लिए सांप्रदायिक, जातिवादी और विभाजनकारी नीतियां लागू कर रही हैं। बसपा के एक बयान में मायावती के हवाले से कहा गया, सभी लोगों पर यूसीसी थोपना भी उनका नया कदम है, जो वर्तमान स्थिति को देखते हुए न तो आवश्यक है और न ही उपयोगी है। समान नागरिक संहिता का उद्देश्य धर्मों, रीति-रिवाजों और परंपराओं पर आधारित पर्सनल लॉ के स्थान पर धर्म, जाति, पंथ, यौन अभिरूचि और लिंग से परे सभी के लिए एक समान कानून लाना है। पर्सनल लॉ और विरासत, गोद लेने और उत्तराधिकार से संबंधित कानूनों के इसके दायरे में आने की संभावना है। बाइसवें विधि आयोग ने 14 जून को राजनीतिक रूप से संवेदनशील मुद्दे पर सार्वजनिक और मान्यता प्राप्त धार्मिक संगठनों सहित हितधारकों से विचार मांगकर यूसीसी पर एक नई परामर्श प्रक्रिया शुरू की थी। पिछले हफ्ते भोपाल में पार्टी कार्यकर्ताओं की एक बैठक को संबोधित करते हुए, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने यूसीसी की जोरदार पैरवी करते हुए कहा कि संविधान सभी नागरिकों के लिए समान अधिकारों की बात करता है। कई विपक्षी दलों ने अगले आम चुनाव से पहले यूसीसी मुद्दे को उठाने की भाजपा की मंशा पर संदेह जताया है।

# अब क्रूज व हाउसबोट का आनंद ले सकेंगे अयोध्यावासी

## अक्टूबर तक सरयू में उतरेगा पहला क्रूज, गुप्तारघाट से नया घाट तक चलेगा

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**योगी** सरकार जल्द ही अयोध्या वासियों को एक और तोहफा देने जा रही है। जनवरी 2024 में जहां रामलला भव्य मंदिर में विराजमान होंगे, वहीं इससे पहले सरयू में वाराणसी की तरह क्रूज और हाउस बोट की सुविधा भी प्रारंभ हो जाएगी। पहला क्रूज अक्टूबर जबकि दो क्रूज और हाउस बोट जनवरी तक सरयू में उतर जाएंगे।

पवित्र पावनी सरयू नदी में क्रूज (कनक व पुष्पक) का आनंद उठाने के लिए अब इंतजार नहीं करना पड़ेगा। समय से हाउस बोट व क्रूज का निर्माण पूरा हो जाएगा। दीपोत्सव पर क्रूज व हाउस बोट से सरयू नदी की जलधारा में जल विहार करने का अवसर मिलेगा। रामनगरी की पवित्र पावनी सरयू नदी में कनक और पुष्पक (हाउस बोट और क्रूज का नाम) भी जल विहार कराकर पर्यटकों को लुभाएंगे। रामजन्मभूमि पर भव्य मंदिर निर्माण के साथ रामनगरी वैश्विक पर्यटन के सर्किट में स्थापित हो रही है।

अयोध्या क्रूज लाइंस के अलावा अलकनंदा क्रूज लाइंस भी सरयू में क्रूज चलाने की तैयारी में है। यह कंपनी अभी वाराणसी में क्रूज चला रही है। अलकनंदा के क्रूज का निर्माण अयोध्या में शुरू हो चुका है। कंपनी के निदेशक विकास मालवीय ने बताया कि सरयू में जो क्रूज चलाया जाएगा, वह वाराणसी में चलने वाले क्रूज से अलग होगा। इस डबल डेकर क्रूज में और एडवांस टेक्नोलोजी का इस्तेमाल किया जाएगा। यह अक्टूबर तक तैयार हो जाएगा। उन्होंने बताया कि गुप्तार घाट के कवर्ड शेड में लग्जरी क्रूज का निर्माण किया जा रहा है। इसकी लागत 11 करोड़ है। लंबाई 25 मीटर और चौड़ाई 8.3 मीटर होगी। सरयू में प्रदूषण न हो, इसके लिए सौर ऊर्जा से इसका संचालन किया जाएगा। क्रूज में पहले तल में 100 पर्यटकों के बैठने का इंतजाम होगा। ऊपर का तल पूरी तरह खाली होगा, जहां श्रद्धालु खड़े होकर सरयू विहार का आनंद ले सकेंगे। अयोध्या के सरयू नदी में चलने वाले कनक बोट का निर्माण केरल राज्य के कोच्चि में कराया जा रहा है। क्रूज पर सेल्फी प्वाइंट भी बनाया जाएगा। क्रूज का निर्माण फाइबर मैटेरियल से किया जाएगा। क्रूज में डिजिटल स्क्रीन लगाए जाएंगे। इसमें पर्यटक अयोध्या को और करीब से जान सकेंगे। रामायण पर आधारित वीडियो इसमें चलाएं जाएंगे। क्रूज पूरी तरह एयरकंडीशन होगा। इस पर मनचाहे व्यंजनों का स्वाद ले सकेंगे। क्रूज को गुप्तार से नया घाट के बीच चलाया जाएगा। इसकी दूरी करीब 10 किमी. है। केंद्र एवं प्रदेश सरकार 32 हजार करोड़ की विकास योजनाओं के साथ अयोध्या को सांस्कृतिक नगरी के रूप में विकसित कर रही है। गुप्तारघाट से नयाघाट तक करीब नौ किलोमीटर लंबे सरयू नदी के दायरे में जल विहार की व्यवस्था की जा रही है। पहले राम मंदिर निर्माण के साथ एक जनवरी तक सरयू में जल विहार की व्यवस्था का लक्ष्य तैयार किया गया था। पर्यटन विभाग के उपनिदेशक आरपी यादव ने बताया कि नयाघाट के चौधरी चरण सिंह पार्क के पास पर्यटन विभाग की जमीन अयोध्या क्रूज लाइंस को दी जाएगी। वहां क्रूज के लिए आधुनिक प्लेटफॉर्म बनाया जाएगा। अयोध्या में पर्यटन को बढ़ावा देने में यह योजना कामयाब होगी। आने वाले दिनों में और क्रूज कंपनियां अयोध्या आएंगी। इसे देखते हुए क्रूज प्लेटफॉर्म बनाया जाएगा।

# पर्यावरण संरक्षण के लिए पुलिसकर्मी की अनूठी पहल

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**बाल** चौपाल के संयोजन में आज उच्च प्राथमिक विद्यालय बंशीगढी, ब्लॉक काकोरी, लखनऊ में उत्तर प्रदेश पुलिस सेवा में सीनियर सब इंस्पेक्टर के पद पर कार्यरत और समाजसेवी अनूप मिश्रा अपूर्व के द्वारा प्रधानाध्यापिका प्रीति त्रिवेदी, सहायक अध्यापिका मोनिका एवं सहायक बृजेश की उपस्थिति में पर्यावरण संरक्षण के लिए 'सेल्फी विद झोला' और 'आओ संवारे धरती का आंचल' अभियान के तहत पर्यावरण पाठशाला व कार्यशाला कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में विधालय के सभी बच्चों ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया। पर्यावरणविद अनूप मिश्रा अपूर्व ने स्वयं द्वारा संचालित अभियान की जानकारी देते हुए सभी बच्चों को पॉलीबैग्स, पॉलीथीन, प्लास्टिक से पर्यावरण को होने वाले नुकसान और स्वास्थ्य पर पड़ने वाले दुष्प्रभाव के बारे में 'पॉलिथीन आंटी' एक लघु नाटक की सहायता से जागरूक किया। उन्होंने यह भी बताया कि जिस प्रकार भगवान शिव ने समुद्र मंथन के समय सभी के जीवन की रक्षा हेतु विषपान किया था ठीक उसी प्रकार वृक्ष हमारे पर्यावरण से कार्बनडाइ ऑक्साइड स्वरूप विषपान करते हैं और अमृत रूपी ऑक्सीजन (प्राणवायु) देते हैं । अत:वृक्ष हमारे लिए जीवित भगवान स्वरूप हैं, हमें उनकी भगवान की तरह ही सेवा करनी चाहिए। प्रधानाध्यापिका प्रीति त्रिवेदी ने भी प्लास्टिक के दुष्प्रभाव के बारे में बच्चों को बताया कि हम प्लास्टिक को अपने घरों में पुन: इस्तेमाल करके उपयोगी वस्तुएं बना सकते हैं।

# एक दिन में बनाए गए आयुष्मान लाभार्थियों के 600 से अधिक पीवीसी कार्ड

संवाददाता। लखीमपुर खीरी

**जिले** में एक ही दिन में 600 से अधिक आधुनिक पीवीसी कार्ड बनाए गए। इसका शुभारंभ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा वाराणसी से आयुष्मान लाभार्थियों को पीवीसी कार्ड वितरण कर किया गया था। जिसका सजीव प्रसारण स्वास्थ्य विभाग द्वारा जनपद की सभी ग्राम पंचायतों में दिखाया गया। वहीं एसीएमओ डॉ बीसी पंत द्वारा कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर बेहजम में एक कार्यक्रम के दौरान लाभार्थियों को पीवीसी कार्ड की विस्तृत जानकारी दी गई। जल्द ही इन्हें आयुष्मान कार्ड लाभार्थियों तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है।

कार्यक्रम के नोडल अधिकारी एसीएमओ डॉ बीसी पंत बताया कि प्रधानमंत्री भारत सरकार द्वारा वाराणसी में आयुष्मान लाभार्थियों को पीवीसी कार्ड वितरण का शुभारंभ शुक्रवार को किया गया। इस अवसर पर जनपद लखीमपुर खीरी के सभी ग्राम पंचायतों में पंचायत भवन पर आशा, आशा संगिनी, एएनएम, पंचायत सहायक ,आयुष्मान मित्र द्वारा संबंधित क्षेत्र के जनसमूह को प्रधानमंत्री जी के कार्यक्रम का सजीव प्रसारण दिखाया गया व लाभार्थियों के 600 से अधिक गोल्डन कार्ड बनाए गए। उपस्थित जनसमूह को आयुष्मान भारत योजना से मिलने वाले लाभ के विषय में अवगत कराया गया।आयुष्मान योजना अंतर्गत पात्र लाभार्थी को 5 लाख रुपए तक का निशुल्क उपचार भर्ती होने की दशा में शासन द्वारा उपलब्ध कराया जाता है। इस योजना में 14 सौ से अधिक बीमारियां सम्मिलित है। जनपद लखीमपुर खीरी में योजना अंतर्गत 15 निजी चिकित्सालय क्रमशः सलूजा नर्सिंग होम, सर्जन नर्सिंग होम, आयुष नर्सिंग होम, अनुपम नर्सिंग होम, चंद्रानी हॉस्पिटल, रघुनाथ हॉस्पिटल, मोहन आई केयर, टंडन आई हॉस्पिटल, उमा प्रभा नेत्रालय, डॉ श्रॉफ आई हॉस्पिटल, वन बीट दशमेश चैरिटेबल हॉस्पिटल, शिवलोक हॉस्पिटल, नाइस नर्सिंग होम, एसएस हॉस्पिटल, एसके मजूमदार हॉस्पिटल सम्मिलित हैं।

सभी 15 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, जिला चिकित्सालय पुरुष एवं जिला चिकित्सालय महिला योजना अंतर्गत सूचीबद्ध हैं।जनपद लखीमपुर में 26000 से अधिक लाभार्थी आयुष्मान योजना अंतर्गत उपचार प्राप्त कर चुके हैं व 6.5 लाख से ज्यादा गोल्डन कार्ड बनाए जा चुके हैं। बेहजम में करनपुर ग्राम सभा में

इस अवसर पर एसीएमओ डॉ बीसी पंत सहित अधीक्षक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेहजम डॉ अनिल वर्मा, संतोष शुक्ला, आयुष्मान कार्यक्रम के जिला समन्वयक डॉ. अक्षत अग्रवाल , जिला शिकायत प्रबंधक अनुज प्रताप सिंह, आयुष्मान मित्र, प्रशांत पांडे, आशा सहित बड़ी संख्या में आयुष्मान लाभार्थी उपस्थित रहे ।



### क्या है पीवीसी कार्ड का लाभ

**पीवीसी** कार्ड का उद्देश्य लाभार्थियों को असुविधा से बचाने हेतु है किया जा रहा है चूंकि यह प्लास्टिक की तरह का होता है। इसलिए यह गलता, फटता नही है, गंदा नहीं होता है व इसका रखरखाव ज्यादा आसान है। यह पर्स में आसानी से रखा जा सकता है इसीलिए इसे आसानी से कहीं भी ले जाया जा सकता है।

# थाना समाधान दिवस : डीएम ने फरियादें सुनकर समस्या निस्तारण को भेजी पुलिस व राजस्व टीमें

संवाददाता। लखीमपुर खीरी

**जिले** के सभी थानों में शनिवार को समाधान दिवस का आयोजन हुआ। इसमें पुलिस और भूमि विवाद से जुड़े मामलों की सुनवाई हुई। पुलिस, प्रशासनिक अफसरों ने शिकायत सुनकर निस्तारण कराया। डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने एसपी गणेश प्रसाद साहा के संग थाना खीरी, थाना कोतवाली सदर में आयोजित थाना समाधान दिवस पहुंचे, जहां दोनो अफसरों ने फरियादियों से रूबरू होकर समस्याएं सुनी।

समाधान दिवस थाना खीरी में डीएम ने कहा कि राजस्व-पुलिस से सम्बन्धित शिकायतें का निस्तारण आपसी सामंजस्य से सुनिश्चित कराए। इसमें किसी भी स्तर पर हीलाहवाली क्षम्य नही होगी। पीड़ितों की समस्याओं को खुद समझ कर दूर करें। फोर्स के साथ राजस्वकर्मी मौके पर जाकर विवादित मामलों का निस्तारण करें। अगर मामला गंभीर है तो तत्काल एसडीएम, तहसीलदार को अवगत कराएं, ताकि अधिकारी मौके पर जाकर समाधान करें। उन्होनें शिकायत पंजिका का निरीक्षण कर निस्तारित शिकायतों के बाबत स्वयं दूरभाष पर शिकायतकर्ताओ से बात कर उनका सत्यापन कर जानकारी ली कि वह शिकायतों के निस्तारण की गुणवत्ता से सहमत है।



इसके बाद डीएम महेंद्र बहादुर सिंह, एसपी गणेश प्रसाद साहा ने थाना कोतवाली सदर पहुंचे, जहां पर मौजूद फरियादियों को समस्याओं मौके पर सुना तथा सम्बन्धित का यथाशीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए। थाना समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण राजस्व व पुलिस विभाग के संयुक्त टीमें मौके पर जाकर कराएं। डीएम ने कहा कि शासन की मंशा है कि गांवों, कस्बों में उत्पन्न विवादों का निस्तारण थानों में ही विभिन्न विभागों के अफसरों व कर्मियों की मौजूदगी में हो जाए।

# प्रेमिका को लेकर हुए विवाद में युवक को मार दी गोली

संवाददाता। बरेली

**प्रेमिका** को लेकर हुए विवाद के बाद दबंग ने एक युवक को गोली मार दी जिससे वह घायल हो गया घटना के बाद हमलावर फरार हो गया पुलिस ने घायल को इलाज के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया।प्रेम नगर थाना क्षेत्र में डीडी पुरम स्थित सेलेक्शन प्वाइंट टावर के पास शौचालय के सामने बीती रात शाहजहांपुर निवासी एक युवक जसकरण को गोली मार दी गई जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया स्थानीय लोगों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को इलाज के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया थाना प्रभारी राजेश सिंह के अनुसार घायल युवक के दोस्त सागर के किसी युवती से प्रेम प्रसंग थे लेकिन इन दिनों युवती के प्रेम प्रसंग हमलावर युवक से चल रहे थे जिसको लेकर सागर के दोस्त जसकरण और हमलावर युवक के बीच रंजिश चल रही थी बीती रात थार गाड़ी पर सवार होकर हमलावर डीडी पुरम पहुंचा सब साले के सामने उसे जसकरण मिल गया और दोनों में विवाद होने लगा इसी दौरान उसने जसकरण को गोली मार दी और वाहन समेत फरार हो गया गोली लगने से घायल जसकरण जमीन पर गिर पड़ा गोली चलने की आवाज सुनकर आसपास मौजूद लोगों की भीड़ मौके पर लग गई और घटना की जानकारी पुलिस को दी गई मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल जसकरण को इलाज के लिए निजी अस्पताल में भर्ती करा दिया और उसके घर वालों को सूचना दे दी प्रारंभिक जांच में पता चला कि हमलावर युवक परिषद के गांव भगवानपुर पूर्वा का रहने वाला है थाना प्रभारी में शिकायत मिलने पर मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही करने की बात कही।

### मजार हटाने का नोटिस चश्मा होने पर हंगामा

**बरेली।** सड़क के चौड़ीकरण कार्य के लिए मजार को हटाने का नोटिस चस्पा होने के बाद मुस्लिम समुदाय के सैकड़ों लोग सड़क पर आ गए और उन्होंने जमकर हंगामा किया आईएमसी के कई नेता भी मौके पर पहुंचे और उन्होंने मजार हटाने का विरोध किया और प्रशासन से समस्या का समाधान निकालने के लिए अधिकारियों से बात करने का आश्वासन दिया।बारादरी थाना क्षेत्र में पीलीभीत बाईपास स्थित रोहिलखंड यूनिवर्सिटी के पास स्थित एक मजार को हटाने का नोटिस बीडीए द्वारा चस्पा किया गया जैसे ही मजार प्रबंधन को इसकी जानकारी मिली।

# डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर भाजपा महानगर ने दी श्रद्धांजलि

**बरेली ।** भारतीय जनता पार्टी कार्यालय सिविल लाइंस में जनसंघ के संस्थापक डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर महानगर अध्यक्ष डॉक्टर के एम अरोड़ा मैं उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।महानगर अध्यक्ष डॉक्टर



के अमरवाड़ा ने कहा डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बताए हुए मार्ग पर हम सभी को चलना चाहिए उनका जन्म 6 जुलाई 1901 कोलकाता के एक प्रतिष्ठित परिवार में डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी का जन्म हुआ उनके पिता सर आशुतोष मुखर्जी बहुमुखी प्रतिभा के धनी थे। एक शिक्षबिद के रूप में विख्यात थे महानगर अध्यक्ष डॉ के एम अरोड़ा ने डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बारे में विस्तार से जानकारी दी डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी को पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि देने वालों में प्रमुख रूप से महानगर अध्यक्ष डॉक्टर के एम अरोड़ा,अधीर सक्सेना, प्रभु दयाल लोधी,विष्णु शर्मा, देवेंद्र जोशी, बंटी ठाकुर, जेपीएस पाल, सूर्यकांत मौर्य , प्रवेश वर्मा,एवं समस्त पदाधिकारी गण मौजूद रहे।

# पेंशनविहीन शिक्षक व कर्मचारियों ने की बैठक

संवाददाता। रमिया बेहड़ खीरी




**ब्लॉक** सभागार रमियाबेहड़ में अटेवा पेंशन बचाओ मंच के बैनर तले पेंशनविहीन शिक्षकों व कर्मचारियों नें बृहद बैठक का आयोजन सम्पन्न हुआ।बैठक की अध्यक्षता अटेवा जिला सय्योजक विश्वनाथ मौर्यकी ने की व संचालन ब्लॉक अध्यक्ष तारकेश्वर राय ने किया।बैठक आयोजन ओमप्रकाश व ब्लॉक कार्यकारिणी द्वारा किया गया।

बैठक में मुख्य अथिति के रूप में पधारे प्रदेश संगठन मंत्री संदीप वर्मा ने कहा कि पेंशन की व्यवस्था सरकारी सेवा में अपनी पूरी उम्र लगा देने वाले कर्मियों के भविष्य को सुरक्षित रखने के लिए की गई थी इस पेंशन व्यवस्था को बंद करना और एनपीएस जैसी बाजार आधारित व्यवस्था लाना कर्मचारियों व शिक्षकों के भविष्य के साथ छल है।अटेवा पूरे देश मे पेंशन बहाली के लिए आंदोलन रत है।उन्होंने बताया कि 1 अक्टूबर को दिल्ली में पेंशन शंखनाद रैली में पेंशनविहीन अपनी ताकत दिखाएंगे।

जिला सयोंजक विश्वनाथ मौर्य ने बताया कि अटेवा के संघर्ष से आज राजस्थान, में तोकल उत्तर प्रदेश में पुरानी पेंशन लागू हो सारे देश में खुशहाली या तो लौट आयी हैं या लौटने वाली है जिसका कोई नाम न था वह अब हमें मिल रही मिलने वाली है।

जिला संरक्षक संदीप वर्मा ने अपील करते हुए कहा कि सभी साथी गुटों,संगठनों की सीमाएं तोड़कर शिर्फ़ एक मुद्दे पुरानी पेंशन की बहाली पर सभी का साथ मिल रहा है मिला है,यह साथ आगे भी मिलता रहे। संयोजक विश्वनाथ मौर्या ने कहा कि 1 अक्टूबर पेंशन शंखनाद महारैली दिल्ली की तैयारी की जा रही है। आप सब किसी के फोन,मैसेज आदि का इंतजार न करते हुए अपने हक के लिए दिल्ली चलने के लिए तैयारी शुरू रकर दीजिए ।जिन साथियो को ट्रेन से जाना हो वे रिजर्वेशन करा लें और जिनको बस के माध्यम से चलना है वह अपने ब्लॉक अध्यक्ष/विभाग प्रभारी के पास अपना नाम और नम्बर नोट करा दें।

संतोष वर्मा ने कहा कि हम आप एक दो दिन के लिए सभी कार्यों को दरकिनार करते हुए सुनिश्चित करे कि आपको दिल्ली पहुंच कर अपने हक की आवाज बुलंद करना है।

महामंत्री मनोज वर्मा ने कहा कि सभी गिले शिकवे दबैठक में जनपदीय कार्यकारिणी से वरिष्ठ सलाहकार संतोष वर्मा, अवधेश प्रताप सिंह, कमलेश यादव जी, वीरेंद्र कुमार सिंह जी एवम डी के राम, आशु कुमार, वीरेंद्र पाल, राकेश कुमार, राजेंद्र राजपूत, उमेश चौरसिया, परशुराम, मुकेश कुमार, नीरज कुमार, मिश्रीलाल,सुबोध सिंह, रामसनेही,रवींद्र अलूना,वरुण कुमार, पंकज गुप्ता, ममता, रेखा, गीता, बदरजहां, रामगोपाल वर्मा, अनुपम यादव,अनुराग शर्मा, मेवालाल, अजय सिंह, संगीता कनौजिया आदि सहित सैकड़ों की संख्या में शिक्षक और कर्मचारी उपस्थित रहे।

# महिला पर किराएदार ने कराई एफआईआर

संवाददाता। बरेली

**दरोगा** हनी ट्रैप मामले में फिर से नया मोड़ आ गया है पीलीभीत में तैनात एक दरोगा को हनी ट्रैप में फंसाने वाली महिला पर कैंट की युवती के बाद अब किराएदार ने एफआईआर दर्ज कराई है आरोपी महिला के देवर ने तमंचे के बल दुष्कर्म किया, जातिसूचक शब्द कहे और अश्लील वीडियो वायरल की धमकी दी पुलिस अब तक इस मामले में चार मुकदमे दर्ज कर चुकी है।बारादरी थाना क्षेत्र की एक महिला ने बताया कि वह माधुरी पाल के मकान में किराए पर रहती है माधुरी के देवर मनोज पाल ने उनके साथ 11 मई को तमंचे के बल दुष्कर्म किया माधुरी का बेटा प्रियांशु पाल पहले ही उनकी बेटी से छेड़छाड़ कर चुका है जब उन्होंने शिकायत की तो माधुरी ने अपने बेटे को बाहर भेज दिया मनोज पाल ने व्हाट्सएप पर जातिसूचक शब्द कहे अब माधुरी पाल और मनोज गलत काम करने का दबाव बना रहे है विरोध करने पर वह अश्लील वीडियो वायरल करने की धमकी दे रहे है वह एक अज्ञात व्यक्ति के साथ मिलकर झूठे प्रार्थना पत्र देकर रुपये वसूलते है बारादरी पुलिस ने चारों के खिलाफ दुष्कर्म, छेड़छाड़, एससीएसटी, जान से मारने की धमकी देने और वसूली में एफआईआर दर्ज कर ली है ।ज्ञात हो कि संजयनगर की महिला ने पीलीभीत में तैनात दरोगा को हनी ट्रैप में फंसाकर एफआईआर दर्ज कराई थी इसके बाद कैंट की युवती पर धर्म परिवर्तन समेत कई आरोप में रिपोर्ट दर्ज कराई इसके बाद अब किराएदार ने आरोपी महिला के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है ।

# कक्षा आठ की छात्रा से छेड़छाड़

**बरेली।** मां के साथ मंदिर से वापस घर लौट रही छात्रा के साथ दूसरे समुदाय के युवक ने रास्ते में रोककर छेड़छाड़ की घटना की शिकायत पुलिस से करने के बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया ।किला थाना क्षेत्र के एक मोहल्ले में रहने वाली कक्षा 8 की छात्रा से छेड़छाड़ करने के आरोप में मलूक पुर निवासी रेहान को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया छात्रा के घर वालों ने बताया कि छात्रा मंगलवार की शाम अपनी मां के साथ अलख नाथ मंदिर गई थी जब वह घर घर वापस लौट रही थी तो मलूक पुर निवासी रेहान ने उसे रास्ते मे रोक लिया और हाथ पकड़कर उससे छेड़छाड़ करने लगा छात्रा ने जब इसका विरोध किया तो रेहान ने उसे जान से मारने की धमकी दी छात्रा के शोर मचाने पर उसकी मां मौके पर पहुंच गई और उसने हंगामा शुरू कर दिया शोर सुनकर लोगों की भीड़ मौके पर लग गई लोगों ने रेहान को पकड़कर उसकी पिटाई कर दी कई हिंदूवादी संगठन के पदाधिकारी व कार्यकर्ता भी मौके पर पहुंच गए और हंगामा करने लगे।

# कांवरियों का स्वागत नगर में करने की योजना बना स्वयंसेवी संगठनों को दी जिम्मेदारी : विजय शुक्ला रिंकू

संवाददाता। गोला गोकर्णनाथ (खीरी)

**नगर** पालिका परिषद गोला में अध्यक्ष विजय शुक्ला ऊर्फ रिंकू के आहवान पर नगर के सामाजिक संगठनों के प्रमुख व व्यापार मण्डल के प्रमुख पदाधिकारियों एवं सभासदों को सावन माह के सोमवार पर कांवड़ियों का नगर में भव्य स्वागत एवं पुष्प वर्षा करने की व्यवस्था बनाने के लिए आमंत्रित किया गया । सावन के प्रथम सोमवार को अरुण अवस्थी जिला अध्यक्ष व्यापार मण्डल 17 जुलाई रामसागर वर्मा भारत विकास परिषद,24 जुलाई विनोद मिश्रा व्यापार मण्डल,31जुलाई डा.पियूष शुक्ला बजरंग दल ,07 अगस्त रियाजुद्दीन सभासद दिव्यांग कल्याण समिति,14 पंकज मिश्रा पत्रकार एशोसिएशन,21अगस्त शिव गोपाल गुप्ता लायंस क्लब,28अगस्त नगरपालिका परिषद द्वारा स्वागत एवं पुष्प वर्षा की जाएगी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि



जिला अध्यक्ष भाजपा सुनील सिंह जी ने मोदी सरकार के 09 वर्ष पूर्ण होने पर भाजपा सरकार की उपलब्धिया बताई तथा सभी सामाजिक संगठनों से मोदी सरकार के लिए 9090902024 पर मिसकॉल कर समर्थन करने की अपील की। अध्यक्ष / महासम्पर्क अभियान जिला संयोजक विजय शुक्ला रिंकू ने सभी संगठनों का सहयोग करने के लिए आभार व्यक्त किया।सभा का संचालन नगर अध्यक्ष शत्रोहन मिश्रा ने किया।

समारोह में सभासद /जिला अध्यक्ष उधोग व्यापार मंडल नानक चन्द्र वर्मा, हरिओम वर्मा,राजेश वर्मा, आनंद सोनी, राजीव सैनीअल्लू, रियाजुद्दीन, सुफियान खान,दानिश अली, साहिद, इजरान अनिल गुप्ता, धर्मेन्द्र तिवारी, धर्मेन्द जायसवाल, धर्मेन्द्र वाल्मीकि, शोभित , विनोद स्वर्णकार, विनोद मिश्रा, पूर्व चेयरमैन एल डी बी बैंक सुर्जनलाल वर्मा, जिला उपाध्यक्ष विनोद वर्मा, जिला मंत्री रामजी दीक्षित,जिला महामंत्री किसान मोर्चा धर्मेन्द्र सिंह,अरुण अवस्थी मण्डल प्रभारी, मण्डल अध्यक्ष कुम्भी रविन्द्र कटियार सहित पार्टी के पदाधिकारी उपस्थित रहे ।

## क्विक न्यूज

### मंदिर परिसर में मांस के टुकड़े मिलने पर हंगामा

**बरेली।** सावन के महीने में मंदिर परिसर में किसी खुराफाती में मांस के टुकड़े फेंक दिए घटना की सूचना मिलने पर लोगों की भीड़ मौके पर पहुंची और हंगामा कर दिया सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने लोगों को समझाकर मामले को रफा-दफा कराया ।हाफिजगंज थाना क्षेत्र के गांव सनेकपूर में आज सुबह पूजा करने गए ग्रामीणों ने मंदिर परिसर में मांस के टुकड़े पड़े देखें उन्होंने गांव के लोगों को घटना जानकारी दी कुछ देर बाद ही बड़ी संख्या में लोग मौके पर जमा हो गए और हंगामा करने लगे घटना की सूचना मिलने पर सीओ चमन सिंह फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और उन्होंने लोगों को समझा कर मामले को शांत कराया और आश्वासन दिया कि जल्दी ही खुराफाती को गिरफ्तार कर उसके विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी पुलिस की मौजूदगी में मांस के टुकड़ों को नष्ट कराया गया और स्थानीय लोगों ने मंदिर की साफ-सफाई शुरू कर दी ज्ञात हो कि 2 साल पहले भी खुराफाती ने इसी मंदिर के गेट को तोड़ दिया था जिसके लेकर ग्रामीणों ने हंगामा किया था और एक बार फिर से किसी खुराफाती ने सावन के महीने में मंदिर में मास के टुकड़े फेक दिए गांव में तनाव के चलते बड़ी संख्या में पुलिस तैनात कर दी गई और पुलिस ने खुराफाती को गिरफ्तार करने की कोशिश शुरू कर दी।

### डंपर से भिड़ी प्राइवेट बस, कई घायल

**बरेली।** रात के समय सड़क किनारे खड़ी पिकअप गाड़ी को तेजी से आ रहे डंपर ने टक्कर मार दी जिससे पिकअप डिवाइडर से जा टकराई और डंपर सड़क पर ही रुक गया इसी दौरान पीछे से आ रही प्राइवेट बस डंपर से टकरा गई जिससे बस में सवार एक दर्जन से से अधिक लोग घायल हो गए दुर्घटना के बाद डंपर चालक वाहन लेकर फरार हो गया पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया जिनमें से कई की हालत नाजुक बताई जाती है ।मीरगंज थाना क्षेत्र मे ओवर ब्रिज के पास बीती रात हुई सड़क दुर्घटना में उन्नाव की रहने वाली नीतू पत्नी ज्ञानेंद्र उसकी बेटी कोमल और खुशी, कमलेश पत्नी शिवदास इंद्र प्रकाश पुत्र डंबर,अनुज पुत्र लाल सिंह, रवि पुत्र कल्लू, पिंटू पुत्र छोटे और हरदोई निवासी मोहम्मद असलम, बुधपाल, अमित को मीरगंज स्थित स्वास्थ्य केंद्र मे भर्ती कराना जहां घायलों ने बताया कि उनकी उनकी बस उन्नाव से दिल्ली जाने के लिए कल शाम को उन्नाव से चली थी जिसमें लगभग 50 लोग सवार थे लेकिन रात में बस सड़क के बीचो बीच खड़े एक डंपर से टकरा गई जिससे बस में बैठे लगभग एक दर्जन लोग घायल हो गए पुलिस के अनुसार रात के समय एक पिकअप गाड़ी में आम भरे थे जो पंचर हो गई ड्राइवर ने गाड़ी को सड़क किनारे खड़ा कर दिया इसी दौरान पीछे से आए डंपर ने पिकअप को टक्कर मार दी पिकअप बेकाबू होकर डिवाइडर से टकराई और डंपर सड़क पर ही रुक गया इसी दौरान उन्नाव से दिल्ली जा रही बस पीछे से उसमें टकरा गई और बस में बैठे कई लोग घायल हो गए दुर्घटना के बाद डंपर का चालक वाहन समेत फरार हो गया घायलों में तीन की हालत नाजुक बताई जाती है।

### मंदिर में निर्माण कार्य शुरू करते ही हंगामा, मुस्लिम समुदाय के लोगों को बेच दी जमीन, मूर्तियां हैं स्थापित

**बरेली।** दरगाह आला हजरत से कुछ दूरी पर दरगाह से थोड़ा पहले एक घर है जिसमे मंदिर है जिसको मुस्लिम समाज के व्यक्ति के हाथ बेंच दिया गया जिसमें मूर्तियां स्थापित थीं। हिंदू समुदाय के लोगों का कहना है कि यह मंदिर था मगर इसके दरवाजे बाहर की साइड से जहां मूर्तियां स्थापित हैं हमेशा बंद रहते हैं। इस जगह को मुस्लिम समुदाय के लोगों ने खरीद लिया और आज उसमें निर्माण कार्य शुरू किया था जिसके बाद हिंदू संगठन और स्थानीय हिंदू समुदाय के लोग सक्रिय हो गए और हंगामा खड़ा हो गया मौके पर पुलिस पहुंच गई और निर्माण को रोक दिया गया।दरअसल कोतवाली थाना क्षेत्र के मोहल्ला सौदागरान की आला हजरत राह पर दरगाह से पहले एक जगह है जिसमें मूर्तियां स्थापित हैं जिसको मुस्लिम समुदाय के लोगों के हाथ बेंच दिया गया है।

### दुर्लभता से बढ़ता हैं आकर्षण

कानपुर । प्राकृतिक हीरों की उत्पत्ति अरबों वर्षों में होती हैए जो अत्यधिक दबाव और तापमान की स्थिति में पृथ्वी की गहराई में बनते हैं। ये कार्बन परमाणुओं से निर्मित होते हैं। यह वही तत्व है जो क्रिस्टल जाली संरचना में व्यवस्थित पेंसिल ग्रेफाइट में पाया जाता है। प्राकृतिक हीरों की लोकप्रियता के बावजूद वे अत्यधिक दुर्लभ हैं। दुनिया भर में खनन किए जाने वाले दस लाख हीरों में से सिर्फ एक ही हीरा उच्च गुणवत्ता वाला होता है। यह दुर्लभता ही इसके मूल्य और आकर्षण को बढ़ाती है। प्रमुख हीरा उत्पादक देशों में रूसए बोत्सवानाए कनाडाए डीआर कांगो और दक्षिण अफ्रीका शामिल हैं। हलाँकि हीरे अक्सर पारंपरिक सफेद रंग से जुड़े होते हैं, इसके बावजूद वे प्राकृतिक रंगों की एक विस्तृत श्रृंखला को शामिल करते हैं, लगभग तमाम प्राकृतिक हीरों में छोटी.छोटी खामियाँ या समावेशन होते ही हैं। प्राकृतिक हीरे के मूल्य और गुणवत्ता का निर्धारण 4सी द्वारा किया जाता है।

# अधिशासी अभियंता को पत्र लिख नहर की सिल्ट सफाई की मांग

संवाददाता। जगतपुर ,रायबरेली

**जगतपुर** रजबहा से निकलने वाला शंकरपुर माइनर सिल्ट से पूर्णतया पट गया था। जिससे किसानों की धान की रोपाई होने में समस्या आ रही थी। जिला पंचायत ने किसानों के मामले को संज्ञान में लेते हुए अधिशासी अभियंता को पत्र लिखकर खुदवाये जाने की मांग की थी। जिसको लेकर आज जेसीबी के माध्यम से खुदाई शुरू हुई है।

क्षेत्रीय लोगों ने जिला पंचायत सदस्य राकेश राना को धन्यवाद ज्ञापित किया।जगतपुर रजबहा से निकलने वाले शंकरपुर माइनर सिल्ट से पूर्णतया पट गया था। किसानों की धान की फसल की रोपाई का समय चल रहा है। और माइनर में पानी नहीं पहुंच रहा है जिसको लेकर किसानों ने जिला पंचायत सदस्य राकेश सिंह राना से यह बात रखी ।थी माइनर में पानी नहीं आ रहा है। रोपाई नहीं हो पाएगी जिसको लेकर जिला पंचायत सदस्य अधिशासी अभियंता को पत्र लिखकर नहर की सिल्ट सफाई किए जाने की मांग की गई थी।

जिला पंचायत की मांग पर नहर विभाग के अधिशासी अभियंता हेमंत कुमार वर्मा के निर्देश पर शंकरपुर माइनर कि शनिवार को जेसीबी लगाकर माइनर की खुदाई शुरू करा दी गई। जिसको लेकर किसानों ने खुशी जताई है। तथा जिला पंचायत सदस्य के प्रयासों की सराहना की है। किसान विकास तिवारी, विमलेश भद्वारिया कल्लू सिंह भदवारिया हनुमान चौहान , अनिल बाजपेई आदि लोगों कहा कि अब माइनर में पानी मिलने लगेगा।

किसानों ने खुशी जाहिर करते हुए कहा किसानों के दर्द को जिला पंचायत सदस्य राकेश राना ने अधिकारियों के संज्ञान में लाकर के यह काम करवाया है उसके लिए धन्यवाद के पात्र है इस माइनर से शंकरपुर विजई का पुरवा, पूरब गांव, दौलतपुर,भटपुरवा, बिछिया वादी, ललुवा का पुरवा, उमरी,उंडवा सिंघापुर भटौली सहित आदि गांवों के लगभग 4000 किसान इसी माइनर से सिंचाई करते हैं। जिला पंचायत सदस्य राकेश सिंह राना ने बताया कि किसानों की समस्या को लेकर अधिशासी अभियंता को पत्र लिखा गया था। जिसके बाद माइनर की खुदाई शुरू हुई।

अधिशासी अभियंता हेमंत कुमार वर्मा ने बताया कि शंकरपुर माइनर सिल्ट से पट गई थी जिला पंचायत सदस्य की शिकायत पर माइनर की खुदाई शुरू करा दी गई है। किसानों के खेतों को पानी पहुंचाने का ही हम सबका लक्ष्य है

# पखवाड़े में मिलेंगे कई मौके, परिवार पूरा है तो अब करा सकते हैं नसबंदी

**मिर्जापुर।** छोटा परिवार खुशहाली का आधार है । बढ़ती महंगाई में सीमित परिवार रख कर बच्चों और परिवार को बेहतर भविष्य दिया जा सकता है । मातृ शिशु स्वास्थ्य को बनाए रखने में और मातृ शिशु मृत्यु दर को कम करने में परिवार नियोजन की अहम भूमिका है । यही वजह है कि जिन लोगों को परिवार पूरा हो गया है वह नसबंदी का स्थायी साधन अपना सकते हैं । ऐसे लोगों को 11 जुलाई से 31 जुलाई के बीच विश्व जनसंख्या स्थिरता पखवाड़े के सेवा प्रदायगी चरण के तहत निर्धारित सेवा दिवस के रूप में कई मौके मिलेंगे । यह जानकारी मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ ए0एल0 वर्मा ने दी ।

सीएमओ ने बताया कि एसीएमओ आरसीएच डॉ मुकेश की देखरेख में नसबंदी के निर्धारित सेवा दिवस के लिए टीम गठित कर दी गयी है । इस समय जिले में दंपति सम्पर्क पखवाड़ा चरण चल रहा है जिसमें आशाए एएनएम व अन्य स्वास्थ्यकर्मी योग्य दंपति को परिवार नियोजन के ष्बॉस्केट ऑफ च्वाइसष् की जानकारी दे रहे हैं। ष्बॉस्केट ऑफ च्वाइसष् परिवार नियोजन के सभी साधनों की जानकारी हैए जिसमें से मनपसंद साधन लक्षित दंपति चुनाव कर सकता है। साथ ही परिवार नियोजन के स्थायी साधन नसबंदी और अस्थायी साधन आईयूसीडी व त्रैमासिक अंतरा इंजेक्शन के इच्छुक लाभार्थियों की सूची भी बनायी जा रही है। इस कार्य में यूपीटीएसयू के जिला परिवार नियोजन विशेषज्ञ तकनीकी सहयोग कर रहे हैं । महिला नसबंदी करवाने पर लाभार्थी को 2000 रुपये और पुरुष नसबंदी करवाने पर लाभार्थी को 3000 रुपये देने का प्रावधान है । गुरूसण्डी में प्रत्येक दिवसए सीखड़ में 14 जुलाई व 31 जुलाईए कछवां प्रत्येक दिवसए पटेहरा 24 जुलाईए चील्ह में 17 व 24 जुलाई ए मड़िहान 17 जुलाई व 31 जुलाईए विजयपुर 18 जुलाईए राजगढ़ प्रत्येक दिवसए लालगंज में 11 जुलाई व 25 जुलाईए जमालपुर में 13ए 20 व 27 जुलाईए हलिया 14ए 21 व 28 जुलाईए पडरी 28 जुलाई व चुनार 14 व 21 जुलाई को सेवा प्रदान किया जायेगा। सीएमओ ने बताया कि जिले की समस्त स्वास्थ्य इकाइयों पर प्रत्येक गुरूवार को अन्तराल दिवसए माह की नौ तारीख को मनाए जाने वाले प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व दिवस अभियान और 21 तारीख को मनाए जाने वाले खुशहाल परिवार दिवस पर एक योग्य लाभार्थी को त्रैमासिक अंतरा इंजेक्शन और एक लाभार्थी को आईयूसीडी की सेवा देना अनिवार्य होगा। साथ ही प्रति माह प्रत्येक हेल्थ विजिटरए एएनएम और आशा को एक नसबंदी करवाना अनिवार्य किया गया है । राजगढ़ सीएचसी की परिवार नियोजन काउंसलर राहुल ने बताया कि पखवाड़े की सफलता के लिए जिला कार्यक्रम प्रबन्धक अजय सिंह के नेतृत्व में बैठक हो चुकी है । आशा कार्यकर्ता घर घर जाकर योग्य दंपति की लिस्ट बना रही हैं। परामर्श कक्ष में जो भी लाभार्थी आते हैं और साथ में जिन महिलाओं का प्रसव हो रहा है उनके परिवार को परिवार नियोजन के सभी साधनों के बारे में जानकारी दे रही हूं।

# बर्दाश्त नहीं की जाएगी श्रीराम की तपोभूमि चित्रकूट की प्रशासनिक उपेक्षा : मदन गोपाल

**संवाददाता।** चित्रकूट



**भगवान** श्रीराम की तपोस्थली चित्रकूट में व्यवस्थाओं को लेकर नाराज चल रहे विरक्त संत मंडल ने शनिवार को कामद गिरि परिक्रमा पथ पर बैठ कर धरना दिया।शासन-प्रशासन पर उपेक्षा का आरोप लगाते हुए कामदगिरि प्रमुख द्वार के महंत मदन गोपाल दास महाराज ने कहा कि धर्म नगरी चित्रकूट की उपेक्षा बर्दास्त नही की जायेगी।जरूरत पडी तो संत समाज वृहद आंदोलन को बाध्य होगा। चित्रकूट के मठ-मंदिरों में रहने वाले संतो के विरक्त मंडल ने अपनी 12 सूत्रीय मांगों के समर्थन में शनिवार को कामदगिरि परिक्रमा पथ पर स्थित पूर्वी मुखारबिंद के पास बैठकर धरना दिया। संतो ने चित्रकूट में पूर्वी मुखारबिंद की व्यवस्था संचालन के लिए प्रशासनिक समिति बनाए जाने पर भारी असंतोष व्यक्त करते हुए प्रशासन से इस समिति को तत्काल भंग करने की मांग की।

विरक्त संत मंडल के सचिव मदन गोपाल दास महाराज ने कहा कि यहां महंतों और पुजारियों के तालमेल से व्यवस्था संचालन का प्रबंध करने के बजाय ऐसे निर्णय लेकर प्रशासन मठ-मंदिरों के विवाद बढ़ रहा है। चित्रकूट क्षेत्र में तमाम स्थानों पर अवैध वसूली हो रही है, आस्थावानों को शुल्क के नाम पर परेशान किया जा रहा है। विकास के नाम पर चल रहे प्रोजेक्ट में भ्रष्टाचार हो रहा है और मंदाकिनी नदी तथा मठ-मंदिरों की जमीनों पर अतिक्रमण किए जा रहे हैं। लेकिन प्रशासन का ध्यान इन समस्याओं और मसलों पर नहीं हैं।

विरक्त संत मंडल ने मांग उठाई कि मंदाकिनी पर जल संसाधन विभाग द्वारा बनाई जा रही दीवार का काम रोका जाए और इस पवित्र नदी को स्वच्छ बनाया जाए। अवैध वसूली और सीवर लाइन प्रोजेक्ट में भ्रष्टाचार रोका जाए। चित्रकूट के चौराहों का सौंदर्यीकरण किया जाए, गौ सेवा केंद्र बनाए जाएं। धर्म नगरी में शराब की बिक्री प्रतिबंधित की जाए और प्रोजेक्ट्स की निगरानी के लिए जन निगरानी समिति बनाई जाए।धरना में सनकादिक आश्रम के महंत ब्रम्हाचारी संकादिक,निर्वाणी अखाडा के महंत सत्यप्रकाश दास,करह आश्रम के महंत माधवदास,लक्ष्मणदास त्यागी,संकट मोचन के महंत बालकदास महाराज,रामानंद आश्रम के महंत बलराम दास महाराज,रामेश्वरदास महाराज,सीता रमण दास महाराज,रामलोचन दास महाराज आदि दर्जनों संत मौजूद रहे।

## बीडीओ ने मड़ोरा में कराये विकास कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया

**कुठौंद (जालौन)।** ग्राम पंचायत मड़ोरा में प्रशासन चला गांव की ओर की तहत खंड विकास अधिकारी सर्वेश कुमार रवि की अध्यक्षता में जन चौपाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। चौपाल में पहुंचे ग्रामीणों ने अपनी समस्यायें बतायी जिनके समाधान का आश्वासन दिया गया। पेयजल व्यवस्था, प्रधानमंत्री आवास योजना, मुख्यमंत्री आवास, व्यक्तिगत शौचालय एवं समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित पेंशन योजना, वृद्धा पेंशन, दिव्यांग पेंशन एवं विधवा पेंशन की समीक्षा की गई। इसके बाद गांव में कराये गये विकास विकास कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया गया जहां कराये गये कार्य मानक के अनुसार पाये गये। बीडीओ ने ग्राम प्रधान विनीता व ग्राम विकास अधिकारी विनय स्वर्णकार को निर्देशित किया कि जनता के हितों के अनुरूप गांव में विकास कार्य करायें ताकि गांव की जनता को उनका लंबे समय तक लाभ मिल सके।

# डीएम व एसपी ने वैकल्पिक मार्ग के लिये मांगे सुझाव

**संवाददाता।** कानपुर देहात



**रूरा** थाने में आयोजित सम्पूर्ण थाना समाधान दिवस में डीएम नेहा जैन एसपी बीबीजीटीएस मूर्ति ने पश्चिमी केबिन पर बनने वाले ओआरबी निर्माण के चलते बन्द होने वाले फाटक के कारण आवागमन के लिये वैकल्पिक मार्ग हेतु जनता से सुझाव माँगे। इस मौके पर चैयरमैन रामजी गुप्ता सहित व्यापार मण्डल के पदाधिकारी मौजूद रहे।

कस्बे में सेतु निगम द्वारा दिल्ली-हावडा व फ्रेट कारीडोर की रेलवे लाइनों के ऊपर ओवरब्रिज का निर्माण चल रहा है। रेलवे को अपने हिस्से रेलवे लाइनों के ऊपर पुल का निर्माण करना है। रेलवे लाइन के ऊपर पुल निर्माण पर पश्चिमी केबिन फाटक को बन्द किया जाना है। फाटक बन्द होने पर आवागमन पर होने वाली परेशानियों के निवारण हेतु वैकल्पिक मार्ग के चयन हेतु रूरा नगर पॅचायत रामजी गुप्ता के नेतृत्व में व्यापारियों ने थाने में सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर आये डीएम नेहा जैन व एसपी बीबीजीटीएस मूर्ति के सामने समस्यायें रक्खी। डीएम ने सेतु निगम द्वारा अपने हिस्से के निर्माण में लेटलतीफी पर जिम्मेदार अधिकारियों से वार्ता की। वहीं एसपी ने आश्वासन दिया कि रेलवे द्वारा अपने हिस्से के निर्माण के दौरान पुल चाहें छह महीने बन्द रहे या इससे अधिक वैकल्पिक मार्ग की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जायेगी। इस मौके पर प्रमुख रूप से एसडीएम डा0 पूनम गौतम, थानाध्यक्ष समर बहादुर यादव, सभासद आशुतोष मिश्रा छोटे भईया, योजना समिति सदस्य हिमाँशु गुप्ता, शैलेन्द्र राजावत, व्यापार मण्डल के आशीष गुप्ता सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## मारपीट में चार लोग घायल

**पुखरायां, कानपुर देहात।** भोगनीपुर थाना क्षेत्र के पुखरायां कस्बा व चादापुर में आपसी रंजिश के कारण मारपीट हो गई है। पीड़ितों ने भोगनीपुर थाने में तहरीर दी है।

हलधरपुर निवासी बृजबिहारी की पत्नी रानी ने बताया कि उसकी नाबालिग नातिन पुखरायां कस्बे में पढ़ने जाती है। वापसी में जब लौट कर आती है तो पुखरायां मेन रोड निवासी प्रशांत उर्फ लल्ला पुत्र कैलाश उसके पीछा करके अश्लील हरकत वह गलत कमेंट करता है। उसकी नातिन जब घर में बताया तो रानी देवी ने भोगनीपुर में तहरीर दी है उसने बताया कि जब हम उलहना देने उसके घर में गए तो प्रशांत तथा उसके घर वालों ने रानी देवी, अंकित व आदर्श की पिटाई कर दी है।

इसी प्रकार चांदापुर निवासी शहीदा पत्नी अनवार ने बताया कि गांव के ही निवासी रेहाना, रेशमा, आसिफा से आपसी रंजिश चल रही है। शनिवार को जब वह घर के पास खड़ी थी तभी पड़ोसी रेशमा आकर गाली गलौज करने लगी। मना करने पर चारों ने लाठी-डंडों से शहीदा की पिटाई कर दी है। भोगनीपुर थाने में तहरीर दी है। कोतवाल प्रमोद कुमार शुक्ला ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

# अपनी रसोई की पहली वर्षगांठ पर मंत्रियों ने परोसा भोजन

**संवाददाता।** उरई (जालौन)



● कैबिनेट मंत्री राकेश सचान राज्य मंत्री मनोहर कोरी सहित कई दिग्गज भाजपाई रहे मौजूद

**कोई** भूखा न सोए इस मंशा से गरीब जरूरतमंद और असहाय लोगों के साथ-साथ हर आम आदमी को दो वक्त का भोजन उपलब्ध कराए जाने के उद्देश्य से पूर्व सांसद एवं जिला पंचायत अध्यक्ष घनश्याम अनुरागी के द्वारा शुरू कराई गई अपनी रसोई को पूरा एक वर्ष व्यतीत हो जाने के उपलक्ष्य में यहां उनके निज आवास पर वर्षगांठ समारोह का आयोजन किया गया जिसमें प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री राकेश सचान और राज्य मंत्री मनोहर लाल कोरी के अलावा कई दिग्गज बीजेपी नेताओं और विविध क्षेत्रों से जुड़े नगर के सैकड़ों गणमान्य लोगों ने अपनी उपस्थिति देकर उनके इस कार्य की न सिर्फ हौसला अफ्जाई की बल्कि उन्हें बधाइयां भी दी इस मौके पर वैदिक रीत रिवाज के मुताबिक पूजन भी किया गया।

गौरतलब हो कि पिछले वर्ष 8 जुलाई 2022 को पूर्व सांसद एवं जिला पंचायत अध्यक्ष घनश्याम अनुरागी ने यहां अपने आवास पर गरीबों जरूरतमंद और असहाय लोगों के साथ-साथ आम लोगों को दो वक्त का भोजन उपलब्ध कराने की मंशा से अपनी रसोई की शुरूआत की थी जिसको 1 वर्ष पूरा हो जाने के बाद आज उसकी वर्षगांठ मनाई गई। इस मौके पर बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री राकेश सचान और राज्य मंत्री मनोहर लाल कोरी ने आयोजन में शरीक होकर जहां वहां आने वाले जरूरतमंद लोगों को अपने हाथों से खाना परोस कर खिलाया तो वही इस नेक काम के लिए उन्होंने डॉक्टर घनश्याम अनुरागी की हौंसला अफ्जाई करते हुए उन्हें इस परंपरा को निरंतर बनाए रखने के लिए प्रेरित किया इससे पूर्व नगर के सैकड़ों की संख्या में आए गणमान्य लोगों ने जिला पंचायत अध्यक्ष डॉक्टर घनश्याम अनुरागी को अपनी रसोई की वर्षगांठ होने के उपलक्ष में शुभकामनाएं और बधाइयों के साथ-साथ फूलों के बुके भेंट किया नगर के प्रसिद्ध ठड़ेश्वरी मंदिर के महंत सिद्धन महाराज ने इस मौके पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्री अनुरागी को आशीर्वाद प्रदान किया। अपनी रसोई की वर्षगांठ के इस आयोजन में नगर भर से बड़ी तादात में विविध क्षेत्रों से जुड़े हुए गणमान्य लोगों ने पहुंचकर समारोह को भव्य बना एसआर ग्रुप ऑफएजुकेशन के डायरेक्टर अशोक राठौर, माधौगढ़ विधायक मूलचंद निरंजन, कालपी के पूर्व विधायक नरेंद्रपाल सिंह जादौन, बीकेडी विद्यालय के संस्थापक इं. अजय इटौरिया, शिक्षक नेता महेंद्र सिंह भाटिया, रामराजा द्विवेदी, प्रलुव्य निरंजन, भाजपा महामंत्री दिलीप दुबे रिनियां, रामलखन औदीच्य, पुष्पेंद्र सिंह सेंगर जिला पंचायत सदस्य, अनुरुद्ध द्विवेदी जिला पंचायत सदस्य, डॉक्टर गिरीश चतुर्वेदी भाजपा नगराध्यक्ष द्वितीय, मंजूरानी कोरी, मो. आवेश ग्राम प्रधान चतेला सहित बड़ी तादाद में लोग मौजूद रहे।

# परेशान शिक्षित बेरोजगार युवक ने की आत्महत्या

**पुखरायां, कानपुर देहात।** स्थानीय नगर पालिका पुखरायां रोड में मानसिक रूप से परेशान मथुरा निवासी एक शिक्षित बेरोजगार युवक ने निर्माणाधीन मकान की तीसरी मंजिल में जाकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। श्रमिक जब ऊपर पहुंचे तो घटना की जानकारी हुई। पुलिस ने पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिये भेजा है।

पुखरायां निवासी प्रवीण सचान स्थानीय नगर पालिका रोड पर अपना मकान एवं दुकानो का निर्माण करा रहे हैं। कई महीने से निर्माण कार्य चल रहा है। जहां पर मथुरा निवासी गंगाधर का पुत्र चंदन सिंह आया था। वह पुखरायां बाईपास स्थित सैनिक मैरिज हाल में किसी स्कीम के तहत वहां कुछ लोगों के संपर्क में था। वहां पर कुछ विवाद होने के कारण रात में प्रवीण सचान के निर्माणाधीन मकान की तीसरी मंजिल में जाकर रस्सी से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। सबेरे 10 बजे जब समय पर पहुंचे मजदूर तीसरी मंजिल में पहुंचे तो घटना की जानकारी हुई। जिसकी जानकारी मकान मालिक प्रवीण सचान को दी गई। उन्होंने तत्काल भोगनीपुर थाने में सूचना दी। मौके पर पहुंचे कोतवाल प्रमोद शुक्ला ने फॉरेंसिक टीम बुलाकर जांच पड़ताल करायी। शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। मृतक के बैग से दो मोबाइल, दो चेक बुक एवं एक पत्र भी बरामद हुआ है। जिसमें घटना की पूरी जानकारी दी गई है।

## चौबीस घण्टे के भीतर लापता युवक को बरामद कर परिजनों के हवाले किया

**कानपुर देहात।** रूरा थाना क्षेत्र के अम्बरपुर गॉव में लापता हुये युवक को एसपी बीबीजीटीएस मूर्ति के सख्त निर्देश पर सर्विलॉस टीम के प्रयासों से 24 घण्टे के भीतर बरामद कर उसके परिजनों के सुर्पद किया गया। 6 जून को प्रॉशू निवासी ग्राम अम्बरपुर थाना रूरा, कानपुर देहात को उसके पिता ने भैंस चराने के लिये बोला परन्तु प्रॉशू भैंस न चराकर खेलने चला गया, भैंस न चराने पर पिता के नाराज होने की आशॅका पर कानपुर नगर की रोली पाल के पास चला गया, पिता की शिकायत पर मुकदमा दर्ज होने के बाद लापता प्रिंस की तलाश शुरू कर दी गयी, इसी बीच रोली का फोन प्रॉशू के पिता घनश्याम के पास आया, परन्तु थोडी ही देर बाद रोली पाल का फोन स्विच आफ जाने लगा, सर्विलास टीम ने जब फोन की जॉच की तो वह उडीसा का नम्बर बताने लगा, करीब 6 घण्टे की कडी मेहनत के बाद सर्विलॉस टीम ने लोकेशन ढूॅढ निकाली तथा प्रॉशू को बरामद कर लिया, एसपी आफिस में प्रॉशू को रूरा एसओ समर बहादुर यादव की उपस्थित में उसके पिता व परिजनों के सुर्पद कर दिया गया।



## क्विक न्यूज

### आकाशीय बिजली गिरने से किसान झुलसा, रेफर

**पुखरायां, कानपुर देहात।** भोगनीपुर थाना क्षेत्र के चौकी गांव में खेत में काम कर रहे किसान के ऊपर आकाशीय बिजली गिरने से वह झुलस गया है। पड़ोसियों ने इलाज के लिये उसे पुखरायां के सामुदायिक स्वास्थ्य में भर्ती कराया। डाक्टरों ने जिला अस्पताल किया है। चौकी निवासी लवकुश ने बताया कि उसके पिता लाखन (45) खेत में काम कर रहे थे। तभी अचानक आकाशीय बिजली गिरने से वह बुरी तरह झुलस गए हैं। खेत में गिरकर तड़पते देख लोगों ने उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया। हालत चिंताजनक होने के कारण रिफर किया गया है घटना की सूचना पाकर नायब तहसीलदार मनीष द्विवेदी मौके पर पहुंचकर कार्रवाई शुरू की।

### राजापुर पुलिस ने चार को दबोचा

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर वांछित/वारंटी की गिरफ्तारी को जारी अभियान में प्रभारी निरीक्षक राजापुर भास्कर मिश्रा की अगुवाई में वरिष्ठ दरोगा रामवीर सिंह की टीम ने वांछित विरंजन पुत्र गोविन्द, रुपलाल, मुरलीधर उर्फमुरली उर्फबाबूजी पुत्रगण नत्थु, राममिलन उर्फ अतहर पुत्र गोविन्द निवासी सरायं तलैया कस्बा राजापुर को गिरफ्तार किया। टीम में वरिष्ठ दरोगा रामवीर सिंह, सिपाही उमेन्द्र त्रिपाठी शामिल रहे।

# मेधावी विद्यार्थियों को किया गया सम्मानित

**संवाददाता।** कुठौंद (जालौन)

**इलाहाबाद** बोर्ड परीक्षा इंटरमीडिएट एवं हाईस्कूल में विद्यालय में स्थान प्राप्त किए गए विद्यार्थियों को विद्यालय परिवार की ओर से सम्मानित किया गया जिसमें मुख्य अतिथि पूर्व राज्यमंत्री हरिओम उपाध्याय तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. प्रयाग नारायण त्रिपाठी पूर्व प्रधानाचार्य एवं विशिष्ट अतिथि सत्य नारायण अगिनहोत्री रहे।

प्रतिभा सम्मान समारोह में इंटरमीडिएट में जिले में चौथा और पांचवां स्थान विद्यालय की छात्रा मुस्कान वाथम और केशव पाठक ने लेकर विद्यालय का नाम जनपद में रोशन किया। इस मौके पर पूर्व मंत्री हरिओम उपाध्याय ने विधार्थियों से कहा कि अब आधुनिक युग है और शिक्षा के क्षेत्र में बहुत विकास हुआ है आप लोग अब मोबाइल फोन के माध्यम से भी पढ़ाई कर सकते हों कई ऐप ऐसे आ गए हैं जिन्हें डाउनलोड कर आप अच्छी शिक्षा कह कर सकते मोबाइल का उपयोग आप लोग पढ़ाई पर ज्यादा दे जिससे आप योग्य और अनुभवी बन सके। डा. प्रयाग नारायण त्रिपाठी ने विधार्थियों से कहा कि आप लोग बधाई के पात्र हो। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा आप लोग दृढ़ इच्छाशक्ति रखी और मेहनत करिए आप लोग जो चाहेंगे वह बन जाएंगे आप लोग ऐसी शिक्षा ग्रहण करें जिससे शिक्षा के साथ साथ राष्ट्र के प्रति समर्पित होना चाहिए उन्होंने कहा शॉर्टकट रास्ते से कभी स्थाई सफलता नहीं मिलती है इसके लिए कड़ी मेहनत और एकाग्रता होना चाहिए। उन्होंने कहा कि आज हमारी बेटियां पढ़ाई के प्रति काफी गंभीर हैं और घर के कामकाज के साथ पढ़ाई भी मन लगाकर कर रहे हैं। कोई भी परीक्षा हो देखने को मिलता है हमारे समाज की बेटियां टॉप करती हैं। उन्होंने विद्यालय परिवार की सराहना करते हुए आपका विद्यालय इसी तरह जनपद में नाम रोशन करता रहे।

## खाद्य सुरक्षा विभाग ने मारा छापा, 29 नमूने फेल, होगी एफआई आर

**फर्रुखाबाद।** खाद्य पदार्थों में मिलावट धीमे जहर से कम नहीं है। इसे रोकने के लिए कठोर कानून भी हैए इसके बावजूद मिलावट पर रोक नहीं लग पाती है। त्योहार नजदीक आने के साथ ही मिलावट और ज्यादा हो जाती है। जनपद में बढ़ रही मिलाबट खोरी के खिलाफ चल रहे अभियान में खाद्य विभाग द्वारा लिए गये कुल नमूनों में से 29 नमूने फेल हो गये। विभाग अब मिलाबट खोरों के खिलाफ एफआईआर पंजीकृत करानें की तैयारी कर रहा है। जिससे मिलाबट खोरों की मुसीबत बढ़ सकती हैं।

# अवैध संबंध के चलते युवक की हत्या

**संवाददाता।** हमीरपुर

**सुमेरपुर** क्षेत्र के चंदपुरवा गांव में शनिवार देर रात हुई युवक की हत्या का पुलिस ने आज खुलासा कर महिला समेत पिता,पुत्र को गिरफ्तार कर लिया है।महिला से अवैध संबंधों के चलते युवक की डंडो से पीट पीटकर हत्या की गयी थी। बीते शनिवार को खेत में गांव के युवक प्रदीप पांडेय(27) की लाश पुलिस ने बरामद की थी। इस मामले में पुलिस ने शक के आधार पर गांव के बलवीर यादव,जयराम यादव एव आरती को गिरफ्तार कर पूछताछ की गयी। जिसमे खुलासा हुआ कि जयराम की पत्नी आरती से प्रदीप के अवैध संबंध थे। शनिवार की रात आरती के विस्तर में प्रदीप का मोवाइल मिल गया। इस पर जयराम ने पत्नी को मारपीट कर पूछताछ की तो उसने प्रदीप से अवैध संबंधों की बात स्वीकार की। उसी रात को पति जयराम ने पत्नी आरती से फोन कराकर प्रदीप को घर में बुलाया। प्रदीप को घर में बुलाकर जयराम व उसकी पत्नी आरती व पिता बलबीर ने उसे कमरे में बंद कर लाठी डंडो से जमकर पीटा और मरा समझकर उसे घर के बगल में स्थित लक्ष्मी साहू के खेत में फेक आये। कुछ देर तक प्रदीप दर्द से कराहता रहा। इस पर जयराम फिर खेत में लाठी लेकर गया तब तक उसकी सांस थम गयी थी।

# पेज एक का शेष

## बंगाल पंचायत...

पर भी सवाल उठाए। राज्य विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष एवं भाजपा नेता शुभेंदु अधिकारी ने मांग की है कि राज्य में राष्ट्रपति शासन लगाया जाए। उन्होंने कहा, राज्य सरकार के तहत स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव संपन्न होना बहुत मुश्किल है। यह तभी संभव है जब राज्य में राष्ट्रपति शासन लगाया जाए या अनुच्छेद 355 का इस्तेमाल किया जाए। हालांकि, टीएमसी ने एक बयान में कहा, यदि तृणमूल कांग्रेस वास्तव में हिंसा भड़काती है, तो उनके कार्यकर्ताओं को निशाना क्यों बनाया जाता और उनकी हत्या क्यों की जाती है? विपक्ष ने हार मान ली है और अब वह मीडिया में अपने सहयोगियों का इस्तेमाल करके यह कहानी गढ़ने का प्रयास कर रहा है कि हिंसा ने चुनाव को किस तरह प्रभावित किया। इस बीच, कांग्रेस नेता कौस्तव बागची ने कहा कि उन्होंने कलकत्ता उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश को एक अभ्यावेदन देकर उस याचिका पर तत्काल सुनवाई का अनुरोध किया है, जिसमें पश्चिम बंगाल में शनिवार के पंचायत चुनावों को हिंसा एवं हत्या की घटनाओं के कारण अमान्य घोषित करने का आग्रह किया गया है। राज्यपाल सी वी आनंद बोस ने उत्तर 24 परगना के विभिन्न इलाकों का दौरा कर हिंसा में घायल लोगों से मुलाकात की और उनकी शिकायतें सुनीं। बोस ने पत्रकारों से कहा, रास्ते में लोगों ने मुझसे मेरा काफिला रोकने का अनुरोध किया। बताने के लिए बहुत सारी कहानियां हैं, उन्होंने मुझे अपने आस-पास हो रही हत्या की घटनाओं के बारे में बताया। राज्यपाल ने कहा, उन्होंने (लोगों ने) यह भी कहा कि गुंडों ने उन्हें मतदान केंद्रों पर जाने की अनुमति नहीं दी और पीठासीन अधिकारियों ने उनकी बात नहीं सुनी। ये छिटपुट मामले हैं, लेकिन खून-खराबे की एक भी घटना हम सभी के लिए चिंता का कारण होनी चाहिए। अधिकारियों के अनुसार, कूचबिहार जिले की फलीमारी ग्राम पंचायत में भाजपा के मतदान एजेंट माधव बिस्वास की कथित तौर पर हत्या कर दी गई। भाजपा ने आरोप लगाया कि जब बिस्वास ने मतदान केंद्र में प्रवेश करने की कोशिश की, तो तृणमूल कांग्रेस के समर्थकों ने उन्हें रोका और विवाद बढ़ने पर उन्होंने बिस्वास की हत्या कर दी। हालांकि, तृणमूल कांग्रेस ने आरोपों से इनकार किया है। पुलिस के अनुसार, उत्तरी 24 परगना जिले के कदंबगाछी इलाके में शुक्रवार देर रात एक निर्दलीय उम्मीदवार के समर्थक को पीट-पीटकर मार डाला गया। पुलिस अधीक्षक भास्कर मुखर्जी ने पत्रकारों से कहा कि 41 वर्षीय अब्दुल्ला अली की मौत हो गई है। लेकिन बाद में बारासात अस्पताल के अधीक्षक ने कहा कि अली गंभीर रूप से घायल है और वह वेंटिलेटर पर है, उसकी मौत नहीं हुई है। अधिकारियों ने बताया कि उत्तर दिनाजपुर के गोलपोखर में टीएमसी और कांग्रेस कार्यकर्ताओं के बीच झड़प हुई, जहां टीएमसी पंचायत प्रमुख के पति की मौत हो गई। अधिकारियों ने कहा कि मुर्शिदाबाद जिले के कापासडांगा इलाके में देर रात चुनाव संबंधी हिंसा में तृणमूल कांग्रेस के एक कार्यकर्ता की मौत हो गई। अधिकारियों ने बताया कि मृतक की पहचान बाबर अली के रूप में हुई है। जिले के खारग्राम इलाके में तृणमूल कांग्रेस के एक अन्य कार्यकर्ता की हत्या कर दी गई, जिसकी पहचान सबीरूद्दीन एसके के रूप में हुई है। टीएमसी ने यह भी आरोप लगाया कि कूचबिहार की तूफानगंज 2 पंचायत समिति में उसका एक बूथ समिति सदस्य भाजपा के हमले में मारा गया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि मालदा जिले में कांग्रेस समर्थकों के साथ झड़प में टीएमसी के एक नेता का भाई मारा गया। उन्होंने बताया कि घटना मानिकचक थाना क्षेत्र के जिशारतटोला में हुई और मृतक की पहचान मालेक शेख के रूप में की गई है। टीएमसी ने यह भी आरोप लगाया कि नदिया के छपरा में उसके एक कार्यकर्ता की हत्या कर दी गई। पुलिस ने कहा कि जिले के हरिणघाट इलाके में टीएमसी के साथ झड़प में आईएसएफ का एक कार्यकर्ता मारा गया। पीड़ित की पहचान 48 वर्षीय सैदुल शेख के रूप में हुई है। टीएमसी की नदिया इकाई के अध्यक्ष देबाशीष गांगुली ने दावा किया कि घटना उस वक्त हुई जब आईएसएफ कार्यकर्ताओं ने तृणमूल कांग्रेस कार्यकर्ताओं को निशाना बनाकर देसी बम फेंका। उन्होंने दावा किया, एक बम उनके हाथ से छिटककर गिर गया और उसमें विस्फोट हो गया। हालांकि, शेख के परिवार ने आरोप लगाया कि तृणमूल कांग्रेस के समर्थकों के हमले में वह मारा गया।

## भाजपा ने...

मूल्यों को कमतर करने के आरोप लगाते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी नीत सरकार पर हमले बोलते हैं, लेकिन बंगाल में बनर्जी की आंखों के सामने ये क्या हो रहा है। ठाकुर ने एक बयान में कहा कि राज्य में कानून व्यवस्था चरमरा गई है और चुनाव के दौरान 12 से ज्यादा लोग मारे जा चुके हैं। सूचना और प्रसारण मंत्री ने कहा, ममता बनर्जी के नेतृत्व में तृणमूल कांग्रेस को लगता है कि हत्याएं ही सत्ता की गारंटी हैं। बंगाल की बम संस्कृति दुनियाभर में भारत और उसके लोकतंत्र को शर्मसार कर रही है। उन्होंने चुनाव में इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) के बजाय मतपत्र के इस्तेमाल की आलोचना की और कहा, चुनाव में धांधली हो रही है और प्रभुत्व स्थापित करने के लिए लोग मारे जा रहे हैं। तृणमूल कांग्रेस को हिंसा के लिए जिम्मेदार ठहराते हुए केंद्रीय मंत्री ने कहा कि उन्हें बताना चाहिए कि राज्य में हर चुनाव में हिंसा क्यों होती है। उन्होंने क्षेत्रीय पार्टी पर आरोप लगाया कि वह दूसरों पर दोष मढ़कर अपनी जवाबदेही टाल रही। उन्होंने कहा, पश्चिम बंगाल में लोकतंत्र की हत्या की जा रही है, लेकिन सब चुप हैं। पंचायत चुनावों के दौरान हिंसा को लेकर तृणमूल कांग्रेस पर निशाना साधते हुए भाजपा प्रवक्ता एवं राज्यसभा सदस्य सुधांशु त्रिवेदी ने संवाददाताओं से कहा, पश्चिम बंगाल कला, संस्कृति और विज्ञान का केंद्र हुआ करता था। अब, उसे अपराधों, राष्ट्र विरोधी गतिविधियों और खतरनाक तुष्टीकरण के लिए जाना जाता है। उन्होंने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की अगुवाई वाली सरकार अपराधियों को संरक्षण देकर चुनावों के दौरान हिंसा के लिए उनका इस्तेमाल कर रही है। त्रिवेदी ने यह भी आरोप लगाया कि पश्चिम बंगाल में भाजपा, वाम दलों और कांग्रेस के सदस्यों की हत्या की गई है तथा राज्य में ऐसी स्थिति उत्पन्न हो गई है कि तृणमूल कांग्रेस के अलग-अलग धड़े एक-दूसरे पर हमला कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल में वर्षों से हिंसा हो रही है और यह सिलसिला न केवल जारी है, बल्कि धीरे-धीरे बढ़ रहा है। भाजपा के आलोचकों पर निशाना साधते हुए त्रिवेदी ने कहा कि इन लोगों को पार्टी (भाजपा) और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का विरोध करते वक्त ये हत्याएं नहीं दिखती हैं। त्रिवेदी ने कहा कि बंगाल में स्थिति 1990 के बिहार के दौर जैसी ही है। उन्होंने टीएमसी पर चुनाव में खूनखराबा करने का आरोप लगाया और दावा किया कि संवैधानिक माध्यमों के जरिए राज्य सरकार के कृत्यों का पर्दाफाश हो गया है। राज्य में भाजपा समेत विपक्षी दलों ने राज्य पुलिस पर सत्तारूढ़ पार्टी का समर्थन करने का आरोप लगाते हुए केंद्रीय (सशस्त्र) बलों के व्यापक इस्तेमाल पर जोर दिया था।

## राज्य में...

की मौत हुई थी और अकेले 40 लोग मतदान वाले दिन मारे गए थे। केंद्रीय बलों की निगरानी में 2013 में हुए पंचायत चुनाव में हिंसा में 39 लोगों की जान चली गई थी। राज्य पुलिस की निगरानी में हुए पिछले पंचायत चुनाव में 30 लोग मारे गए थे। तृणमूल कांग्रेस के प्रवक्ता कुणाल घोष ने कहा, हम हिंसा की किसी भी घटना या मौत की निंदा करते हैं। लेकिन सच यह है कि चुनाव राज्य के अधिकतर हिस्सों में कुल मिलाकर शांतिपूर्ण हुए हैं, जिसकी मीडिया और विपक्ष बात नहीं कर रहे।

## 25 फीसदी...

है कि किराए में रियायत पर फैसला करते हुए परिवहन के प्रतिस्पर्धी माध्यमों के किराए को ध्यान में रखा जाएगा। आदेश के अनुसार, रियायत व्यवस्था तत्काल प्रभाव से लागू की जाए। पहले से सीट बुक करा चुके यात्रियों को किराया नहीं लौटाया जाएगा। जिन ट्रेन में किसी खास श्रेणी में किराए में वृद्धि-कमी की व्यवस्था लागू होती है और यात्रियों की संख्या कम रहती है, वहां यात्रियों की संख्या बढ़ाने की कवायद के रूप में इस योजना को शुरुआती दौर में वापस लिया जा सकता है। आदेश में स्पष्ट किया गया है कि छुट्टियों या त्योहारों के मौसम में चलाई जाने वाली विशेष ट्रेन पर यह योजना लागू नहीं होगी।

## देश का...

अवसंरचना के लिए पहले से कई गुना तेजी से काम हो रहा है। मोदी ने कहा, आज पूरे देश में हाई-वे, एक्स्प्रेस-वे, आर्थिक व औद्योगिक गलियारों का एक जाल बिछाया जा रहा है। दो लेन की सड़कें चार लेन में और चार लेन की सड़कें छह लेन में बदली जा रही हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि नौ साल पहले जहां तेलंगाना में 2,500 किलोमीटर राष्ट्रीय राजमार्ग का जाल था, वहीं आज यह बढ़कर 5,000 किलोमीटर हो चुका है।अन्य योजनाओं का जिक्र करते हुए मोदी ने कहा कि एक प्रकार से तेलंगाना आज आस-पड़ोस के आर्थिक केंद्रों को जोड़ रहा है और आर्थिक गतिविधियों का केंद्र बन रहा है।

## जनता का...

अपने भाषण में भ्रष्टाचार, पेपरलीक, महिला अपराध के लिए गहलोत सरकार पर निशाना साधा और कांग्रेस की अंदरूनी खींचतान पर घेरा। उन्होंने लोगों से विकास के लिए आगामी विधानसभा चुनाव में राजस्थान में 'डबल इंजन' सरकार बनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि राजस्थान को स्थिर सरकार, डबल इंजन की सरकार चाहिए। सभा में मौजूद लोगों के उत्साह की ओर इशारा करते हुए मोदी ने कहा यह उत्साह बताता है कि राजस्थान में मौसम का पारा ही नहीं चढ़ा है बल्कि कांग्रेस सरकार के खिलाफ जनता का पारा भी चढ़ चुका है और जब जनता का पारा चढ़ता है तो सत्ता की गर्मी उतरते व सत्ता बदलते वक्त नहीं लगता। उन्होंने कहा, राजस्थान में कांग्रेस की हार इतनी सुनिश्चित है कि यहां की सरकार अभी से बॉय-बॉय मोड में आ गई है। उन्होंने दावा किया कि राज्य के कुछ मंत्री-विधायक तो अभी से अपने सरकारी बंगले खाली कर अपने निजी मकानों में जाने लगे हैं। उन्होंने कहा कि अपनी हार का इतना भरोसा तो सिर्फ राजस्थान के कांग्रेस नेता ही कर सकते हैं। मोदी ने कहा कि पुरानी कहावत है कि दीया बुझने से पहले जोर से लपलपाता है, अपनी हार के डर से कांग्रेस भी ऐसा ही कर रही है। उन्होंने कहा कि वह राजस्थान के लोगों को गुमराह करने पर उतर आई है लेकिन आपको याद रखना है कि कांग्रेस का एक ही मतलब है... लूट की दुकान, झूठ का बाजार। कांग्रेस के हालिया वादों को उनके लूट का इरादा और झूठा का पिटारा बताते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि कांग्रेस की झूठ व छलावे की राजनीति का सबसे अधिक शिकार राजस्थान का किसान हुआ है।

## सामूहिक नेतृत्व...

चेहरे को आगे करके चुनाव नहीं लड़ती। 2018 में मैं प्रदेश अध्यक्ष था, हम सब मिलकर चुनाव लड़े। बाद में पार्टी ने जो निर्णय लिया, वो सबके सामने है। हम सब मिलकर चुनाव लड़ेंगे। चुनाव जीतने के बाद निर्णय लिया जाएगा कि किसको मौका दिया जाए। फिलहाल महत्वपूर्ण यह है कि हमें चुनाव जीतना है। इस सवाल पर कि क्या सामूहिक नेतृत्व ही चुनाव में आगे बढ़ने का रास्ता है तो पायलट ने कहा, आगे जाने का यही एकमात्र रास्ता है। जब मैं राजस्थान प्रदेश कांग्रेस का अध्यक्ष था, तो उस वक्त कहा था कि कोई भी व्यक्ति यह दावा नहीं कर सकता कि वह चुनाव जीतने का जादू कर सकता है या कर सकती है, यह हमेशा एक सामूहिक प्रयास होता है। आगामी विधानसभा चुनाव में उनकी क्या भूमिका होगी, तो पायलट ने कहा कि यह कांग्रेस नेतृत्व को तय करना है, लेकिन राजस्थान में चुनाव जीतने के लिए जो भी संभव होगा, वह करेंगे।

## चीन से...

है। उन्होंने कहा कि मैं किसी से नाराज नहीं हूं, यहां तक कि उन चीनी नेताओं से भी नहीं, जिन्होंने तिब्बत के प्रति कठोर रवैया अपनाया है। वास्तव में, चीन ऐतिहासिक रूप से एक बौद्ध देश रहा है। जब मैंने वहां का दौरा किया तो मैंने कई मंदिरों और मठों को देखा। दलाई लामा ने अपनी टिप्पणी में कहा कि तिब्बती संस्कृति और धर्म का ज्ञान बड़े पैमाने पर दुनिया को लाभान्वित कर सकता है। उन्होंने कहा, 'मेरा मानना है कि तिब्बती संस्कृति और धर्म के भीतर काफी ज्ञान है जो बड़े पैमाने पर दुनिया को लाभान्वित कर सकता है, हालांकि, मैं अन्य सभी धार्मिक परंपराओं का भी सम्मान करता हूं।

# तंजानिया से संबंध मजबूत करने को भारत प्रतिबद्ध

**भाषा।** दारेसलाम

**विदेश मंत्री** एस जयशंकर ने शनिवार को तंजानिया के साथ संबंधों को मजबूत करने की भारत की प्रतिबद्धता दोहराई और व्यापार सहित विभिन्न क्षेत्रों में द्विपक्षीय संबंधों को बढ़ावा देने का मार्ग प्रशस्त करने के लिए यहां अपने समकक्ष के साथ समग्र एवं सार्थक बातचीत की। जयशंकर ने भारत-तंजानिया संयुक्त आयोग की 10वीं बैठक में तंजानिया की विदेश और पूर्वी अफ्रीकी सहयोग मामलों की मंत्री डॉ. स्टरगोमेना टैक्स से मुलाकात की। उन्होंने ट्वीट किया, "आज दारेसलाम में आर्थिक, तकनीकी और वैज्ञानिक सहयोग पर भारत-तंजानिया संयुक्त आयोग की 10वीं समग्र और सार्थक बैठक हुई। मेरी सह-अध्यक्ष विदेश मंत्री डॉ. स्टरगोमेना टैक्स को धन्यवाद। जयशंकर ने कहा कि टैक्स के साथ उनकी बैठक में राजनीतिक, व्यापार और निवेश, विकास साझेदारी, क्षमता निर्माण, रक्षा और सुरक्षा, कृषि, स्वास्थ्य, शिक्षा, कौशल और आईसीटी विकास, ऊर्जा, खनन, लोगों से लोगों के संपर्क तथा सांस्कृतिक संबंधों सहित सहयोग के विभिन्न क्षेत्रों पर बातचीत हुई। उन्होंने ट्वीट किया, "क्षेत्र और राष्ट्रमंडल, एनएएम तथा संयुक्त राष्ट्र में हमारे सहयोग पर दृष्टिकोण साझा किया। जयशंकर ने एक बयान में कहा कि भारत और तंजानिया के संबंध हमेशा मजबूत रहे हैं तथा उच्चस्तरीय यात्राओं, कई समझौतों, अत्यंत मजबूत आर्थिक जुड़ाव, बढ़ते विकास सहयोग और बहुपक्षीय मंच पर उत्कृष्ट सहयोग में ए निहित रहे हैं। उन्होंने बैठक में अपनी शुरुआती टिप्पणी में कहा, "हमारे लिए, तंजानिया अफ्रीका में चौथा सबसे बड़ा व्यापार भागीदार है। यह महाद्वीप में सबसे बड़ा विकास भागीदार है, और मुझे वास्तव में खुशी है कि वर्तमान गति अब बढ़ते सहयोग में विकसित हो रही है, तथा मैं तंजानिया के साथ हमारे संबंधों को मजबूत और गहरा करने के लिए भारत की प्रतिबद्धता की पुष्टि करना चाहूंगा। द्विपक्षीय प्रतिबद्धताओं पर प्रकाश डालते हुए, उन्होंने कहा कि दोनों देशों ने कोविड-19 की चुनौतियों और दुनिया के अन्य हिस्सों में संघर्षों के कारण उत्पन्न व्यवधानों के बावजूद राजनीतिक सहयोग में वृद्धि एवं व्यापार क्षेत्र में विस्तार देखा है।



## राष्ट्रपति सामिया के साथ रक्षा संबंधों पर चर्चा की

**दारेसलाम।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने शनिवार को तंजानिया की राष्ट्रपति सामिया हसन से मुलाकात की और रक्षा तथा सुरक्षा, समुद्री सहयोग एवं क्षमता निर्माण जैसे क्षेत्रों में दोनों देशों के संबंधों को मजबूत करने के तरीकों पर चर्चा की। उन्होंने राष्ट्रपति सामिया को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से शुभकामनाएं दीं। विदेश मंत्री ने ट्वीट किया, तंजानिया की राष्ट्रपति सामिया हसन से मुलाकात की। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से उन्हें शुभकामनाएं दीं। जयशंकर ने कहा, हमारी विकास गतिविधियों के बारे में व्यक्त की गई गर्मजोशी भरी भावनाओं के लिए उन्हें धन्यवाद। हमारी जल साझेदारी और आईआईटी परिसर ने पहले ही एक मजबूत प्रभाव डाला है। आईआईटी परिसर हमारे संबंधों को नई ऊंचाइयों पर ले जाएगा। जयशंकर की यात्रा के दौरान जांजीबार में भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी)-मद्रास के पहले विदेशी परिसर की स्थापना के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। जयशंकर ने कहा कि उन्होंने राष्ट्रपति सामिया के साथ रक्षा और सुरक्षा, समुद्री सहयोग तथा क्षमता निर्माण में संबंधों पर चर्चा की।

## विवेकानंद की आवक्ष प्रतिमा का अनावरण किया

**दारेसलाम (तंजानिया)।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने तंजानिया के दारेसलाम में भारत के सांस्कृतिक केंद्र में स्वामी विवेकानंद की आवक्ष प्रतिमा का शुक्रवार को अनावरण किया। उन्होंने कहा कि यह प्रतिमा उनकी कालजयी शिक्षाओं का प्रमाण है, जो सीमाओं से परे है और मानवता में विश्वास के उनके संदेश को रेखांकित करती है। जयशंकर जंजीबार की यात्रा के बाद बृहस्पतिवार को दारेसलाम पहुंचे। उन्होंने विवेकानंद की आवक्ष प्रतिमा का अनावरण करने के बाद ट्वीट किया, दारेसलाम में स्वामी विवेकानंद सांस्कृतिक केंद्र में स्वामी विवेकानंद की आवक्ष प्रतिमा का अनावरण करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। इस अवसर पर अपने संबोधन में मंत्री ने कहा कि महान आध्यात्मिक नेताओं में से एक की आवक्ष प्रतिमा का अनावरण करना एक महत्वपूर्ण क्षण है।

## अजय बांगा विश्व बैंक का अध्यक्ष बनने के बाद पहली बार भारत की यात्रा करेंगे

**भाषा।** वाशिंगटन

विश्व बैंक के अध्यक्ष अजय बांगा अगले सप्ताह भारत जाएंगे, जहां वह अहमदाबाद में जी20 के वित्त मंत्रियों और केंद्रीय बैंक के गवर्नर की बैठक में हिस्सा लेंगे। यह विश्व बैंक का अध्यक्ष पद संभालने के बाद से बांगा की पहली भारत यात्रा होगी। भारतीय-अमेरिकी बांगा (63) ने जून में विश्व बैंक के अध्यक्ष पद का कार्यभार संभाला था। इसके साथ ही वह दो वैश्विक वित्तीय संस्थानों-विश्व बैंक और अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) में से किसी का भी अध्यक्ष पद संभालने वाले भारतीय मूल के पहले व्यक्ति बन गए थे। भारत के पास अभी जी20 की अध्यक्षता है। गुजरात जुलाई के पहले दो सप्ताह में जी20 की चार बैठकों की मेजबानी करेगा। अधिकारियों के अनुसार, इन बैठकों में कारोबारी प्रतिनिधियों को विभिन्न आर्थिक और कारोबार संबंधित विषयों पर अपना दृष्टिकोण एवं नीति सिफारिशें साझा करने का अवसर मिलेगा। उन्होंने कहा कि ए बैठकें वैश्विक आर्थिक एजेंडा और नीतियों को आकार देने में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी।

## विदेश न्यूज

### चीन ने ताइवान के पास युद्ध पोत और लड़ाकू विमान भेजे

**बीजिंग।** चीन की पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) ने शनिवार को ताइवान के हवाई और जल क्षेत्र में 13 लड़ाकू विमान तथा छह युद्ध पोत भेजे। चीन ने अमेरिका की वित्त मंत्री जेनेट एलेन की बीजिंग यात्रा के बीच यह कदम उठाया। ताइवान के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि यह हवा और समुद्र से स्थिति पर नजर रख रहा है तथा भू आधारित मिसाइल प्रणाली उनकी निगरानी करने के लिए तैयार है। मंत्रालय ने कहा कि चार चीनी विमान-दो एसयू-30 लड़ाकू विमान, एक बीजेके-005 टोही विमान और एक वाई-8 पनडुब्बी रोधी युद्धक विमान, ताइवान जलडमरूमध्य में मध्य रेखा को पार कर गए और ताइवान के दक्षिण पश्चिमी हवाई रक्षा क्षेत्र में घुस गए। चीन कहता रहा है कि ताइवान उसका हिस्सा है, जिसे मुख्य भूमि के साथ फिर से एकीकृत किया जाना चाहिए और यदि इसके लिए जरूरी हुआ, तो बल का इस्तेमाल भी किया जा सकता है। चीन नियमित रूप से ताइवान के वायु रक्षा क्षेत्र में लड़ाकू विमान भेज रहा है और स्व-शासित द्वीप के करीब युद्ध पोत तैनात कर रहा है, जिससे क्षेत्र में तनाव बढ़ रहा है। चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने एलेन की यात्रा से पहले बृहस्पतिवार को पीपुल्स लिबरेशन आर्मी के ईस्टर्न थिएटर मुख्यालय का दौरा किया था।

### दक्षिण पूर्वी ईरान में चार आतंकवादियों ने पुलिस थाने पर हमला कर दो सुरक्षाकर्मियों की हत्या की

**तेहरान।** दक्षिण पूर्वी ईरान में चार आतंकवादियों ने एक पुलिस थाने पर हमला कर दो सुरक्षाकर्मियों की हत्या कर दी। देश के सरकारी टीवी चैनल की खबर में शनिवार को यह जानकारी दी गई। खबर के अनुसार, हथियारबंद समूह ने पाकिस्तान की सीमा से करीब 30 किलोमीटर दूर ईरान के सिस्तान और बलूचिस्तान प्रांत की राजधानी जाहेदान शहर में एक पुलिस थाने पर हमला किया, जिसके बाद मुठभेड़ शुरू हो गई। इस मुठभेड़ में दो सुरक्षाकर्मियों की मौत हो गई। ईरान के रिवोल्यूशनरी गार्ड ने एक बयान में कहा कि चार आतंकवादियों को भी मार गिराया गया है। प्रांत के डिप्टी गवर्नर अलीरजा मरहामति के हवाले से खबर में कहा गया है कि आतंकवादी पुलिस थाने पर कब्जा करने की कोशिश में थे और हथगोलों (ग्रेनेड) से लैस थे। देश की सरकारी इस्लामिक रिपब्लिक न्यूज एजेंसी (आईआरएनए) की एक और खबर के मुताबिक, ईरान के दूसरे सबसे पवित्र स्थल शिराज शहर में स्थित शाह चेराघ मस्जिद पर 28 अक्टूबर को हुए घातक हमले में संलिप्त दो लोगों को शनिवार को फांसी दी गई। खबर में कहा गया कि यह दोनों उग्रवादी इस्लामिक स्टेट समूह के सदस्य थे और मस्जिद पर हुए घातक हमले में शामिल थे।

### दिव्यांग शिक्षार्थियों को फ्रांस में 7 पदक

नोएडा। पिछले 15 वर्षों से दिव्यांग व्यक्तियों को सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध सार्थक एजुकेशनल ट्रस्ट ने मुंबई के वर्ल्ड ट्रेड सेंटर में अपना 15वां वार्षिक दिवस मानाया। इस वर्ष का विषय दिव्यांगता समावेशी विकास के लिए नवाचार। इस कार्यक्रम मै ज्ञान सारथी पोर्टलका उद्घाटन हुआ जो दिव्यांग शिक्षार्थियों के लिए एक गेम चेंजिंग एड टेक प्लेटफ़ॉर्म है। यह जानकारी दी गई इस वर्षभारत ने मेट्ज़ फ्रांस में 10वें अंतर्राष्ट्रीय एबिलिम्पिक्स में दिव्यांग व्यक्तियों के लिए अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए डिज़ाइन की गईं व्यावसायिक कौशल प्रतियोगिताओं में 7 पदक जीते। कार्यक्रम में विजेताओं को सभा में सम्मानित कियागया। यह ऑनलाइन शिक्षण और शिक्षण गंतव्य दिव्यांग व्यक्तियों को पेशेवर और व्यक्तिगत रूप से विकसित होने के लिए सशक्त बनाएगा। अपनी स्थापना के बाद से सार्थक बीस लाख से अधिक दिव्यांग लोगों तक पहुंच चुका है और अपनी निःशुल्क सेवाओं और कार्यक्रमों के द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में 55,000 से अधिक दिव्यांग उम्मीदवारों को सफलतापूर्वक नियोजित किया है। यह कार्यक्रम् माइक हैंकीृ यू एस महावाणिज्यदूत मुंबई डॉ प्रवीर सिन्हा टाटा पावर कंपनी लिमिटेड के सीईओ और एमडीए सुश्री रूपा नाइक , कार्यकारी निदेशकृ वर्ल्ड ट्रेड सेंटरए डॉ् जीतेन्द्र अग्रवाल संस्थापक और सीईओ उपस्थित थे। सार्थक एजुकेशनल ट्रस्ट श्रीकृष्ण कालरा अध्यक्ष एनएएआई और पूर्व अध्यक्ष ए आई एम एए श्रीलववर्मा राष्ट्रीय सलाहकार बोर्ड के सदस्यए सिद्धार्थ रस्तोगीए प्रबंध निदेशक भी उपस्थित थे।टाटा पावर के प्रबंध निदेशक डा परवीर सिन्हा ने कहा कि टाटा पावर और सार्थक एजुकेशनल ट्रस्ट के बीच संबंध बहुत पुराना है। हमने भारतीय एबिलंपिक टीम को फ्रांस भेजने के लिए एक साथ साझेदारी की और सफल अभियान का हिस्सा बनकर खुश हैं। हम एक समावेशी समाज के लिए अपने मिशन को पूरा करने के लिए सही दृष्टिकोण वाला एक भागीदार पाकर खुश हैं।

### वित्तीय संकट के दौरान आपने हमें बचा लियाः श्रीलंकाई संसद के अध्यक्ष ने भारत से कहा

कोलंबो। पिछले साल अभूतपूर्व आर्थिक संकट के दौरान श्रीलंका को बचाने और खून-खराबा रोकने के लिए भरोसेमंद दोस्त भारत के प्रति आभार व्यक्त करते हुए श्रीलंकाई संसद के अध्यक्ष महिंदा यापा अभयवर्धने ने कहा है नई दिल्ली ने कोलंबो को जिस तरह की मदद प्रदान की उस तरह की मदद किसी अन्य देश द्वारा नही की गई। पिछले साल श्रीलंका को भीषण आर्थिक संकट का सामना करना पड़ा था। इस दौरान भारत ने पड़ोसी प्रथम की अपनी नीति के तहत विभिन्न माध्यमो से कोलंबो को लगभग चार अरब डॉलर की मदद प्रदान की थी। इंडियन ट्रैवल कांग्रेस के प्रतिनिधियो के लिए शुक्रवार को यहां आयोजित भव्य रात्रिभोज समारोह में अपने संबोधन में अभयवर्धने ने कहा कि भारत ने वित्तीय संकट के दौरान हमे बचा लिया , अन्यथा हम सभी को एक और रक्तपात का सामना करना पड़ता।

### जापानः पूर्व प्रधानमंत्री शिंजो आबे की पुण्यतिथि पर जापानी नेताओं ने श्रद्धांजलि दी

भाषा। तोक्यो, आठ जुलाई (एपी) जापान के नेताओं और व्यापार जगत के दिग्गजों ने पूर्व प्रधानमंत्री शिंजो आबे की पुण्यतिथि पर शनिवार को श्रद्धांजलि अर्पित की। शिंजो आबे की एक साल पहले इसी दिन हत्या कर दी गई थी। जापान के प्रधानमंत्री फुमिओ किशिदा ने आबे की इच्छाओ का सम्मान करने के तरीके के रूप में महत्वपूर्ण राजनीतिक लक्ष्यों को पूरा करने का वचन दिया। तोक्यो के बौद्ध मंदिर जोजोजी मे आबे की पत्नी अकी अबे और उनके परिवार द्वारा रखी गई प्रार्थना सभा मे किशिदा और उनकी अगुवाई वाली लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी के सदस्यो के साथ-साथ विपक्षी दलो के प्रतिनिधि और व्यापार जगत के दिग्गज भी पहुंचे।

### ट्रंप से जुड़ी विशेष वकील जैक स्मिथ की जांच में लगभग 90 लाख अमेरिकी डॉलर का खर्च आया

वाशिंगटन। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के खिलाफ विशेष वकील जैक स्मिथ की संघीय जांच के पहले कुछ महीनों मे 90 लाख अमेरिकी डॉलर से अधिक राशि खर्च हुई है। शुक्रवार को जारी दस्तावेजों में यह जानकारी दी गई है। वर्ष 2020 के राष्ट्रपति चुनाव के नतीजों को पलटने की तत्कालीन राष्ट्रपति ट्रंप और उनके सहयोगियो की कोशिशों की जांच की जा रही है। अमेरिकी न्याय विभाग ने शुक्रवार को जांच पर खर्च के बारे मे विवरण जारी किया। न्याय विभाग के व्यय विवरण के अनुसार विशेष वकील के कार्यालय ने नवंबर 2022 में अटॉर्नी जनरल मेरिक गारलैंड द्वारा स्मिथ की नियुक्ति से लेकर मार्च के अंत तक कर्मचारियो के वेतन, यात्रा और परिवहन, किराया, आपूर्ति और सामग्री जैसी चीजों पर 54 लाख अमेरिकी डॉलर से अधिक खर्च किए।

## आतंकवादियों ने पुलिस थाने पर हमला कर अधिकारी की हत्या की

**तेहरान।** दक्षिणपूर्वी ईरान में आतंकवादियों ने एक पुलिस थाने पर हमला किया और एक अधिकारी की हत्या कर दी। देश के सरकारी टीवी चैनल ने अपनी खबर में शनिवार को यह जानकारी दी। खबर के अनुसार हथियारबंद लोगो ने ईरान के जहेदन शहर मे एक पुलिस थाने पर हमला किया और एक पुलिसकर्मी की हत्या कर दी। खबर के मुताबिक आतंकवादी आत्मघाती बेल्टों से लैस थे और उनमें से दो ने खुद को धमाका करके उड़ा दिया। इस संबंध में ज्यादा जानकारी नही मिल पाई है। दोनों ओर से फिलहाल झड़पे जारी है।

## अमेरिका ने अंतिम घोषित रासायनिक शस्त्र भंडार को नष्ट कियाः मैक्कॉनेल

**रिचमंड (अमेरिका)।** सीनेट के रिपब्लिकन नेता मिच मैक्कॉनेल ने शुक्रवार को घोषणा की कि अमेरिका ने अपने घोषित रासायनिक हथियारो के अंतिम भंडार को नष्ट कर दिया है। प्रथम विश्व युद्ध के इतिहास के लिहाज से यह महत्वपूर्ण खबर है। मैक्कॉनेल ने एक बयान मे कहा कि केंचुकी के ब्लू ग्रास आर्मी डिपो के कर्मियो ने जीबी नर्व एजेंट वाले हजारो अंतिम रॉकेट नष्ट कर दिए जो अमेरिका द्वारा घोषित अंतिम रासायनिक शस्त्र थे। अमेरिका के सामने अंतरराष्ट्रीय रासायनिक शस्त्र समझौते के तहत इन बाकी बचे रासायनिक हथियारो को समाप्त करने के लिए 30 सितंबर की समयसीमा थी। यह समझौता 1997 मे हुआ था और इसमे 193 देश शामिल थे।

## कोलंबिया जिले में सामाजिक अध्ययन विषय में सिख धर्म को शामिल किया गया

**वाशिंगटन।** शिक्षा बोर्ड द्वारा नए सामाजिक अध्ययन मानको के पक्ष मे मत दिए जाने के बाद कोलंबिया जिले में 49,000 से अधिक छात्र अब सिख धर्म के बारे में जान सक्ते है क्योकि पहली बार स्कूली पाठ्यक्रम मे सिख धर्म को शामिल किया गया है। कोलंबिया जिले ने नए सामाजिक अध्ययन मानको को अपनाया है। 21 जून को कोलंबिया जिला राज्य शिक्षा बोर्ड द्वारा अपनाए गए मानको से लगभग 49,800 छात्रो को सिख समुदाय के बारे मे जानने का मौका मिलेगा। नए मानक शैक्षणिक वर्ष 2024-2025 से स्थानीय स्कूलो में लागू किए जाएंगे। इस मुद्दे पर स्थानीय शिक्षा अधिकारियो के साथ काम करने वाले संगठन सिख कोअलिशन ने कहा कि कोलंबिया जिला अपने सार्वजनिक स्कूल सामाजिक अध्ययन मानको मे सिखो के बारे मे सटीक जानकारी शामिल करने के लिए देश भर के 17 राज्यो मे शामिल हो गया है।

## पाकिस्तान में एक वैन में आग लगने से दो बच्चों समेत सात लोगों की मौत

लाहौर। पूर्वी पाकिस्तान मे शनिवार को एक यात्री वैन मे आग लगने से दो बच्चो सहित सात लोगो की मौत हो गई। एक सरकारी अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होने बताया कि मृतको मे एक ही परिवार के चार सदस्य शामिल है। उन्होने बताया कि आठ लोग झुलस गए है। अधिकारी नबील भट्टी ने कहा कि यह घटना पंजाब प्रांत के सरगोधा जिले में वाहन में लगे तरलीकृत पेट्रोलियम गैस सिलेंडर में रिसाव के कारण हुई और इसके बाद उसमे विस्फोट हो गया। उन्होने बताया कि वैन मे तुरंत आग लग गई। उन्होने बताया कि हादसे मे पांच यात्रियो की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य की मृत्यु अस्पताल मे हुई। उन्होने बताया कि तीन शव इतने जले हुए थे कि उन्हे पहचाना नही जा सका।पंजाब के कार्यवाहक मुख्यमंत्री मोहसिन नक्वी ने घटना की जांच के आदेश दिए है।

# यूक्रेन को क्लस्टर बम मुहैया कराएगा अमेरिका : सुलीवन

**भाषा।** वाशिंगटन

**अमेरिका** के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) जेक सुलीवन ने कहा कि राष्ट्रपति जो बाइडन का प्रशासन यूक्रेन को क्लस्टर बम मुहैया कराएगा। सुलीवन ने कहा कि अमेरिका यूक्रेन को अकेला नहीं छोड़ेगा और यूक्रेन ने भी वादा किया है कि वह क्लस्टर बम का इस्तेमाल साधवानीपूर्वक करेगा। क्लस्टर बम को ऊंचाई से हवा में गिराया जाता है और इसके अंदर से हजारों की संख्या में छोटे बम निकलते हैं, जो निशाना बनाए गए स्थान पर भारी तबाही मचाते हैं। अतीत में क्लस्टर बम के इस्तेमाल में बड़ी संख्या में लोग मारे गए हैं। यही वजह है कि कई देश क्लस्ट बम के इस्तेमाल से परहेज करते हैं।सुलीवन का बयान लिथुआनिया में उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) के शिखर सम्मेलन से एक दिन पहले आया है। ऐसा माना जा रहा है कि सहयोगी देश राष्ट्रपति बाइडन से प्रश्न कर सकते हैं कि अमेरिका यूक्रेन को ऐसे हथियार क्यों



देगा, जो तीन-चौथाई सहयोगी सदस्य देशों में इसलिए प्रतिबंधित किए जा चुके हैं, क्योंकि इनके इस्तेमाल से बड़ी संख्या में नागरिक मारे गए हैं। अमेरिका की इस योजना को उसकी संसद में ही मिली-जुली प्रतिक्रिया देखने को मिली है। डेमोक्रेटिक पार्टी के कुछ सदस्यों ने योजना की आलोचना की है। वहीं, कुछ रिपब्लिकन सदस्यों ने इसका समर्थन किया है। सुलीवन ने राष्ट्रपति के फैसले का बचाव करते हुए कहा कि अमेरिका ऐसे क्लस्टर बम देगा, जिसमें से निकलने वाले कुछ ही बम फटते हैं यानी उसके इस्तेमाल से जनहानि कम होगी। उन्होंने व्हाइट हाउस में संवाददाताओं से कहा, हम क्लस्टर बम के खतरों को जानते हैं। इसीलिए हमने इस फैसले को तब तक टाले रखा, जब तक हम ऐसा कर सकते थे। लेकिन अगर रूसी सेना यूक्रेन पर कब्जा करती है, तो वहां जनहानी होने की अधिक आशंका है। यूक्रेन के पास अधिक गोला-बारूद नहीं है और यह हमें बर्दाश्त नहीं है। संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार कार्यालय के अधिकारी मार्ता हुरताडो ने शुक्रवार को कहा इस प्रकार के गोला-बारूद का इस्तेमाल तत्काल बंद होना चाहिए।

## यूक्रेन नाटो की सदस्यता का हक्दार : तुर्किए

**इस्तांबुल।** तुर्किए के राष्ट्रपति रजब तैय्यब एर्दोआन ने यूक्रेन के उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) में शामिल होने का शनिवार को समर्थन करते हुए कहा कि युद्धग्रस्त देश इस गठबंधन का हिस्सा बनने का हक्दार है। एर्दोआन ने यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की के साथ एक संयुक्त संवाददाता सम्मेलन मे यह टिप्पणी की। जेलेंस्की यूक्रेन को इस सैन्य गठबंधन का हिस्सा बनाने के लिए समर्थन जुटाने के वास्ते यूरोप की यात्रा पर है। नाटो नेता अगले सप्ताह लिथुआनिया के वीनियस मे बैठक करेंगे, जिसमे उनके यूक्रेन को इस गठबंधन में शामिल करने के प्रति समर्थन जताने की संभावना है। एर्दोआन ने पत्रकारो से कहा, इसमे कोई संदेह नही है कि यूक्रेन नाटो की सदस्यता का हक्दार है। तुर्किए ने यूक्रेन की नाटो सदस्यता के लिए समर्थन ऐसे समय में जताया है, जब वह स्वीडन को इस सैन्य गठबंधन मे शामिल करने की अंतिम मंजूरी देने से कतरा रहा है। उसका कहना है कि स्वीडन कुर्दिश आतंकवादियो और अन्य समूहो के खिलाफ प्रभावी रूप से कार्वाई नही कर रहा है, जिन्हें अंकारा अपनी सुरक्षा के लिए खतरा मानता है। स्वीडन और फिनलैंड ने पिछले साल यूक्रेन पर रूस के आक्रमण के बाद दशकों पुरानी अपनी तटस्थता की नीति छोड़कर नाटो मे शामिल होने के लिए आवेदन दिया है। तुर्किए की संसद ने फिनलैंड की सदस्यता को मंजूरी दे दी है। एर्दोआन ने यह भी कहा कि वह तुर्किए और संयुक्त राष्ट्र की मध्यस्थता वाले अनाज सौदे की अवधि बढ़ाने पर काम कर रहे है, जिसके तहत काला सागर के जरिए यूक्रेन से तीन करोड़ टन से अधिक अनाज का निर्यात किया जा रहा है। इस सौदे की अवधि 17 जुलाई को समाप्त हो रही है। रूस ने अपने अनाज और उर्वरको के निर्यात मे बाधाओं का हवाला देते हुए इस सौदे की अवधि बढ़ाने से इनकार कर दिया है। जेलेंस्की ने रूस पर जहाजो की आवाजाही बाधित करने का आरोप लगाया है। उन्होने कहा, रूस इस तरह से बर्ताव करता है कि मानो पूरा काला सागर उसका है और वह उसका मालिक है। एर्दोआन ने कहा कि रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन अगस्त मे तुर्किए की यात्रा पर आएंगे और उन्हें तब इस मुद्दे पर बातचीत होने की उम्मीद है।

# भारतीय वाणिज्य दूतावास पर हमले की अमेरिकी सांसदों और भारतीय अमेरिकी संगठनों ने आलोचना की

**भाषा।** वाशिंगटन

**अमेरिकी सांसदों** तथा भारतीय अमेरिकी समुदाय से जुड़े कई संगठनों ने सैन फ्रांसिस्को में भारतीय वाणिज्य दूतावास पर हाल ही में हुए हमले की निंदा की है और घटना की कड़ाई से जांच की मांग की है ताकि इसके लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कड़ी कार्वाई की जा सके। सांसदों और संगठनों ने अलग-अलग बयान जारी करके कहा कि प्रदर्शन का अधिकार अमेरिकी संविधान में प्रदत्त है लेकिन किसी को भी हिंसा करने का अधिकार नहीं है। उन्होंने अमेरिका में भारत के राजदूत तरणजीत संधू सहित भारतीय राजनयिकों को अलगववादी सिखों की ओर से दी गई धमकियों की भी आलोचना की और राष्ट्रपति जो बाइडन के प्रशासन से विदेशी राजनयिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने को कहा। खालिस्तान समर्थकों ने ट्विटर पर दो जुलाई की तारीख का एक वीडियो साझा किया है, जिसमें सैन फ्रांसिस्को में भारतीय वाणिज्य दूतावास में आगजनी की घटना दिखाई गई है। वीडियो में हिंसा से हिंसा पैदा होती है जैसे वाक्य लिखे हैं। इसमें कनाडा में खालिस्तान टाइगर फोर्स (केटीएफ) के प्रमुख हरदीप सिंह निज्जर की मौत से जुड़ी खबरों को भी दिखाया गया है। निज्जर भारत के सर्वाधिक वांछित आतंकवादियों में से एक था और उस पर 10 लाख रुपए का नकद इनाम था। पिछले महीने कनाडा में एक गुरुद्वारे के बाहर उसकी गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। सांसद फ्रैंक पैलोन ने कहा कि विदेशी राजनयिकों को अमेरिका में अपने जीवन को लेकर चिंता करने की जरूरत नहीं है।

# आव्रजन मुद्दे पर सरकार गिरने के बाद नीदरलैंड के प्रधानमंत्री ने इस्तीफा सौंपा

**द हेग।** नीदरलैंड में आव्रजन के मुद्दे पर चार दलों के गठबंधन में परस्पर मतभेद के कारण सरकार गिरने के बाद इस्तीफा सौंपने के लिए प्रधानमंत्री मार्क रट ने राजा से शनिवार को मुलाकात की। देश में सबसे लंबे समय तक प्रधानमंत्री रहे रट के शुक्रवार को इस्तीफा देने से देश में इस साल अब आम चुनाव होने का मार्ग प्रशस्त हो गया है। रट और उनके नेतृत्व वाली सरकार नई सरकार बनने तक कामकाज संभालेगी। राजा विलेम-अलेक्जेंडर शनिवार को रट से मिलने के लिए यूनान से वापस लौट आए थे। अलेक्जेंडर परिवार के साथ छुट्टियां मनाने के लिए यूनान गए हुए थे। रट ने एक घंटे से अधिक समय तक चली बैठक के बादपत्रकारों के सवालों का जवाब देने से इनकार कर दिया और कहा कि राजा के साथ



बातचीत व्यक्तिगत थी। रट ने हेग में पत्रकारों से कहा, आव्रजन की नीति पर गठबंधन सहयोगियों के बीच मतभेद कोई छिपी हुई बात नहीं है। आज दुर्भाग्य से हम इसी नतीजे पर पहुंचे कि ए मतभेद परस्पर विरोधी हैं। इसलिए मैंने तुरंत राजा को पत्र लिखकर समूची कैबिनेट के इस्तीफे की पेशकश की। विपक्षी दलों के सांसदों ने भी बिना समय गंवाए नए चुनावों की मांग की। यहां तक कि उन्होंने रट के औपचारिक इस्तीफे का इंतजार भी नहीं किया। आव्रजन विरोधी पार्टी फॉर फ्रीडम के नेता गीर्ट विल्डर्स ने ट्वीट किया, जल्द चुनाव हों।

# कोविड-19 के दौरान जन्मे बच्चों में देरी से विकसित हुई बात करने की क्षमता

भाषा। डबलिन (आयरलैंड)

**हम सभी** के लिए दुनिया तब पूरी तरह से बदल गई थी जब हम 2020 में अचानक कोविड-19 जैसी एक महामारी के चंगुल में फंस गए थे। जब तक इसका टीका विकसित नहीं हो गया, तब तक कोरोना वायरस के संक्रमण के प्रसार को नियंत्रित करने के लिए कई बार हमें लॉकडाउन का भी सामना करना पड़ा। हममें से अधिकतर लोग जानते थे कि वायरस के खिलाफ प्रतिरोधक क्षमता प्रदान करने वाला टीका हमारे महामारी के बाद के जीवन की कुंजी होगी। लेकिन, हममें से उन लोगों का क्या जो कोविड-19 से पहले दुनिया के बारे में कुछ नहीं जानते थे? हमारा शोध समूह यह समझना चाहता था कि कोविड-19 महामारी के दौरान पैदा हुए शिशुओं का जीवन कैसा रहा, और उनके सामान्य स्वास्थ्य और विकास के लिए इसका क्या अर्थ हो सकता है। हमारे नवीनतम शोधपत्र में, हमने पाया कि दो साल की उम्र तक, बातचीत एवं संवाद करने की क्षमता के महत्वपूर्ण अपवाद को छोड़कर, महामारी के दौरान जन्मे बच्चे व्यवहार और विकास में महामारी से पहले पैदा हुए बच्चों के समान ही थे। हमने मार्च और मई 2020 के बीच महामारी के पहले तीन महीनों में आयरलैंड में पैदा हुए शिशुओं के परिवारों से बातचीत की। कुल 354 परिवार और उनके छह माह, 12 माह और 24 महीने की उम्र वाले बच्चे हमसे मिलने आए। इनमें से कुछ परिवार ऐसे भी थे, जो पहली बार अपने बच्चों को लेकर घर से बाहर गए थे। हम अपने अनुभवी बाल चिकित्सा कर्मचारियों के प्रति कुछ बच्चों की सावधानी से आश्चर्यचकित रह गए, ऐसे बच्चों के माता-पिता कहते थे कि उनके बच्चे घर से ज्यादा बाहर नहीं गए हैं। हमने बच्चों के माता-पिता से उनके जीवन और विकास के बारे में कई सवाल किए। आमतौर पर, इस तरह के अध्ययन में, बच्चों की तुलना एक ही समय में पैदा हुए उन बच्चों से की जाती है, जिनमें ऐसी परेशानियां नहीं हैं। महामारी के दौरान दुनिया के कई हिस्सों में लॉकडाउन लगा हुआ था, इसलिए हमने एक और अध्ययन किया।

## माइक्रोबायोटेक करेगा जीनोम परीक्षण

मुंबई। लॉर्ड्स मार्क इंडस्ट्रीज ने अपनी पहली ऑनलाइन लैब के साथ भारत में जीनोम परीक्षण में सबसे आगे रहने के लिए एक नई पूर्ण स्वामित्व वाली सब्सिडियरी लॉर्ड्स मार्क माइक्रोबायोटेक की शुरुआत की है। कंपनी लॉर्ड्स मार्क माइक्रोबायोटेक की शुरुआत के साथ अपने ब्रांड माई डीएनए के माध्यम से जीनोम परीक्षण के लिए सलाइवा बेस्ड टेक्नोलॉजी भी पेश कर रही है। जो 99 प्रतिशत सटीक परिणाम देता है, सलाइवा बेस्ड टेस्ट में खून निकालने या फ्लेबोटोमिस्ट की जरूरत नहीं होती है। कोई भी व्यक्ति किट में बताए गए निर्देशों को पढ़ कर अपने घर पर ही यह टेस्ट कर सकता है। लॉर्ड्स मार्क माइक्रोबायोटेक का लक्ष्य डॉक्टरों और हेल्थकेयर प्रोवाइडर्स के माध्यम से देश भर में आम लोगों के लिए जीनोम टेस्ट के लिए प्रोडक्ट व टेक्नोलॉजी को उपलब्ध कराना होगा। लोग कंपनी की वेबसाइट के माध्यम से जीनोम परीक्षण किट का ऑनलाइन ऑर्डर कर सकते हैं, जो उन्हें 48 घंटों के भीतर डिलीवर हो जाएगा और टेस्ट हो जाने के बाद उन्हें वापस पिक अप किया जाएगा। लॉर्ड्स मार्क इंडस्ट्रीज के संस्थापक सच्चिदानंद उपाध्याय ने इस मौके पर कहा कि श्जीनोम परीक्षण एक ऐसा रोमांचक व नया एरिया है, जो भारत में हेल्थकेयर में क्र ांति लाने की क्षमता रखता है। इस कारण यह बहुत गर्व की बात है कि इस नई सहायक कंपनी की शुरुआत लॉर्ड्स मार्क इंडस्ट्रीज के द्वारा व्यवसाय में उत्कृष्टता के 25 साल पूरे करने के अवसर पर की गई है। लॉर्ड्स मार्क माइक्रोबायोटेक कैंसर, हृदय संबंधी बीमारियों, मधुमेह या वंशानुगत स्थितियों जैसी बीमारियों का तुरंत पता लगाने, स्क्रीनिंग करने और पर्सनलाइज्ड तरीके से उपाय करने के लिए बचाव के जीनोम परीक्षण पर फोकस करेगी।



## ब्रिटिश रॉयल मेल उत्पीड़न की शिकार भारतीय मूल की महिला को देगा 25 करोड़ रुपए का मुआवजा

**लंदन।** उत्पीड़न का दावा साबित होने के बाद ब्रिटिश रॉयल मेल को भारतीय मूल की महिला को 23 लाख ब्रिटिश पौंड मुआवजा देने का आदेश दिया गया है। माना जा रहा है कि यह रॉयल मेल द्वारा सबसे अधिक मुआवजा देने के मामलों में से एक है। कैम जट्टी ने करीब आठ साल पहले रोजगार अधिकरण में दावा किया था कि उनके सहकर्मी ने अवैध तरीके से उनका बोनस प्राप्त किया था और यह मामला उच्च अधिकारी के समक्ष उठाने पर उन्हें धमकी दी गई थी और उनका उत्पीड़न किया गया था। द डेली टेलीग्राफ की खबर के मुताबिक अधिकरण ने पाया कि महिला कर्मी के प्रति बॉस के उक्त व्यवहार से उनपर विनाशकारी असर पड़ा। इस सप्ताह मामले में जोड़े गए आदेश के मुताबिक, अधिकरण प्रतिवादी को आदेश देता है कि वह वादी को 23,65,614.13 पौंड (करीब 25 करोड़ रुपए)के मुआवजे का भुगतान करे।

## अमेरिकी राजनयिक भारत, बांग्लादेश की यात्रा करेंगी

**वाशिंगटन।** लोकतंत्र तथा मानवाधिकारो की प्रभारी अमेरिकी राजनयिक आठ से 14 जुलाई तक भारत और बांग्लादेश की यात्रा पर रहेंगी और इस दौरान वह नागरिक समाज से जुड़े संगठनो से बातचीत करेंगी। अमेरिकी विदेश मंत्रालय ने यह जानकारी दी। मंत्रालय की ओर से जारी एक बयान मे कहा गया कि राजनयिक उज़रा ज़ेया वरिष्ठ सरकारी अधिकारियो से भी मुलाकात करेंगी और अमेरिका तथा भारत के बीच गहराती साझेदारी पर चर्चा करेंगी। बयान मे कहा गया कि नागरिक सुरक्षा, लोकतंत्र और मानवाधिकार के लिए अवर सचिव और तिब्बती मुद्दो के लिए अमेरिका की विशेष समन्वयक ज़ेया आठ से 14 जुलाई तक भारत और बांग्लादेश की यात्रा करेंगी ।

**सार्वजनिक सूचना**
आम जनता को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि श्री मनोज कुमार सक्सेना और श्रीमती संगीता सक्सेना ने सुंदर ब्लॉक, शकरपुर, खसरा नं. 509/1/2 मे से, गांव मंडावली फजलपुर दिल्ली-110092 सीओएफ क्षेत्र में स्थित बिना छत के अधिकार के, छत के स्तर तक फैली हुई, निर्मित द्वितीय तल, एरिया परिमाप 75 वर्ग गज, निर्मित संपत्ति सं. 58 का हिस्सा, पंजीकृत जनरल पावर ऑफ अटॉर्नी दिनांक 05.01.2005 (दस्तावेज सं. 47/एसआर VIII नई दिल्ली) के आधार पर मालिक है। सभी व्यक्तियों को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि श्री अजय कुमार/श्रीमती फेकनी देवी एक पंजीकृत बिक्री विलेख के माध्यम से श्री मनोज कुमार सक्सेना और श्रीमती संगीता सक्सेना से यह संपत्ति खरीद रहे हैं। और वे उक्त संपत्ति को एसएमएफजी इंडिया होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड के पास गिरवी रख रहे हैं। यदि किसी व्यक्ति को उक्त संपत्ति में कोई प्रभार/हित/अधिकार है या किसी भी प्रकार का विवाद है, तो कृपया अधोहस्ताक्षरी को नीचे दिए गए पते पर लिखित रुप में वर्तमान से 07 दिनों के भीतर सूचित करें।
श्रीमती प्रसून लता, अधिवक्ता
एसजी एसोसिएट्स (लॉ फर्म)
एफएफ 18, लोटस पॉन्ड प्लाजा, वैभव खंड, इंदिरापुरम
गाजियाबाद 201014, ईमेल: sgassociatespl@gmail.com
फोन: 7011172764, 8130200837

**PUBLIC NOTICE**
Notice is hereby given that our client Ankit Rai is in process to purchase (availing loan from Piramal Capital & Housing Finance Limited) the Property Bearing No. 16 & New no. D-143A (Back Side), Area Measuring 25 Sq. Yds. out of Khasra No. 113/13, Situated in the revenue estate of Village Palam abadi known as Mahavir Enclave Part-III, Gali No. 51, New Delhi from - Kanchan Devi who is the owner of the said property by virtue of GPA, ATS & Will dated 6/1/2003 (duly notarized) executed by Veer Bhan Jain in her favour
All person/s having any claim against or in respect of the said Property, or any part thereof, by way of sale, exchange, mortgage(equitable/registered or otherwise), gift, trust, inheritance, family arrangement, maintenance, bequest, partnership, possession, lease, sublease, tenancy, license, lien, charge, pledge, easement or otherwise howsoever, are hereby requested to notify the same in writing to us with supporting documentary evidence at the address mentioned below within 7 days from the date hereof, failing which the claim or claims, if any, of such person or persons will be considered to have been waived and/or abandoned.
Kamal Kant Gupta (Advocate)
Unit No. FF-2, First floor, Mahaluxmi Metro Tower Sec-4, Vaishali, Gzb., U.P., Mob. 9810063351

**PUBLIC NOTICE**
Notice is hereby given that my client Narender Tuli & Vinod Tuli are in process to avail credit facility on account of M/s Seema Telecom with HDFC Bank Ltd. against their Property Bearing no. 7/179 (Block No. 7 and Qtr. No. 179), Area Measuring 100 Sq. Yds. Situated in the Layout Plan of Jheel Kurenja Geeta Colony Delhi-110031, whereas they has lost the following original document/s pertaining to the said property although they have also lodged a complaint in lieu of that on dated 5/7/2023 with the concerned Police station
1.Original Lease Deed dated 10.05.1963 executed by POI in favour of Mitha Shah. (Doc. No. 5571)
2.Original Conveyance Deed dated 14.01.1999 executed by POI in favour of Chander Mohini Chadha. (Doc. No. 152)
All person/s having any claim against or in respect of the said Property, or any part thereof, by way of sale, exchange, mortgage (equitable/registered or otherwise), gift, trust, inheritance, family arrangement, maintenance, bequest, partnership, possession, lease, sublease, tenancy, license, lien, charge, pledge, easement or otherwise howsoever, are hereby requested to notify the same in writing to us with supporting documentary evidence at the address mentioned below within 7 days from the date hereof, failing which the claim or claims, if any, of such person or persons will be considered to have been waived and/or abandoned.
Kamal Kant Gupta (Advocate)
Unit No. FF-2, First floor, Mahaluxmi Metro Tower Sec-4, Vaishali, Gzb., U.P., Mob. 9810063351

# राकांपा के भ्रष्टाचार पर बात करते थे प्रधानमंत्री मोदी अब दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करें: शरद पवार

**भाषा** । मुंबई

राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के अध्यक्ष शरद पवार ने शनिवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को उनकी एनसीपी नेताओं के भ्रष्टाचार को लेकर की गई टिप्पणी याद दिलाई और उनसे दोषियों पर कार्वाई करने को कहा। पवार ने नासिक जिले के एवला में एक रैली को संबोधित करते हुए कहा, प्रधानमंत्री मोदी के पास सारी सरकारी मशीनरी है। उन्हें इन नेताओं के खिलाफ कार्वाई करके उन्हें दंडित करना चाहिए। शरद पवार ने अपने भतीजे अजित पवार और राकांपा के आठ विधायकों के महाराष्ट्र की एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली सरकार में शामिल होने के एक सप्ताह बाद एवला में रैली करके अपनी राज्यव्यापी यात्रा शुरू की। एवला पार्टी के बागी नेता तथा मंत्री छगन भुजबल का निर्वाचन क्षेत्र है। पवार की यात्रा के लिए उत्तर मुंबई से 250 किलोमीटर दूर एक छोटे से कस्बे एवला को चुना जाना पार्टी को फिर से खड़ा करने की उनकी कोशिशों को दर्शाता है। मोदी ने भोपाल में बूथ कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए राकांपा के नेताओं पर 70 हजार करोड़ रुपए के भ्रष्टाचार में लिप्त होने का आरोप लगाया था।



पवार ने प्रधानमंत्री के बयानों का जिक्र करते हुए कहा, राकांपा के अध्यक्ष के रूप में....मैं यह सार्वजनिक रूप से कह रहा हूं। अगर आपको लगता है कि कोई भ्रष्टाचार में शामिल है, तो अपने पास मौजूद सभी शक्तियों का इस्तेमाल करें और आरोपों की गहन जांच करें। पवार (82) ने कहा, अगर आप यह निष्कर्ष निकालते हैं कि किसी ने गलती की है, तो कोई भी सजा दें, हम सभी आपका समर्थन करेंगे। शरद पवार ने एवला रैली में राकांपा के बागी नेताओं से उनकी उम्र को मुद्दा नहीं बनाने को कहा। पवार ने कहा कि वह पार्टी कार्यकर्ताओं के लिए काम करते रहेंगे। उन्होंने कहा, कुछ लोग कहते हैं कि आप बूढ़े हो गए हैं और आपको रिटायर हो जाना चाहिए। मैं मानता हूं कि मैं 82 साल का हूं, लेकिन आपने अभी तक इस खिलाड़ी को नहीं देखा है। मैं अभी भी प्रथम श्रेणी का हूं। इससे ज्यादा कुछ बात करने की जरूरत नहीं है। यदि आप उम्र की बात करते हैं, तो इसे अपने जोखिम पर करें। भुजबल का नाम लिए बिना पवार ने कहा, मैंने कुछ लोगों पर विश्वास करके गलती की, लेकिन मैं इसे दोहराउंगा नहीं। मैं उस गलती की माफी मांगने यहां आया हूं। रैली से पहले शरद पवार की बेटी और सांसद सुप्रिया सुले ने बारिश में भीगते हुए एक वाहन में बैठे अपने पिता की तस्वीर साझा की। साल 2019 के विधानसभा चुनाव के दौरान पश्चिमी महाराष्ट्र के सतारा जिले में बारिश में भीगते हुए एक रैली को संबोधित करने की शरद पवार की तस्वीर वायरल हो गई थी, जिसकी सोशल मीडिया पर खूब चर्चा हुई थी।



गाय को घास खिलाते पीएम नरेंद्र मोदी

## क्विक न्यूज

### मप्र : मंत्रिपरिषद ने मुख्यमंत्री आवास पर बैठक कर विधानसभा सत्र की तैयारियों पर की चर्चा

भोपाल। मध्य प्रदेश मंत्रिपरिषद की शनिवार शाम यहां मुख्यमंत्री आवास पर बैठक हुई, जिसमे मंगलवार से शुरू होने वाले विधानसभा के मॉनसून सत्र की तैयारियों पर चर्चा की गई। बैठक के दौरान सदस्य रात्रिभोज के लिए अपने घरों से टिफिन लेकर आए थे। रात्रि भोजन से पहले मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता मे मंत्रिपरिषद ने सत्र की तैयारियों पर चर्चा की। एक अधिकारी ने बताया कि मुख्यमंत्री ने अपने मंत्रिपरिषद के सहयोगियों से कहा कि वे इस सत्र के दौरान सदस्यों के सवालों का जवाब देने के लिए अच्छी तरह से तैयारी करें। यह मौजूदा विधानसभा का आखिरी सत्र होगा, क्योंकि इस साल नवंबर मे चुनाव प्रस्तावित है। इस बैठक के बाद मंत्रिपरिषद के सदस्यों ने अपने-अपने घरों से लाए गए भोजन से एकसाथ रात्रिभोज किया। बैठक से पहले गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा ने ट्वीट कर कहा कि भारतीय संस्कृति में मिल-बांटकर खाना खाने की पुरानी परंपरा है। मिश्रा ने कहा, घर से टिफिन लाने और एकसाथ खाने से आपसी समन्वय और सहयोग की भावना आती है। मै मुख्यमंत्री आवास पर आयोजित टिफिन बैठक मे मुख्यमंत्री एवं अन्य कैबिनेट सहयोगियों के साथ भोजन साझा करने के अवसर को लेकर उत्साहित हूं।

### एसजीपीसी की बैठक में समान नागरिक संहिता का विरोध किया गया

अमृतसर। शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (एसजीपीसी) ने शनिवार को समान नागरिक संहिता (यूसीसी) का विरोध करते हुए आरोप लगाया कि इससे देश मे अल्पसंख्यक समुदायों की विशिष्ट पहचान को नुकसान पहुंचेगा। एसजीपीसी अध्यक्ष हरजिंदर सिंह धामी की अध्यक्षता मे शीर्ष गुरुद्वारा निकाय की यहां हुई कार्यकारी समिति की बैठक मे सदस्यो ने कहा कि देश मे यूसीसी की कोई आवश्यकता नही है क्योंकि संविधान विविधता में एकता के सिद्धांत को मान्यता देता है। धामी ने बैठक के बाद संवाददाताओं से कहा, समान नागरिक संहिता को लेकर देश मे अल्पसंख्यकों के बीच एक आशंका है कि इससे उनकी विशिष्ट पहचान और धार्मिक सिद्धांतो को नुकसान पहुंचेगा। एसजीपीसी ने यूसीसी को लेकर सिख बुद्धिजीवियों, इतिहासकारों, विद्वानों और वकीलों की एक उप-समिति का गठन किया है और प्रारंभिक समीक्षा के बाद, इसने समान नागरिक संहिता को अस्वीकार कर दिया है। इस उप-समिति मे एसजीपीसी महासचिव गुरचरण सिंह ग्रेवाल, वरिष्ठ वकील पूरन सिंह हुंदल, एसजीपीसी सदस्य भगवंत सिंह सियालका, परमजीत कौर और किरणजोत कौर, प्रोफेसर कश्मीर सिंह, डॉ. इंद्रजीत सिंह गोगोआनी, डॉ. परमवीर सिंह और डॉ. चमकौर सिंह शामिल है।

### खाना नहीं देने पर एक होटल के प्रबंधक एवं कर्मियों के साथ की गई मारपीट

गुरुग्राम, आठ जुलाई (भाषा) भोजन परोसने से इनकार करने पर नशे की हालत मे तीन व्यक्तियों ने एक होटल के प्रबंधक और कर्मियों के साथ कथित रूप से मारपीट की। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी।उसने बताया कि आरोपियों-- राममेहर , कालू और श्रीपाल खटाना ने होटल में तोड़फोड़ भी की। ए तीनो सहजवास गांव के रहने वाले है।भोंडसी मे व्हाइट रॉक होटल के फ्रंट ऑफिस प्रबंधक राजदीप ने शिकायत दर्ज कराई है कि शुक्रवार को तड़के करीब चार बजे यह घटना घटी।उन्होंने आरोप लगाया, दो महिलाओं समेत पांच लोग कार से होटल पहुंचे। तीन पुरूष गाड़ी से बाहर आए और वे खाने का ऑर्डर देने लगे। मैने उनसे कहा कि इस वक्त खाना नही है और वे यहां से चले जाएं क्योंकि वे नशे की हालत में थे। उन्होंने शिकायत में कहा कि उसके बाद आरोपी नाराज हो गए और झगड़ने लगे। उन्होंने कहा कि शोर सुनकर अन्य कर्मी बाहर आए और उन्होंने रोकने का प्रयास किया। प्राथमिकी के अनुसार जब अन्य कर्मी वहां आए तब भी आरोपी नही रुके और वे लड़ने लगे तथा उन्होंने होटल में तोड़फोड़ की। तब तीन कर्मियो ने आरोपियों को पकड़ लिया एवं पुलिस को सूचना दी।पुलिस के अनुसार थाने मे भादंसं की संबंधित धाराओ मे मामला दर्ज किया गया है तथा तीनों को गिरफ्तार किया गया है।

### इफ्को किसान को देगा ड्रोन सुविधा

नई दिल्ली। इफ्को ने प्रधानमंत्री के सहकार से समृद्धि के ध्येय से प्रेरित होकर अपने क्रांतिकारी उत्पादों नैनो यूरिया और नैनो डीएपी के आसान उपयोग हेतु स्प्रे समाधान के रूप में 2500 इफ्को किसान ड्रोन खरीदने के लिए एक भव्य राष्ट्रव्यापी अभियान शुरू किया है। इससे 5000 ग्रामीण उद्यमियों का विकास होगा, जिनकी पहचान इफ्को द्वारा ड्रोन छिड़काव हेतु प्रशिक्षित करने के लिए की गई है। अनुमान है कि एक ड्रोन बैकअप के साथ प्रति दिन 20 एकड़ क्षेत्र में इफ्को नैनो उर्वरक, जल विलेय उर्वरक, सागरिका जैसे जैव उत्तेजक, कृषिरसायन आदि का छिड़काव करने में सक्षम होगा। इफ्को नैनो उर्वरकों और संबंधित उपयोगिताओं के साथ ड्रोन को किसानों के खेत तक ले जाने के लिए एल-5 श्रेणी के 2500 इलेक्ट्रिक थ्री व्हीलर लोडर भी खरीदेगा। ये थ्री व्हीलर इलेक्ट्रिक वाहन पर्यावरण हितैषी हैं। यह रासायनिक उर्वरकों का उपयोग कम करने और योजना के तहत राज्यों को अधिक सक्षम बनाकर पीएम प्रणाम योजना का भी समर्थन करेगा। रसायन एवं उर्वरक मंत्री डॉ मनसुख मांडविया के मार्गदर्शन में इफ्को ने इन स्मार्ट उच्च तकनीकी समाधानों के माध्यम से किसानों के खेतों तक नैनो यूरिया और नैनो डीएपी उपलब्ध कराने की पहल की है।

### कावड़ यात्रा के मद्देनजर सुरक्षा के लिए व्यापक इंतजाम

गाजियाबाद (उप्र)। गाजियाबाद पुलिस ने श्रावण के पवित्र महीने मे कांवड़ यात्रा के मद्देनजर श्रद्धालुओं की निगरानी और किसी भी अप्रिय घटना से बचने के लिए व्यापक इंतजाम किए हैं। एक वरिष्ठ अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि पुलिस हरिद्वार से अपने क्षेत्रों के मंदिरों मे भगवान शिव को चढ़ाने के लिए पवित्र गंगाजल लाने के बाद श्रद्धालुओं के सीमावर्ती राज्यों- राजस्थान, हरियाणा और दिल्ली की ओर लौटते समय किसी भी अप्रिय घटना से बचने के लिए कड़ी निगरानी रखेगी। उन्होंने कहा कि पूरे जिले को 12 जोन, 26 सेक्टर, 105 उप-सेक्टर और 581 ड्यूटी प्वाइंट मे बांटा गया है। अधिकारी ने कहा कि थानो पर तैनात पुलिसकर्मियों के अलावा, 53 निरीक्षक, 574 उप निरीक्षक, 1339 मुख्य आरक्षी और पीएसी (प्रांतीय सशस्त्र कांस्टेबल) की एक कंपनी, विशेष सुरक्षा बल (एसएसएफ) के 144 आरक्षी तैनात किए गए हैं।

### राष्ट्रपति करेंगी सोमवार को विजिटर सम्मेलन का उद्घाटन, प्रदान करेंगी पुरस्कार

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू सोमवार को यहां राष्ट्रपति भवन में दो दिवसीय विजिटर सम्मेलन का उद्घाटन करेंगी। शनिवार को एक आधिकारिक बयान जारी कर यह जानकारी दी ग
बयान के अनुसार वह उसी दिन नवोन्मेष , शोध और प्रौद्योगिकी विकास श्रेणियों में 2021 के विजिटर पुरस्कार भी प्रदान करेंगी। राष्ट्रपति 162 केंद्रीय उच्च शिक्षण संस्थानों की विजिटर है।बयान में कहा गया है, राष्ट्रपति भवन 10 और 11 जुलाई, 2023 को विजिटर सम्मेलन की मेजबानी करेगा। सोमवार को इस सम्मेलन के प्रारंभ होने से पहले राष्ट्रपति 2021 के विजिटर पुरस्कार प्रदान करेंगी।नवोन्मेष के लिए विजिटर पुरस्कार केंद्रीय दक्षिण बिहार विश्वविद्यालय के भौतिकी एवं रसायन शास्त्र विभाग के प्रो. वेंकटेश सिंह को, शोध के लिए विजिटर पुरस्कार हैदराबाद विश्वविद्यालय के भौतिकी विभाग के प्रोफेसर सुरजीत धारा तथा सागर के हरिसिंह गौर विश्वविद्यालय के प्रो. मोहम्मद लतीफ खान को चुना गया है।प्रौद्योगिकी विकास श्रेणी में विजिटर पुरस्कार के लिए हैदराबाद विश्वविद्यालय के भौतिकी विभाग के प्रोफेसर केसी जेम्स राजू को चुना गया है।सम्मेलन का विषय टिकाऊ विकास के लिए शिक्षा: बेहतर भविष्य का निर्माण है।

# महाराष्ट्र में पद के लिए पाला बदल रहे नेता: चंद्रशेखर राव

**भाषा** । हैदराबाद

*तेलंगाना के* मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव ने शनिवार को कहा कि पद हासिल करना समकालीन राजनीति का एक महत्वपूर्ण पहलू बन गया है और देश की जनता देख रही है कि कैसे पद की खातिर महाराष्ट्र में नेता एक पार्टी से दूसरी पार्टी में जा रहे हैं। भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के अध्यक्ष राव ने महाराष्ट्र में पिछले सप्ताह से जारी सियासी उठापटक की ओर इशारा करते हुए यह बात कही, जहां राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के नेता अजित पवार ने कुछ विधायकों के साथ मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना-भाजपा गठबंधन सरकार का दामन थाम लिया। अजित पवार ने राज्य के उपमुख्यमंत्री पद की शपथ ली है। राव ने यहां बीआरएस में शामिल होने वाले महाराष्ट्र के नेताओं के एक समूह को संबोधित करते हुए कहा कि युवाओं को देश में गुणात्मक परिवर्तनै लाने के बारे में सोचना चाहिए। बीआरएस की एक विज्ञप्ति में राव के हवाले से कहा गया है कि देश पानी जैसे प्रचुर प्राकृतिक संसाधनों से संपन्न है, फिर भी आजादी के 75 साल बाद भी केंद्र की सत्ता पर काबिज लोग इन बहुमूल्य संसाधनों का समुचित उपयोग क्यों नहीं कर पाए? मुख्यमंत्री ने कहा कि इस बारे में सोचने की जरूरत है। उन्होंने सवाल किया कि जो विकास सुनिश्चित नहीं करते वैसे लोगों को चुनकर हम कब तक पानी और बिजली जैसी बुनियादी सुविधाओं से वंचित होते रहेंगे।

### मैंने सुना है कि महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री को इस्तीफा देने के लिए कहा गया है : आदित्य ठाकरे

**मुंबई।** शिवसेना (यूबीटी) नेता आदित्य ठाकरे ने शनिवार को कहा कि उन्होने सुना है कि महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे को इस्तीफा देने के लिए कहा गया है। ठाकरे ने कहा कि उनकी पार्टी को तोड़ने वाले बागियों को अब अपनी असली कीमत समझ आ गई है। ठाकरे ने कहा कि अजित पवार सहित राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के नौ विधायकों को लगभग एक सप्ताह पहले दो जुलाई को राज्य सरकार में शामिल किए जाने के बावजूद विभागों का आवंटन नही किया गया है। ठाकरे ने राकांपा गुट के सरकार में शामिल होने के स्पष्ट संदर्भ मे दावा किया, मैंने सुना है कि मुख्यमंत्री को इस्तीफा देने के लिए कहा गया है। चीजें बदल गई है। उन्होंने शिंदे के नेतृत्व मे शिवसेना के उन 40 बागी विधायकों का जिक्र करते हुए कहा, असली गद्दारों को अब अपनी असली कीमत पता चल गई है। शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना ने कहा है कि राकांपा के राज्य सरकार में शामिल होने के बावजूद वह (एकनाथ शिंदे) मुख्यमंत्री बने रहेंगे।

### अजित पवार के शिंदे सरकार में शामिल होने के बाद अब विकास का त्रिशूल तैयार हो गया है: फडणवीस

**गढ़चिरौली।** महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस ने शनिवार को कहा कि राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) नेता अजित पवार के एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली सरकार मे उपमुख्यमंत्री के रूप मे शामिल होने से सरकार अब विकास का त्रिशूल बन गई है, जिससे राज्य से गरीबी और पिछड़ेपन को दूर किया जाएगा। फडणवीस ने राज्य के गढ़चिरौली जिले में शासन आपल्या दारी कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा, पिछले एक साल से मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और मै साथ मिलकर काम कर रहे हैं। लेकिन अजित पवार के सरकार में शामिल होने से अब विकास का त्रिशूल तैयार हो गया है, जो राज्य से गरीबी और पिछड़ापन दूर करेगा। उन्होंने कहा, यह त्रिशूल भगवान शिव की तीसरी आंख की तरह है जो आम आदमी के खिलाफ काम करने वालो को भस्म कर देगा। अजित पवार ने पिछले सप्ताह उपमुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी, जबकि उनकी राकांपा के आठ विधायकों को शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना-भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार में मंत्री के रूप में शामिल किया गया था। शासन आपल्या दारी (सरकार आपके द्वार) पहल के बारे मे बात करते हुए, फडणवीस ने कहा कि इस पहल को सरकारी योजनाओं को आम लोगों के दरवाजे तक ले जाने के उद्देश्य से शुरू किया गया है। उन्होंने कहा कि गढ़चिरौली के दूरदराज के इलाकों के लगभग 6.70 लाख लाभार्थियों को ट्रैक्टर, साइकिल, गोदाम, जाति प्रमाण पत्र और अन्य चीजों के रूप में विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ मिला है। सरकार द्वारा किए गए विभिन्न विकास कार्यों के बारे में उन्होंने कहा कि गढ़चिरौली में इस्पात उद्योग मे लगभग 20,000 करोड़ रुपए का निवेश लाया जा रहा है। उन्होंने कहा, राज्य सरकार गढ़चिरौली को स्टील सिटी बनाने पर काम कर रही है, जिससे स्थानीय निवासियों को रोजगार के बड़े अवसर मिलेंगे।

# पर्यटन विभाग ने अमरनाथ श्रद्धालुओं के लिए विशेष जम्मू दर्शन सेवा शुरू की

**भाषा** । जम्मू

**पर्यटन विभाग** ने शनिवार को यात्री निवास में रहने वाले अमरनाथ यात्रियों के लिए जम्मू दर्शन से एक विशेष बस सेवा की शुरुआत की। आधिकारिक प्रवक्ता ने यह जानकारी दी। प्रवक्ता ने बताया कि आने वाले तीर्थयात्रियों और अन्य पर्यटकों के बीच जम्मू के पर्यटन स्थलों की यात्रा को बढ़ावा देने के लिए यह विशेष प्रयास किया गया है। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर सड़क परिवहन निगम की चार बसों से श्रद्धालुओं को भगवती नगर स्थित यात्री निवास से जम्मू शहर के पर्यटक स्थलों तक ले जाया गया। प्रवक्ता ने बताया कि आंध्र प्रदेश, दिल्ली, गुजरात और महाराष्ट्र के श्रद्धालुओं ने दिन भर की यात्रा का आनंद लिया। जम्मू के संभावित पर्यटन स्थलों को लोकप्रिय बनाने के लिए इन श्रद्धालुओं को यात्रा कराई गई और इन श्रद्धालुओं ने पर्यटन विभाग के इस कदम की सराहना की। जम्मू के पर्यटन निदेशक विवेकानंद राय ने इस बस सेवा को हरी झंडी दिखाई। उन्होंने कहा कि यह तीर्थयात्रियों के लाभ के लिए एक नियमित सुविधा होगी, खासकर यात्रा के निलंबन के दौरान, ताकि वे दिन के दौरान जम्मू शहर और इसके आसपास के स्थानों का आनंद ले सकें। जम्मू पर्यटन की संयुक्त निदेशक सुनैना शर्मा मेहता ने कहा कि बस सेवा अखनूर, झीरी, सुचेतगढ़, पुरमंडल, मानसर और सुरिंसर जैसे स्थानीय स्थलों को पर्यटन स्थल के रूप में बढ़ावा देने में मदद करेगी।



हरियाणा में खेत में किसानों के बीच कांग्रेस नेता राहुल गांधी

## सुनक से पूछताछ को लेकर कांग्रेस का प्रधानमंत्री मोदी पर निशाना, कहा- लोकतंत्र की जननी में ऐसा संभव नही

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक से की गई ब्रिटिश संसदीय समिति की पूछताछ की ओर इशारा करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर निशाना साधा और कहा कि ऐसा स्वघोषित लोकतंत्र की जननी मे संभव नही है। रमेश ने प्रधानमंत्री मोदी पर आरोप लगाया कि उन्होंने चीन और मणिपुर समेत राष्ट्रीय महत्व के मुद्दो पर कोई बात नही की। रमेश ने ट्वीट किया, यह ब्रिटिश मानकों के हिसाब से भी काफी अविश्वसनीय है। निश्चित रूप से स्व-घोषित लोकतंत्र की जननी मे ऐसी पूछताछ असंभव है जहां राष्ट्रीय महत्व के मुद्दो पर प्रधानमंत्री चुप्पी साधे हुए है। ब्रिटिश संसदीय समिति ने संसद सत्र के दौरान राष्ट्रीय स्वास्थ्य सेवा कार्यबल योजना की घोषणा नही करने के लिए सुनक से पूछताछ की, जिसका वीडियो साझा करते हुए रमेश ने लिखा, और कुछ प्रधानमंत्री चीन व मणिपुर जैसे मुद्दो पर कभी नही बोलेंगे।

## क्या प्रधानमंत्री कहेंगे कि भाजपा उस दल से समझौता नहीं करेगी जिसे वह वंशवादी मानते हैं: कांग्रेस

**भाषा** । नई दिल्ली

**कांग्रेस ने** शनिवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को चुनौती दी कि वह ऐसी किसी भी पार्टी के साथ गठबंधन न करे जिसे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पार्टी वंशवादी मानते हैं। कांग्रेस प्रवक्ता पवन खेड़ा ने सवाल किया कि प्रधानमंत्री मोदी द्वारा वंशवाद की राजनीति पर अक्सर हमला करने के बावजूद भाजपा परिवार संचालित पार्टियों के नेताओं के साथ गठबंधन क्यों कर रही है और राजनीतिक परिवारों के नेताओं को पार्टी में क्यों शामिल कर रही है। खेड़ा ने संगठन के भीतर धोखाधड़ी करने वाले तत्वों के खिलाफ कार्वाई नहीं करने के लिए भाजपा पर हमला किया, जो अपने ही लोगों को धोखा देने या फर्जी तरीके से अपने शीर्ष नेताओं के करीबी सहयोगियों के रूप में काम करते पाए गए थे। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री को राजनीति में परिवारों, वंशवाद के बारे में बात करना बंद कर देना चाहिए क्योंकि उनकी पार्टी, उनका मंत्रिमंडल राजनीतिक परिवारों से आने वाले लोगों से भरा हुआ है। खेड़ा ने संवाददाताओं से कहा, प्रधानमंत्री को अगले लोकसभा चुनाव से पहले स्पष्ट रूप से बता देना चाहिए कि भाजपा ऐसी किसी भी पार्टी के साथ चुनाव से पहले या चुनाव के बाद कोई गठबंधन नहीं करेगी, जो प्रधानमंत्री के अनुसार परिवार संचालित पार्टी है। उन्हें यह बताने का साहस करना चाहिए। खेड़ा ने यह भी दावा किया कि कई राज्यों में पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गए कुछ जालसाज भारतीय जनता पार्टी (भाजपा)- राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) से जुड़े हुए हैं और सवाल किया कि सत्तारूढ़ पार्टी के शीर्ष नेतृत्व या एजेंसियों ने उनके खिलाफ कड़ी कार्वाई क्यों नहीं की।

### हिप्र प्रत्एक ग्रामीण परिवार को पानी उपलब्ध कराने वाला भारत का पहला पहाड़ी राज्य बना : सुक्खू

**शिमला।** मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने शनिवार को कहा कि जल जीवन मिशन के तहत निर्धारित समय से पहले शत-प्रतिशत लक्ष्य हासिल कर हिमाचल प्रदेश प्रत्एक ग्रामीण घर को पानी उपलब्ध कराने वाला देश का पहला पहाड़ी राज्य बन गया है। सुक्खू ने कहा कि कठिन भौगोलिक परिस्थितियों के बावजूद अब राज्य के कुल 17.08 लाख ग्रामीण परिवारों को नल का पानी उपलब्ध करा दिया गया है। जल जीवन मिशन, जिसका लक्ष्य प्रत्एक ग्रामीण घर मे नल कनेक्शन की 100 प्रतिशत पहुंच प्रदान करना है। जल जीवन मिशन की घोषणा 15 अगस्त, 2019 को की गई थी। इस मिशन के तहत 2024 तक हर घर मे घरेलू नल कनेक्शन उपलब्ध कराने का लक्ष्य रखा गया था। हिमाचल प्रदेश ने समय से पहले यह लक्ष्य हासिल कर पेयजल के क्षेत्र मे एक और उपलब्धि हासिल की है। उन्होंने कहा कि राज्य ने देश के शीर्ष नौ राज्यो मे अपना स्थान बनाया है। मुख्यमंत्री कार्यालय की ओर से जारी बयान के मुताबिक, जल जीवन मिशन के तहत प्रत्एक व्यक्ति को प्रतिदिन 55 लीटर स्वच्छ पेयजल नल कनेक्शन के माध्यम से उपलब्ध कराने का प्रावधान किया गया है।

# अमरनाथ यात्रा: खराब मौसम के कारण हजारों तीर्थयात्री फंसे

- यात्रा दूसरे दिन भी स्थगित

**भाषा** । जम्मू/श्रीनगर

**बारिश और** भूस्खलन के कारण अमरनाथ यात्रा लगातार दूसरे दिन शनिवार को भी स्थगित रही। इससे जम्मू समेत यात्रा के विभिन्न स्थानों पर हजारों तीर्थयात्री फंस गए। केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने तीर्थयात्रियों को आश्वस्त किया कि वरिष्ठ अधिकारी स्थिति पर नजर रखे हुए हैं और उन्होंने श्रद्धालुओं से अनुरोध किया कि वे घबराएं नहीं व समय-समय पर अधिकारियों द्वारा जारी निर्देशों का पालन करें। प्रधानमंत्री कार्यालय में केंद्रीय राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह ने ट्वीट किया, मैंने व्यक्तिगत रूप से उत्तरी कमान के सैन्य कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल (उपेंद्र) द्विवेदी और अमरनाथ श्राइन बोर्ड के सीईओ (मुख्य कार्यकारी अधिकारी) डॉ. मंदीप भंडारी से बात की है। दोनों वरिष्ठ अधिकारी स्वयं स्थिति पर नजर रखे हुए हैं। जम्मू-कश्मीर के बड़े हिस्से में बृहस्पतिवार रात से भारी बारिश हो रही है, जबकि महागुन टॉप और अमरनाथ गुफा मंदिर के आसपास के इलाकों सहित कई ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी हुई है। कुछ स्थानों पर जुलाई में 24 घंटों की अवधि में रिकॉर्ड बारिश दर्ज की गई। एक अधिकारी ने कहा, खराब मौसम के कारण यात्रा पहलगाम और बालटाल दोनों मार्गों से दूसरे दिन भी निलंबित रही।एक पुलिस अधिकारी ने पीटीआई-भाषा से कहा, घाटी में यात्रा स्थगित होने और खराब मौसम के मद्देनजर आज सुबह भगवती नगर आधार शिविर से यात्रियों के किसी भी नए जत्थे को (जाने की) अनुमति नहीं दी गई। जम्मू के संभागीय आयुक्त रमेश कुमार ने कहा कि जम्मू क्षेत्र में लगभग 15,000 तीर्थयात्री फंसे हुए हैं और उन्होंने पांच जिलों के उपायुक्तों को आवास क्षमता बढ़ाने और आपातकालीन संचालन केंद्रों (ईओसी) को सक्रिय करने का निर्देश दिया है। जम्मू और रामबन जिलों में लगभग 6000-6000 लोगों, सांबा में 1200, कठुआ में 1100 और उधमपुर जिलों में 600 लोगों को यात्री निवास में ठहराया गया है। मौसम विभाग ने कहा कि रविवार को जम्मू-कश्मीर के अधिकांश इलाकों में रुक-रुक कर हल्की से मध्यम बारिश जारी रहने की संभावना है, लेकिन जम्मू संभाग के कुछ स्थानों पर भारी से अति भारी बारिश की संभावना है। मौसम विभाग ने मॉनसूनी हवाओं और पश्चिमी विक्षोभ के कारण 10 से 14 जुलाई तक बादल छाए रहने की संभावना जताई है, शाम या सुबह के समय कुछ स्थानों पर रुक-रुक कर गरज के साथ बारिश होगी। एक प्रवक्ता ने कहा कि यात्रा के लिए पंजीकरण और टोकन का वितरण रविवार को दूसरे दिन भी निलंबित रहेगा। जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने कहा कि यात्रियों की सुरक्षा अत्यंत महत्वपूर्ण है और सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त हैं।

## राजस्थान के कई हिस्सों में मूसलाधार बारिश, वर्षाजनित घटनाओं में चार लोगों की मौत



**भाषा। जयपुर।** राजस्थान मे पिछले 24 घंटो मे कुछ जगहो पर मूसलाधार बारिश हुई और आकाशीय बिजली भी गिरी है। वही, राज्य में वर्षाजनित घटनाओं में चार लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि चित्तौड़गढ़ जिले मे बिजली गिरने से दो लोगो की मौत हो गई जबकि सवाईमाधोपुर मे दो अलग-अलग हादसों में पानी में डूबने से दो युवकों की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि चित्तौड़गढ़ में बिजली गिरने से लोठियाना ग्राम पंचायत के समेलिया मजरा गांव में हीरालाल भील और नंगावली ग्राम पंचायत के पालखेड़ी गांव मे केसर बाई की मौत हो गई। उसने बताया कि सवाईमाधोपुर मे शनिवार को गंगापुर सिटी मे रेलवे अंडर पास के नीचे भरे पानी में डूबने से सलेमपुर गांव निवासी ब्रह्म गुर्जर की मौत हो गई। वही, शुक्रवार की शाम इसरदा बांध मे नहाने गए रामप्रकाश गुर्जर की डूबने से मौत हो गई। मौसम विभाग के आंकड़ो के अनुसार, शनिवार को सुबह 8.30 बजे से शाम 5.30 बजे तक पाली मे एरनपुरा रोड पर सबसे अधिक 94 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई। इसके बाद जैसलमेर में 79.5 मिमी, अलवर में 73.6 मिमी और जोधपुर के फलोदी मे 46.8 मिमी और कई क्षेत्रों में 46 मिमी से नीचे बारिश हुई।

### प्रकृति के करीब होंगे उत्पाद

**मुंबई।** सोमानी सेरेमिक्स लिमिटेड ने अपनी टाईल्स के लक्ज़री समर कलेक्शन का लॉन्च किया। नए कलेक्शन का लॉन्च सोमानी में टाईल्स बिज़नेस के सीईओ अमित सहाय की मौजूदगी में हुआ। यह नया कलेक्शन सेरेमिक टाईल्स लखनऊ में वैभव और भव्यता के नए मानक स्थापित करेगा। अपने विचार व्यक्त करते हुए कि अभिषेक सोमानी मैनेजिंग डायरेक्टर सोमानी सेरेमिक्स लिमिटेड ने कहा कि प्रमुख भारतीय ब्राण्ड होने के नाते सोमानी आधुनिक एवं एक्स्ट्राऑर्डिनरी कलेक्शन की डिज़ाइनिंग में अग्रणी रहा है। हम न सिर्फ अपनी क्षमता को लगातार बढ़ा रहे हैं, बल्कि उच्च गुणवत्ता के प्रोडक्ट्स के साथ उपभोक्ताओं की पसंद एवं बदलती ज़रूरतों को पूरा करने के लिए भी निरंतर प्रयासरत हैं। मार्केट में हो रहे बदलावों को अपनाते हुए हम हर साल अपने प्रोडक्ट पोर्टफोलियो का विस्तार करते हैं। ये नए प्रोडक्ट्स प्राकृतिक दिखने वाली टाईल्स हैं। जिन्हें वुडन मार्बल एवं स्टोन टेक्सचर्स में वाइब्रेन्ट कलर्स और साइज़ेज़ के साथ पेश किया गया है। किफ ायती दामों पर उपलब्ध इन टाईल्स को लगाना और इनका रखरखाव करना बेहद आसान है।

पायनियर
नई दिल्ली, रविवार, 9 जुलाई, 2023



# मैकेंजी व अथानाजे वेस्टइंडीज टीम में

## भारत के खिलाफ पहले टेस्ट मैच में खेलेंगे

**भाषा।** रोसीयू (डोमिनिका)



**वेस्टइंडीज ने** भारत के खिलाफ 12 जुलाई से यहां शुरू होने वाले पहले टेस्ट मैच के लिए बाएं हाथ के बल्लेबाज किर्क मैकेंजी और एलिक अथानाजे के रूप में नए चेहरों को अपनी टीम में शामिल किया है जबकि ऑलराउंडर रहकीम कॉर्नवाल ने टीम में वापसी की है।च य न समिति ने दो मैचों की श्रृंखला के पहले मैच के लिए शुक्रवार को 13 सदस्ईय टीम का चयन किया। इसके अलावा दो रिजर्व खिलाड़ियों को भी चुना गया है।मैकेंजी और अथानाजे ने एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं और उन्हें टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण का मौका मिल सकता है। कॉर्नवाल ने अपना अंतिम टेस्ट मैच नवंबर 2021 में खेला था। उनके अलावा बाएं हाथ के स्पिनर जोमेल वारिकन को भी टीम में लिया गया है। वारिकन जिंबाब्वे का दौरा करने वाली टीम का हिस्सा थे लेकिन वह फरवरी में दक्षिण अफ्रीका का दौरा करने वाली टीम में शामिल नहीं थे। उन्होंने अब तक 13 टेस्ट मैच खेले हैं। बाएं हाथ के स्पिनर गुडाकेश मोती चयन के लिए उपलब्ध नहीं थे क्योंकि वह चोट से उबर रहे हैं।चयन समिति के अध्यक्ष डेसमंड हेंस ने कहा, मैकेंजी और अथानाजे ने वेस्टइंडीज ए टीम के बांग्लादेश के हालिया दौरे में बल्लेबाजी में जिस तरह का रवैया अपनाया उससे हम काफी प्रभावित थे। इन दोनों युवा खिलाड़ियों ने अच्छे रन बनाए और अपनी बल्लेबाजी में परिपक्वता दिखाई और हमारा मानना है कि वह मौका पाने के हकदार हैं। उन्होंने कहा, हमें मोती के बिना खेलना होगा जो चोट से उबर रहे हैं। इससे स्पिन विभाग में वारिकन और कॉर्नवाल को मौका मिला है। वह दोनों पूर्व में टेस्ट मैच खेल चुके हैं और अपनी भूमिका निभाने में सक्षम हैं। हेंस ने कहा, हमने कायल मायर्स के नाम पर भी विचार किया लेकिन उनके कुछ कमजोर पक्ष हैं और उन्हें अभी पांच दिवसीय मैच में उतारना हमने उचित नहीं समझा। इस श्रृंखला से भारत और वेस्टइंडीज दोनों ही विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के अपने नए चक्र की शुरुआत भी करेंगे।

वेस्टइंडीज की टीम इस प्रकार है: क्रैग ब्रैथवेट (कप्तान), जर्मेन ब्लैकवुड (उप कप्तान), एलिक अथानाज़े, तेगनारायण चंद्रपॉल, रहकीम कॉर्नवाल, जोशुआ दा सिल्वा, शैनन गेब्रियल, जेसन होल्डर, अल्ज़ारी जोसेफ, किर्क मैकेंज़ी, रेमन रीफ़र, केमर रोच, जोमेल वारिकन। रिजर्व : टेविन इमलाच, अकीम जॉर्डन।

# एशेज पर बारिश का साया

**लीड्स।** इंग्लैंड की तीसरे टेस्ट के तीसरे दिन आस्ट्रेलिया के जल्दी विकेट चटकाने की उम्मीद बारिश ने तोड़ दी जिसके कारण चाय के सत्र तक एक भी गेंद नहीं फेंकी जा सकी। आस्ट्रेलियाई टीम को तीसरे दिन चार विकेट पर 116 रन से आगे खेलना शुरु करना था। ट्रेविस हेड बीती शाम 18 और मिशेल मार्श 17 रन बनाकर खेल रहे थे। दोनों सत्र में एक भी गेंद नहीं फेंके जा सकी। इससे लंच और चाय का सत्र स्थानीय समयानुसार जल्दी ले लिया गया। आस्ट्रेलियाई टीम पांच मैचों की श्रृंखला में 2-0 से बढ़त बनाए है। इंग्लैंड को अगर श्रृंखला में बने रहना है तो उसे इस मैच में जीत दर्ज करनी होगी। आस्ट्रेलिया के पहली पारी में 263 रन के जवाब में इंग्लैंड की टीम 237 रन पर सिमट गई थी। इससे आस्ट्रेलिया को पहली पारी के आधार पर 26 रन की बढ़त मिली और अभी तक उसने 142 रन की बढ़त बनाई हुई है।

## गुरबाज और जदरान की रिकॉर्ड साझेदारी से अफगानिस्तान की बांग्लादेश पर बड़ी जीत

**चटगांव।** सलामी बल्लेबाज रहमानुल्लाह गुरबाज (145) और इब्राहिम जदरान (100) की शतकीय पारियों और दोनों के बीच रिकॉर्ड 256 रन की साझेदारी के दम पर अफगानिस्तान ने तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला के दूसरे मैच में शनिवार को यहां बांग्लादेश को 142 रन से शिकस्त देकर 2-0 की अजेय बढ़त बना ली। अफगानिस्तान ने नौ विकेट पर 331 रन का बड़ा स्कोर खड़ा करने के बाद बांग्लादेश की पारी को 43.2 ओवर में 189 रन पर समेट दिया। रनों के लिहाज से यह अफगानिस्तान की तीसरी सबसे बड़ी जीत है।नियमित कप्तान तमीम इकबाल के अचानक संन्यास (अब संन्यास वापस ले लिया) लेने के कारण लिटन दास की अगुवाई में बांग्लादेश ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया ।

## मुश्ताक अली ट्रॉफी में प्रति ओवर दो बाउंसर की अनुमति

**मुंबई।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने टी20 प्रारूप मे बल्ले और गेंद के बीच संतुलन बनाए रखने के लिए सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी मे एक ओवर मे दो बाउंसर करने की अनुमति दे दी है। बीसीसीआई ने शनिवार को यह घोषणा की। यह फैसला शुक्रवार को बीसीसीआई की शीर्ष परिषद की बैठक मे लिया गया।बीसीसीआई ने बयान मे कहा, बल्ले और गेंद के बीच संतुलन बनाए रखने के लिए बीसीसीआई ने आगामी सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी मे प्रति ओवर मे दो बाउंसर की अनुमति देने का फैसला किया है। अभी तक कोई भी गेंदबाज प्रति ओवर एक बाउंसर ही कर सकता था। सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी 16 अक्टूबर से शुरू होगी जिसमें इंडियन प्रीमियर लीग की तरह इंपैक्ट प्लेयर का नियम भी लागू होगा।बोर्ड ने इसके साथ ही देशभर के स्टेडियमो का नवीनीकरण करने का भी फैसला किया है क्योंकि उनमे आम सुविधाओं की कमी है।

## निजी कारणों से एमएलसी से हटे अंबाती रायुडु

**नई दिल्ली।** भारत के पूर्व बल्लेबाज अंबाती रायुडु निजी कारणो से अमेरिका के क्रिकेट टूर्नामेंट मेजर लीग क्रिकेट (एमएलसी) से हट गए है।रायुडु ने जून मे इंडियन प्रीमियर लीग से संन्यास लेने के बाद चेन्नई सुपर किंग्स की फ्रेंचाइजी टैक्सास सुपर किंग्स के साथ अनुबंध किया था। उनका यह फैसला ऐसे समय मे आया है जबकि भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) भारतीय खिलाड़ियों के पूर्व निर्धारित संन्यास को रोकने के लिए कूलिंग ऑफ पीरियड की व्यवस्था करने पर विचार कर रहा है। भारत के सक्रिय खिलाड़ी विदेशी लीग मे नही खेल सकते है लेकिन सन्यास लेने के बाद वे इनमें खेल सकते है। टैक्सास सुपर किंग्स ने बयान में कहा, अंबाती रायुडु निजी कारणों से टैक्सास सुपर किंग्स की तरफ से एमएलसी के पहले सत्र में भाग लेने के लिए उपलब्ध नही रहेंगे।

## पाक प्रधानमंत्री ने विश्वकप में राष्ट्रीय टीम की भागीदारी पर फैसला करने के लिए समिति गठित की

**कराची।** पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ ने इस साल के आखिर मे भारत मे होने वाले एकदिवसीय विश्वकप मे राष्ट्रीय टीम की भागीदारी पर फैसला करने के लिए विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो की अध्यक्षता मे एक उच्च स्तरीय समिति गठित की है। समिति शरीफ को अपनी सिफारिशें सौपने से पहले भारत और पाकिस्तान के रिश्तो के सभी पहलुओ, खेल और राजनीति को अलग रखने की सरकार की नीति तथा खिलाड़ियों, अधिकारियो, प्रशंसकों और मीडिया के लिए भारत में स्थिति पर चर्चा करेगी।प्रधानमंत्री पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के संरक्षक भी है।अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) और भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) पहले ही विश्व कप का कार्यक्रम घोषित कर चुके है तथा उन्हे उम्मीद है कि पाकिस्तान पांच अक्टूबर से शुरू होने वाली प्रतियोगिता के लिए भारत का दौरा करेगा। पीसीबी ने हालांकि उन्हे बताया है कि दोनों देशो के बीच तनावपूर्ण संबंध होने के कारण इस प्रमुख प्रतियोगिता मे उनकी राष्ट्रीय टीम की भागीदारी सरकार की मंजूरी पर निर्भर करेगी।

## मै अपनी बल्लेबाजी की आक्रमक शैली में बदलाव नहीं करना चाहता हूं: साव

**बेंगलुरु** अपने करियर की शानदार शुरुआत के बाद पृथ्वी साव अब भारतीय टीम में जगह बनना की दौड़ मे काफी पिछड़ गए है लेकिन मुंबई के इस युवा खिलाड़ी ने शनिवार को कहा कि वह राष्ट्रीय टीम मे अपनी जगह वापस हासिल करने के लिए अपने स्वाभाविक आक्रामक खेल पर भरोसा करना जारी रखेंगे।साव ने भारत के लिए अपना पिछला मैच जुलाई 2021 मे कोलंबो में श्रीलंका के खिलाफ टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले मे खेला था। साव ने मध्य क्षेत्र और पश्चिम क्षेत्र के बीच खेले गए दलीप ट्रॉफी के मैच के बाद कहा, व्यक्तिगत तौर पर मै ऐसा नही मानता हूं कि मुझे अपने खेल मे बदलाव करने की जरूरत है। हां , मै अपने खेल मे समझदारी के साथ सुधार कर सकता हूं। मै (चेतेश्वर) पुजारा सर की तरह बल्लेबाजी नही कर सकता या पुजारा सर मेरी तरह बल्लेबाजी नही कर सकते। पश्चिम क्षेत्र के इस सलामी बल्लेबाज ने कहा, मै उसी चीज को करने की कोशिश कर रहा हूं जिसकी मदद से यहां तक पहुंचा हूं। उदाहरण के तौर पर मेरी आक्रामक बल्लेबाजी। मै इस मे बदलाव नही करना चाहता हूं। साव ने कहा कि वह अपने करियर के इस चरण मे अधिक से अधिक मैच खेलना चाह रहे है।इस 23 वर्षीय खिलाड़ी ने कहा कि भारतीय टीम में वापसी की कोशिश के तहत उनके लिए हर रन बहुत महत्वपूर्ण होगा।

## गलोनाटो शॉटगन विश्व कप में विश्व चैम्पियनशिप की तैयारियों को पुख्ता करना चाहेंगे भारतीय निशानेबाज

**नई दिल्ली।** भारत के स्कीट निशानेबाज 10 जुलाई से इटली के लोनाटो मे शुरू होने वाले आईएसएसएफ शॉटगन विश्व कप मे खिताब जीतने के साथ आगामी विश्व चैम्पियनशिप के लिए अपनी तैयारियो को पुख्ता करना चाहेंगे। भारत की छह सदस्ईय स्कीट शूटिंग टीम मे पुरुष वर्ग मे ओलंपियन मेराज अहमद खान, अनंतजीत सिंह नरूका और गुरजोत खांगुरा शामिल है, जबकि महिला वर्ग मे गनेमत सेखो, दर्शना राठौड़ और महेश्वरी चौहान निशाना साधेंगी।इनमें से अनंतजीत, गुरजोत, गनेमत और दर्शना इस साल अगस्त में बाकू(अजरबैजान) मे होने वाले विश्व चैम्पियनशिप मे देश का प्रतिनिधित्व करेंगे और उनके लिए यह अभ्यास का अच्छा मंच होगा। विश्व चैम्पियनशिप से प्रत्एक स्पर्धा मे पेरिस ओलंपिक 2024 के लिए चार कोटा स्थान उपलब्ध है। ए चारों निशानेबाज 23 सितंबर से आठ अक्टूबर तक होने वाले हांगझोउ एशियाई खेलों की टीम का भी हिस्सा है। पिछले साल विश्व चैपियनशिप में भवनीश मेंदीरत्ता के चौथे स्थान पर रहने के बाद ट्रैप निशानेबाजो ने पेरिस के लिए कोटा का खाता खोल लिया है।

## बेल्जियम की महान टेनिस खिलाड़ी जस्टिन हेनिन आईटीएफ का सर्वोच्च पुरस्कार

**लंदन।** अंतरराष्ट्रीय टेनिस महासंघ (आईटीएफ) ने जस्टिन हेनिन को अपने सर्वोच्च पुरस्कार फिलिप चैटरियर अवार्ड से नवाजा। यह पुरस्कार आईटीएफ के पूर्व अध्यक्ष के नाम पर शुरु किया गया जो कोर्ट के अंदर और बाहर खेल मे शानदार योगदान के लिए दिया जाता है। हेनिन ने सात ग्रैंडस्लैम एकल खिताब जीते है, इसके अलावा उनके नाम ओलंपिक स्वर्ण पदक भी है। वह बेल्जियम की उस टीम का हिस्सा थी जिसने 2001 मे फेड कप जीता था जिसे अब बिली जीन किंग कप कहा जाता है।

## प्रणवी सिंगापुर लेडीज गोल्फ में संयुक्त 24वें स्थान पर रहीं

**सिंगापुर।** प्रणवी उर्स शनिवार को यहां 100,000 डॉलर पुरस्कार राशि के ट्रस्ट सिंगापुर लेडीज मास्टर्स प्रो टूर्नामेंट में संयुक्त 24वे स्थान से भारतीय गोल्फरो में शीर्ष पर रही। प्रणवी ने अंतिम दौर मे 71 का कार्ड खेला जिससे तीन दिन में उनका स्कोर दो ओवर 218 का रहा। कट मे जगह बनाने वाले अन्य भारतीय महिला गोल्फरों मे एमेच्योर अवनी प्रशांत संयुक्त 41वे स्थान पर रही। सहर अटवाल कट से चूक गई। स्थानीय एमेच्योर शैनन टैन ने प्रतियोगिता जीती।

## शेख तलाल एशिया ओलंपिक परिषद के अध्यक्ष बने

**बैंकाक।** शेख तलाल फहद अल सबाह एशियाई ओलंपिक परिषद (ओसीए) के अध्यक्ष के रूप मे अपने निलंबित भाई की जगह लेंगे। शेख तलाल ने शनिवार को चार वोट से ओसीए अध्यक्ष पद का चुनाव जीत लिया। उनके पिता शेख फहद अल अहमद अल जबर अल सबाह 1980 के दशक की शुरुआत मे संगठन के पहले अध्यक्ष थे। उनके भाई शेख अहमद अल फहद अल सबाह ने 1991 से 2021 तक 45 देशो के ओसीए के अध्यक्ष रहे थे। लेकिन जिनीवा मे जालसाजी के लिए दोषी ठहराए जाने के बाद उन्हे ओसीए से निलंबित कर दिया गया था।

## गंडास डेनमार्क में कट में जगह बनाने से चूके

**फ्रोर्सो (डेनमार्क)।** भारतीय खिलाड़ी मनु गंडास लगातार दूसरे दौर में दो ओवर 72 का कार्ड खेलने के बाद डीपी वर्ल्ड टूर के मेड इन हिम्मरलैंड गोल्फ टूर्नामेंट के कट में जगह बनाने से चूक गए। डीपी वर्ल्ड टूर पर इस सत्र मे 15 टूर्नामेंटो मे भाग ले चुके गंडास 10वी बार कट मे जगह बनाने से चूके। उन्हे पिछले सत्र मे पीजीटीआई (भारतीय पेशेवर गोल्फ टूर) की तालिका मे शीर्ष स्थान हासिल करने के बाद डीपी वर्ल्ड टूर मे खेलने टिकट मिला था। गंडास ने चार बोगी और दो बर्डी की।

## अदिति ने यूएस महिला ओपन के कट में जगह बनाई

**पेबल बीच।** भारतीय गोल्फर अदिति अशोक ने दूसरे दौर मे एक होल मे चार बोगी (क्वाड्रपल बोगी) की लेकिन इसके बावजूद वह यूएस महिला ओपन गोल्फ टूर्नामेंट के कट मे जगह बनाने में सफल रही। अदिति ने दिन की शुरुआत संयुक्त 39वे स्थान से की लेकिन आखिर मे वह संयुक्त 42वे स्थान पर खिसक गई। पहले दो दौर के बाद उनका स्कोर चार ओवर है। उन्होंने पहले दो दौर मे 74 - 74 के समान स्कोर बनाए।अदिति अच्छी तरह से आगे बढ़ रही थी लेकिन आठवे होल मे वह चार बोगी कर बैठी जिससे उनका स्कोर चार ओवर हो गया।

## अर्जुन अटवाल जॉन डीरे क्लासिक में कट से चूके

**सिल्विस।** भारतीय गोल्फर अर्जुन अटवाल अंतिम नौ होल मे अच्छा प्रदर्शन नही कर पाए और यहां दूसरे दौर मे छह ओवर 77 का निराशाजनक कार्ड खेलकर पीजीए टूर की प्रतियोगिता जॉन डीरे क्लासिक में कट से चूक गए। पीजीए टूर और पीजीए टूर चैंपियंस (वरिष्ठ खिलाड़ियो के लिए) दोनो मे भाग ले रहे अटवाल ने पहले दौर में इवन पार 71 का स्कोर बनाया था लेकिन दूसरे दौर मे अंतिम नौ होल मे उन्होंने दो डबल बोगी और दो बोगी की जिससे उनका कट में जगह बनाना मुश्किल हो गया था।

# महिला टीम को नए नए चेहरों से अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद

## बांग्लादेश से तीन मैचों की टी20 श्रृंखला आज से



**भाषा।** मीरपुर

**भारतीय म**हिला क्रिकेट टीम रविवार से यहां बांग्लादेश के खिलाफ शुरु होने वाली तीन मैचों की टी20 श्रृंखला में नए चेहरों से मौकों का फायदा उठाने की उम्मीद करेगी और साथ ही चाहेगी कि फिनिशर भी अपने खेल में निखार करें। हरमनप्रीत कौर की अगुआई वाली टीम का यह चार महीनों में पहला अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट है। इस टी20 श्रृंखला के बाद 16 जुलाई से तीन वनडे मैचों की सीरीज खेली जाएगी। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारतीय महिला टीम अंतिम बार मैदान पर दक्षिण अफ्रीका में हुए टी20 विश्व कप में दिखी थी जिसमें उसे नॉकआउट चरण में आस्ट्रेलिया से करीबी हार मिली थी। एक तरफ जहां पुरुष क्रिकेटर व्यस्त कार्यक्रम की वजह से लगातार दौरों पर रहते हैं, वहीं भारतीय महिला टीम की सदस्यों को अपने खेल पर सुधार करने के लिए काफी समय मिला। हालांकि भारतीय खिलाड़ियों के लिए अंतिम प्रतिस्पर्धी टूर्नामेंट मार्च में आयोजित शुरुआती महिला प्रीमियर लीग थी। भारतीय महिला टीम हालांकि पूरी सुविधाओं के बावजूद अपने खेल को अगले स्तर तक ले जाने में नाकाम रही है। टीम को कई पहलुओं में सुधार करना होगा जिसमें फिटनेस, गेंदबाजी और फिनिशर (सूत्रधार) की कमी शामिल है। ए सब चीजें खेल के छोटे प्रारूप के लिए निहायती जरूरी हैं। पिछले 12 महीनों में टीम के लिए शानदार प्रदर्शन करने वाली खिलाड़ी तेज गेंदबाज रेणुका ठाकुर और विकेटकीपर रिचा घोष रही हैं जो क्रमश: चोट और फिटनेस मुददों के कारण इस टीम का हिस्सा नहीं हैं। इनकी अनुपस्थिति से नए चेहरों को प्रभावित करने का मौका मिलेगा। रिचा की गैर मौजूदगी से अनुभवी दीप्ति शर्मा से फिनिशर की भूमिका निभाने की उम्मीद होगी। वहीं पूजा वस्त्राकर और अमनजोत को भी पारी के अंत में तेजी से रन जुटाकर योगदान करना होगा। यास्तिका भाटिया और अनकैप्ड (जिसने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मैच नहीं खेले हों) उमा छेत्री टीम में दो विकेटकीपिंग विकल्प हैं।

# बारिश के बीच माइया व क्वितोवा चमके



## अलकराज व मेदवेदेव चौथे दौर में पहुंचे

## बारिश से विम्बलडन में खेल प्रभावित

**भाषा।** विम्बलडन





**शीर्ष वरीयता** प्राप्त कार्लोस अलकाराज और तीसरी वरीयता प्राप्त दानिल मेदवेदेव शनिवार को यहां बारिश से प्रभावित विम्बलडन के पुरुष वर्ग के तीसरे दौर के मुकाबले में जीत दर्ज करने में सफल रहे। बारिश के कारण विम्बलडन के छठे दिन का खेल प्रभावित हुआ जहां शुरुआती मुकाबलों में कुछ का ही परिणाम आ पाया। ऑल इंग्लैंड क्लब में केवल सेंटर कोर्ट और कोर्ट नंबर एक पर छत की सुविधा है जहां बारिश के दौरान भी मुकाबले हो सकते है। स्पेन के अलकाराज ने सेंटर कोर्ट पर 25वीं वरीयता प्राप्त खिलाड़ी निकोल्स जैरी को 6-3 6-7 6-3 7-5 जबकि रूस के मेदवेदेव ने कोर्ट नंबर एक पर मार्टन फुस्कोविक्स के खिलाफ पहले सेट में पिछड़ने के बाद 4-6 6-3 6-4 6-4 शिकस्त दी। घासियाले कोर्ट पर खेले जाने वाले इस ग्रैंडस्लैम में ब्राजील की बीट्रिज हद्दाद माइया ने दिन में बारिश शुरू होने से पहले तीसरे दौर के मुकाबले को जीत लिया। इस साल फ्रेंच ओपन के सेमीफाइनल में पहुंचने वाली इस खिलाड़ी ने महिला एकल मुकाबले में सोराना क्रिस्टिया को 6-2, 6-2 से हराया। दो बार की विम्बलडन चैंपियन पेट्रा क्वितोवा पहला सेट अपने नाम करने के बाद बारिश के कारण खेल रोके जाते समय दूसरे सेट में पिछड़ रही थी। वह नतालिया स्टवानोविक के खिलाफ 6-3, 4-5 से आगे थी। खेल दोबारा शुरू होने पर उन्होंने हालांकि कुछ ही मिनटों में मैच को 6-3, 7-5 से अपने नाम कर लिया।

## बोपन्ना-एबडेन की जीत से शुरुआत

**विबलडन।** भारत के रोहन बोपन्ना और ऑस्ट्रेलिया के उनके पुरुष युगल जोड़ीदार मैथ्यू एबडेन ने यहां अर्जेंटीना के गुइलेर्मो डुरान और टॉमस एचेवेरी की जोड़ी को एक संघर्षपूर्ण मैच मे हराकर विबलडन टेनिस टूर्नामेंट के दूसरे दौर मे प्रवेश किया।भारत और ऑस्ट्रेलिया की छठी वरीयता प्राप्त जोड़ी ने पहले दौर के मैच मे अर्जेंटीना की जोड़ी को 6-2, 6-7 (5-7), 7-6 (10-8) से हराया। यह मैच दो घंटे 12 मिनट तक चला।इस साल की शुरुआत मे एटीपी टूर पर दो युगल खिताब जीतने वाले 43 वर्षीय बोपन्ना और 35 वर्षीय एबडेन का अगला मुकाबला रविवार को जैक्ब फर्नले और योहानस मंडे की गैर वरीय ब्रिटिश जोड़ी से होगा।बोपन्ना और एबडेन ने फरवरी मे कतर ओपन का खिताब जीता जबकि मार्च मे भारतीय खिलाड़ी अमेरिका मे इंडियन वेल्स मे मास्टर्स सीरीज टूर्नामेंट (एटीपी1000) जीतने वाला सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बना था। बोपन्ना ने तब कनाडा के डेनियल नेस्टर का रिकॉर्ड तोड़ा था, जिन्होंने 2015 मे 42 साल की उम्र मे सिनसिनाटी मास्टर्स का खिताब जीता था।

# सिंधू व सेन कनाडा ओपन के सेमीफाइनल में





**भाषा।** कैलगरी

**राष्ट्रमंडल खेलों** के चैंपियन पीवी सिंधू और लक्ष्य सेन ने विपरीत अंदाज में जीत दर्ज करके यहां कनाडा ओपन सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। ओलंपिक में दो पदक जीतने वाली सिंधू ने शुक्रवार की रात को खेले गए महिला एकल के क्वार्टर फाइनल में फैंग जी को आसानी से 21-13 21-7 से हराया। यह इस खिलाड़ी के खिलाफ उनकी चार मुकाबलों में पहली जीत है। सेन ने पुरुष एकल क्वार्टर फाइनल में जर्मन क्वालीफायर जूलियन कैराग्गी को 21-8, 17-21, 21-10 से हराया। सिंधू का मुकाबला अब दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी जापान की यामागुची से जबकि सेन का जापान के ही चौथी वरीयता प्राप्त केंटा निशिमोतो से होगा। पीवी सिंधू का जापान की शीर्ष वरीयता प्राप्त खिलाड़ी के खिलाफ रिकॉर्ड 14-10 है। इन दोनों के बीच पिछला मुकाबला पिछले साल सिंगापुर ओपन में खेला गया था जिसमें जापानी खिलाड़ी ने जीत दर्ज की थी। दूसरी तरफ सेन का निशिमोतो के खिलाफ रिकॉर्ड।-। से बराबर है।सिंधू ने फैंग जी के खिलाफ अच्छी शुरुआत की और 5-। से बढ़त हासिल कर ली।

## भारतीय टीम क्वार्टरफाइनल में, लेकिन मलेशिया से हारी

**नई दिल्ली।** भारतीय टीम ने शनिवार को यहां इंडोनेशिया के योग्याकार्ता मे हांगकांग पर 5-0 की जीत से बैडमिंटन एशिया जूनियर चैम्पियनशिप के क्वार्टरफाइनल मे प्रवेश किया जिसके बाद उसे मलेशिया से हार मिली। हांगकांग के खिलाफ समरवीर और राधिका की मिश्रित युगल जोड़ी ने डेंग और लियू को 21-10 21-14 से पराजित किया। एकल मे भी यही लय जारी रही जिसमे आयुश शेट्टी और तारा शाह ने अपने प्रतिद्वंद्वियों पर विपरीत अंदाज मे जीत दर्ज की। आयुश ने लाम का टो को 21-14 21-9 से हराया जबकि तारा ने लियांग का विंग पर 21-23 21-16 21-13 से जीत हासिल की। लड़को के युगल मे निकोलस और तुषार की जोड़ी ने चुंग और युंग को 21-16 21-17 से पराजित किया जिसके बाद श्रीनिधि और राधिका ने लियांग और लियू को 21-12 21-19 से शिकस्त दी। टीम को इसके बाद मलेशिया से 0-5 से हार का सामना करना पड़ा।

# दक्षिण क्षेत्र व पश्चिम क्षेत्र में होगा फाइनल

## दलीप ट्राफी : उत्तर क्षेत्र की हार

**भाषा।** बेंगलुरु



**तमिलनाडु** के आर साई किशोर ने शनिवार को यहां बारिश से बाधित दलीप ट्राफी सेमीफाइनल के अंतिम रोमांचक दिन शानदार हरफनमौला प्रदर्शन किया जिससे दक्षिण क्षेत्र ने उत्तर क्षेत्र को दो विकेट से पराजित कर दिया। फाइनल में दक्षिण क्षेत्र का सामना गत चैम्पियन पश्चिम क्षेत्र से होगा जिससे यह 2022 खिताबी भिड़ंत का दोहराव होगा। आसमान बादलों से भरा था, 215 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए दक्षिण क्षेत्र ने मयंक अग्रवाल की 54 और कप्तान हनुमा विहारी की 43 रन की पारी से इसके करीब पहुंचने की ओर कदम बढ़ाए। लेकिन हर्षित राणा (84 रन देकर तीन विकेट), बलतेज सिंह (47 रन देकर दो विकेट) और वैभव अरोड़ा (46 रन देकर दो विकेट) ने अपनी टीम को समय पर विकेट दिलाकर दबाव बनाया जबकि उत्तर के कप्तान जयंत यादव ने मयंक अग्रवाल का महत्वपूर्ण विकेट हासिल किया। बारिश के कारण दो बार खेल में खलल डली। इसमें से एक बार तो खेल करीब दो घंटे तक रूका रहा जो अंतिम सत्र से पहले था। दक्षिण क्षेत्र को तब जीत के लिए 32 रन की दरकार थी। रिकी भुई (34 रन) और तिलक वर्मा (25 रन) अच्छी बल्लेबाजी कर रहे थे। पांच विकेट बचे थे लेकिन उन्हें जीत तक पहुंचने से पहले कुछ मुश्किल क्षणों का सामना करना पड़ा। राणा और बलतेज के दोहरे झटकों से दक्षिण क्षेत्र का स्कोर आठ विकेट पर 213 रन हो गया था, टीम ने महज 22 रन के अंदर चार विकेट गंवा दिए।साई किशोर ने नाबाद 15 रन बनाकर फिनिशर की भूमिका निभाई। दबाव में खेली गई उनकी इस पारी में दो छक्के जड़े थे। दक्षिण क्षेत्र ने दिन की शुरुआत में बिना विकेट गंवाए 21 रन से आगे खेलना शुरू किया था। वहीं पश्चिम क्षेत्र ने मध्य क्षेत्र के खिलाफ शनिवार को यहां ड्रा छूटे सेमीफाइनल मैच में पहली पारी की बढ़त के आधार पर दलीप ट्रॉफी क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश किया।

## मै अपनी बल्लेबाजी की आक्रमक शैली में बदलाव नहीं करना चाहता हूं: साव

**बेंगलुरु** अपने करियर की शानदार शुरुआत के बाद पृथ्वी साव अब भारतीय टीम में जगह बनना की दौड़ मे काफी पिछड़ गए है लेकिन मुंबई के इस युवा खिलाड़ी ने शनिवार को कहा कि वह राष्ट्रीय टीम मे अपनी जगह वापस हासिल करने के लिए अपने स्वाभाविक आक्रामक खेल पर भरोसा करना जारी रखेंगे।साव ने भारत के लिए अपना पिछला मैच जुलाई 2021 मे कोलंबो में श्रीलंका के खिलाफ टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले मे खेला था। साव ने मध्य क्षेत्र और पश्चिम क्षेत्र के बीच खेले गए दलीप ट्रॉफी के मैच के बाद कहा, व्यक्तिगत तौर पर मै ऐसा नही मानता हूं कि मुझे अपने खेल मे बदलाव करने की जरूरत है।

## ओसीए ने एशियाई खेलों के लिए भारतीय कुश्ती टीम सौंपने की समयसीमा बढ़ाई

**नई दिल्ली।** एशियाई ओलंपिक परिषद (ओसीए) ने एशियाई खेलों के लिए भारतीय कुश्ती टीम के खिलाड़ियों के नाम सौंपने की समयसीमा शनिवार को एक हफ्ते के लिए बढ़ाकर 22 जुलाई कर दी। भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) ने एशियाई खेलों के आयोजकों को पहलवानों के नाम भेजने के लिए समयसीमा पांच अगस्त तक बढ़ाने का अनुरोध किया था। ओसीए ने 23 सितंबर से हांगझोउ में शुरु होने वाले सभी प्रतिभागी देशों के लिए खिलाड़ियों की प्रविष्टियां भेजने के लिए 15 जुलाई की तारीख तय की थी। आईओए की अध्यक्ष पीटी उषा, सीनियर उपाध्यक्ष अजय पटेल और संयुक्त सचिव कल्याण चौबे ने बैंकॉक में ओसीए की आमसभा में हिस्सा लिया था, जिसके बाद ओसीए ने असाधारण परिस्थितियों के अंतर्गत एक हफ्ते की समयसीमा बढ़ाई।

# गोला फेंक खिलाड़ी करणवीर डोप में विफल

## एशियाई चैंपियनशिप से बाहर

**भाषा।** नई दिल्ली



**गोला फेंक** खिलाड़ी करणवीर सिंह हाल ही में प्रतियोगिता से बाहर हुई डोप जांच में विफल रहे, जिसके बाद अगले सप्ताह बैंकॉक में होने वाली एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप की भारतीय टीम से उन्हें बाहर कर दिया गया। पटियाला में राष्ट्रीय खेल संस्थान (एनआईएस) में प्रशिक्षण लेने वाले करणवीर को इससे पहले 12-16 जुलाई तक होने वाली इस महाद्वीपीय चैंपियनशिप के लिए 54 सदस्ईय भारतीय टीम में नामित किया गया था। भारतीय टीम शनिवार रात थाईलैंड के लिए रवाना होगी। भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) के अध्यक्ष आदिल सुमरिवाला से जब करणवीर के डोप जांच में विफल होने के बारे में पूछा गया तो उन्होंने पीटीआई-भाषा से कहा, हां, यह सही है। इस डोप जांच सही तारीख और प्रतिबंधित पदार्थ के नाम की जानकारी नहीं दी गई है। इससे पहले भारतीय टीम के एक सूत्र ने कहा था कि करणवीर को नई दिल्ली और बेंगलुरु से थाईलैंड के लिए रवाना होने वाली टीम से बाहर किया जा सकता है।इस 25 साल के खिलाड़ी ने मई में फेडरेशन कप में 19.05 मीटर के साथ कांस्य पदक जीता था, जबकि जून में राष्ट्रीय अंतर-राज्य चैंपियनशिप में 19.78 मीटर के प्रयास के साथ वह एशियाई रिकॉर्ड धारक तजिंदरपाल सिंह तूर के बाद दूसरे स्थान पर थे। वह मौजूदा सत्र की सूची में एशियाई खिलाड़ियों में छठे स्थान पर हैं। करणवीर का व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 20.10 मीटर है, जो उन्होंने पिछले साल राष्ट्रीय ओपन चैंपियनशिप के दौरान हासिल किया था। तूर अब एशियाई चैंपियनशिप में पुरुषों की गोला फेंक स्पर्धा में अकेले भारतीय होंगे। भारतीय एथलेटिक्स टीम के मुख्य कोच राधाकृष्णन नायर ने कहा, उसके (तूर) पास स्वर्ण पदक जीतने का सुनहरा मौका है। तूर ने दोहा में चैंपियनशिप के 2019 सत्र में 20.22 मीटर के थ्रो के साथ स्वर्ण पदक जीता था। अब वह अनुभवी खिलाड़ी है और सत्र में एशिया के गोला फेंक खिलाड़ियों की सूची की तालिका में शीर्ष (21.77 मीटर) पर है।। तूर ने कहा, मेरा अभ्यास अपेक्षित स्तर पर रहा है। मुझे बैंकॉक में अपने प्रदर्शन में सुधार की उम्मीद है।

## मनिका बत्रा की संघर्षपूर्ण हार

**लजुब्लजाना (स्लोवेनिया)।** भारतीय टेबल टेनिस स्टार मनिका बत्रा यहां डब्ल्यूटीटी स्टार कंटेंडर लजुब्लजाना टूर्नामेंट के प्री क्वार्टर फाइनल में रोमानिया की बर्नाडेट सजोक्स के खिलाफ संघर्षपूर्ण मुकाबले में हार गईं। प्रतियोगिता में इससे पहले विश्व में 15वें नंबर की चेन आई-चिंग को हराने वाली मनिका अंतिम 16 के मुकाबले में विश्व में 17वें नंबर की अपनी प्रतिद्वंद्वी से 4-11, 11-9, 7-11, 11-9, 8-11 से हार गई। मनिका अभी विश्व रैंकिंग में 36वें स्थान पर काबिज हैं लेकिन यहां प्री क्वार्टर फाइनल में पहुंचने पर उनकी रैंकिंग में सुधार होने की संभावना है।



# ग्रैंड शतरंज टूर: गुकेश ने आनंद को हराया



**जाग्रेब।** युवा भारतीय ग्रैंडमास्टर डी गुकेश ने सुपरयूनाइटेड रैपिड एवं ब्लिट्ज टूर्नामेंट के रैपिड वर्ग के आठवें दौर में अपने आदर्श खिलाड़ी विश्वनाथन आनंद को हराया। यह प्रतियोगिता ग्रैंड शतरंज टूर का हिस्सा है। शुक्रवार को खेले गए मुकाबले में 17 वर्षीय गुकेश ने 40 चाल में जीत दर्ज की। यह पहला अवसर है जबकि उन्होंने आनंद को हराया। असल में यह उनका पांच बार के विश्व चैंपियन के खिलाफ पहला मुकाबला था। इन दोनों भारतीय खिलाड़ियों के समान 10 अंक हैं और वे संयुक्त चौथे स्थान पर हैं।गुकेश ने बाद में कहा, यह बेहद महत्वपूर्ण जीत थी। मैं बहुत खुश हूं। मुझे लगा कि मैं बेहतर स्थिति में हूं लेकिन वह जल्द ही मुकाबले को बराबरी पर ले आए। इसके बाद स्थिति रोचक बन गई थी।

## अदिति स्वामी बनी अंडर-18 कम्पाउंड विश्व चैम्पियन

**लिमेरिक (आयरलैंड)।** उभरती हुई तीरंदाज अदिति स्वामी शनिवार को यहां अमेरिका की लिएन ड्रेक को हराकर अंडर-18 महिला विश्व चैम्पियन बनीं। पिछले महीने विश्व कप में अंडर-18 कम्पाउंड महिला क्वालीफाइंग रिकॉर्ड बनाने वाली अदिति ने इसी लय को जारी रखते हुए यहां चल रही युवा विश्व चैम्पियनशिप के फाइनल में लिएन को 142-136 से पराजित किया।विश्व कप में सीनियर पदार्पण करते हुए अदिति ने पिछले महीने कोलंबिया में टीम कांस्य पदक जीता था।